

सूर्योदय प्रातः 6:20 | सूर्यास्त संध्या 5:04 | पखवाड़ा पौष कृ. सप्तमी, संवत 2082 | तापमान अधिकतम 23° न्यूनतम 08°

# फ्रीडम फाइटर

राष्ट्रहित सर्वोपरि

रांची, पटना व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित



रांची, गुरुवार, 11 दिसम्बर 2025, वर्ष : 16, अंक : 294, कुल पृष्ठ : 12, मूल्य : 2 रुपये, E-mail : freedomfighterranchi@gmail.com / epaper : https://epaper.avnpost.in/editions


### जल, जंगल और जमीन से जुड़ेगा विकास, किसान बनेंगे सशक्त

# किसानों की समृद्धि ही हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता : हेमन्त

**मुख्यमंत्री ने कहा**

- योजनाओं में पारदर्शिता ही झारखंड के किसानों की सशक्तता की कुंजी
- सरकार की प्राथमिकता...किसानों को फसलों के उचित दाम और समय पर मिले भुगतान
- किसान पाठशाला और वीडियो आधारित प्रशिक्षण से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मिलेगी नयी दिशा

- मुख्यमंत्री ने किसानों के लिए स्पेशल मोबाइल ऐप एवं कृषि पोर्टल विकसित करने के दिये निर्देश



झारखंड विधानसभा में सिद्धो-कान्हो कृषि एवं वनोपज राज्य सहकारी संघ लिमिटेड के निदेशक पर्षद की 'चतुर्थ बैठक' की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन।

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की अध्यक्षता में बुधवार को झारखंड विधानसभा में सिद्धो-कान्हो कृषि एवं वनोपज राज्य सहकारी संघ लिमिटेड (सिद्धकोफेड) के निदेशक मण्डल की चतुर्थ बैठक आयोजित हुई। बैठक में कृषि एवं वनोपज क्षेत्र के सुदृढ़ीकरण, किसानों की आय वृद्धि, स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहन देने तथा प्रशिक्षण एवं विपणन तंत्र को सशक्त बनाने से सम्बन्धित कई महत्त्वपूर्ण बिन्दुओं पर विस्तृत चर्चा की गयी और कई प्रस्तावों को स्वीकृति दी गयी। बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि झारखंड राज्य में कृषि एवं वनोपज क्षेत्र में अत्यधिक सम्भावनाएं हैं। किसानों को आधुनिक और तकनीकी रूप से सक्षम बनाने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है।

**फसलों का मूल्य समय पर मिले, किसानों का मनोबल बढ़े**

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि राज्य सरकार का मुख्य उद्देश्य किसानों को खेती के प्रत्येक चरण...उत्पादन, भंडारण, प्रसंस्करण से लेकर विपणन तक; पूर्ण सहयोग प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों को आधुनिक तकनीक, उन्नत बीज, सिंचाई की बेहतर सुविधा और बाजार तक उनकी पहुंच सुनिश्चित करने की दिशा में लगातार काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि किसानों को उनकी फसलों के उचित मूल्य का भुगतान समय पर मिलना चाहिए, ताकि उनका मनोबल बढ़े, वे आर्थिक रूप से सशक्त हों और आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ सकें। उन्होंने कहा कि खेती-किसानी राज्य की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, इसलिए किसानों की समृद्धि ही सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। ● शेष पृष्ठ 11 पर

# विधानसभा में झारखंड पर्यटन विकास और निबंधन (संशोधन) विधेयक-2025 पारित

- निजी विश्वविद्यालयों के चार पुराने विधेयक वापस

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र के चौथे दिन बुधवार को दोपहर की कार्यवाही महत्त्वपूर्ण रही। सदन ने चार निजी विश्वविद्यालयों से संबंधित पुराने विधेयक वापस लिये और बहुचर्चित झारखंड पर्यटन विकास और निबंधन (संशोधन) विधेयक-2025 को बहस के बाद पास कर दिया। सदन को बताया गया कि निजी विश्वविद्यालय स्थापना मापदंडों और प्रक्रियाओं में हुए व्यापक बदलाव की पृष्ठभूमि में यह फैसला लिया गया है।

राज्य सरकार की ओर से वापस लिये गये विधेयकों में दो अगस्त 2023 को विधानसभा की ओर से पारित सी. वी. रमण ग्लोबल विश्वविद्यालय विधेयक-2023 और आरोग्यम इंटरनेशनल विश्वविद्यालय विधेयक-2023 हैं। इसके अलावा 21 मार्च 2023 को पारित जैन विश्वविद्यालय विधेयक-2023 और 20 दिसंबर 2023 को पारित शाईन नेशनल विश्वविद्यालय विधेयक-2023 के नाम शामिल हैं।

वापस लिये गये इन सभी विधेयकों को सरकार अब नयी प्रक्रिया के अनुरूप फिर से तैयार करना चाहती है। विधानसभा अध्यक्ष रवीन्द्र नाथ महतो ने बताया कि 05 दिसम्बर से अबतक बारह निवेदन स्वीकृत हुए हैं, जिन्हें सम्बन्धित विभागों को भेजा जायेगा। इससे पहले बुधवार को विधानसभा की कार्यवाही दूसरी पाली में दोपहर 2:09 बजे जैसे शुरू हुई, पर्यटन संशोधन विधेयक पर चर्चा के ● शेष पृष्ठ 11 पर

## केन्द्रांश की राशि नहीं मिलने से अधूरी हैं नल-जल की कई योजनाएं : पेयजल मंत्री



**झारखंड** में नल-जल योजना का कार्य धन की कमी के कारण प्रभावित हो रहा है। केन्द्रांश की पर्याप्त राशि समय पर नहीं मिलने से कई जिलों में परियोजनाएं अधूरी पड़ी हैं। ये बातें राज्य के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री योगेन्द्र प्रसाद ने बुधवार को विधानसभा में प्रश्नों का उत्तर देते हुए कहीं। मंत्री ने कहा कि पूरे राज्य में इस योजना के तहत 97,535 परियोजनाएं चलायी जा रही हैं, जिनमें से 56,386 पूरी हो चुकी हैं। बाकी योजनाएं निर्माणाधीन हैं और संसाधनों की कमी के चलते उनके कार्यों में देरी हो रही है। विधानसभा के शीतकालीन सत्र में पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री योगेन्द्र ● शेष पृष्ठ 11 पर

**अबुआ आवास योजना**

### झारखंड सरकार लाभुकों को दो किस्तों में राशि देने पर करेगी विचार

**झारखंड** की हेमन्त सोरेन सरकार 'अबुआ आवास योजना' के तहत लाभुकों को दो किस्तों में राशि देने पर विचार कर रही है। यह जानकारी राज्य की ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने बुधवार को झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र में दी। मंत्री भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक शत्रुघ्न महतो के अल्पसूचित प्रश्न का जवाब दे रही थीं। विधानसभा में विधायक ने ● शेष पृष्ठ 11 पर

### विधायक ने सदन में उठाया डॉक्टर व कर्मचारियों की कमी का मामला

**तोरपा** के विधायक सुदीप गुड़िया ने झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र में अपने क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं तथा राजस्व विभाग में कर्मचारियों की भारी कमी का मुद्दा जोरदार तरीके से उठाया। शून्यकाल के दौरान उन्होंने कहा कि तोरपा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों एवं स्वास्थ्यकर्मियों की घोर कमी के कारण स्थानीय ग्रामीणों को समय पर उचित इलाज नहीं मिल पा रहा है, जिससे जन स्वास्थ्य गम्भीर रूप से प्रभावित हो रहा है।

## टाटा कमांड एरिया में सम्पत्ति की रजिस्ट्री बंद होने की शिकायत पर होगी कार्रवाई : मंत्री



**टाटा** कमांड एरिया में सम्पत्ति की रजिस्ट्री बंद होने की सामूहिक शिकायत मिलने पर सरकार जरूर कार्रवाई करेगी। यह मामला लीज से सम्बन्धित है। इसलिए जब तक विभाग को मामले को लेकर शिकायत नहीं मिलेगी, कार्रवाई करना सम्भव नहीं होगा। झारखंड के राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग के मंत्री दीपक बिरूवा ने शीताकालीन सत्र के दौरान बुधवार को ये बातें विधानसभा में कहीं। मंत्री ने जमशेदपुर पूर्वी की भाजपा विधायक पूर्णिमा साहु के तारांकित प्रश्न का जवाब देते हुए कहा कि इस सम्बन्ध में विभाग के पास कोई शिकायत नहीं मिली है। ● शेष पृष्ठ 11 पर

**शेयर बाजार**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 84,391.27 | -275.01 (-0.32%) |
| निफ्टी | 25,758.00 | -81.65 (-0.32%) |

**सर्राफा बाजार** (प्रति 10 ग्राम)

| | |
|---|---|
| सोना (24 carat) | 1,27,000.00 |
| चांदी | 2070.00 |

## दीपावली हुई और भी रोशन, यूनेस्को ने अमूर्त धरोहर किया घोषित

**एजेंसी**




**नयी दिल्ली** : प्रकाश के उत्सव दीपावली को यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की प्रतिनिधि सूची में शामिल कर लिया गया है। यह निर्णय बुधवार को यूनेस्को की अहम बैठक में लिया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस उपलब्धि पर सभी को बधाई देते हुए इस त्योहार को भारतीय सभ्यता की आत्मा बताया है। यूनेस्को का 20वां सत्र 08 दिसम्बर से 13 दिसम्बर तक दिल्ली के लालकिला में चल रहा है। इस बैठक के दौरान यूनेस्को की तरफ से दीपावली को यूनेस्को के त्योहारों की सूची में शामिल किये जाने की घोषणा की गयी है। यूनेस्को की तरफ से 'एक्स' पोस्ट साझा कर इसकी जानकारी दी गयी है। दीपावली को यूनेस्को की सूची में शामिल किये जाने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'एक्स' पोस्ट साझा कर इस त्योहार को भारतीय सभ्यता की आत्मा बताया। उन्होंने लिखा, 'दीपावली हमारी संस्कृति और लोकाचार से गहराई से जुड़ी है।

### पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर गिरफ्तार

**लखनऊ** : उत्तर प्रदेश के जनपद देवरिया के एक मामले की जांच कर रही एसआईटी ने पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर को सीतापुर के माहौली के पास से गिरफ्तार किया है। एसआईटी उन्हें देवरिया कोर्ट में पेश करेगी। पुलिस उपायुक्त विश्वजीत श्रीवास्तव ने बुधवार को एक बयान जारी कर बताया कि ताल कटोरा निवासी संजय शर्मा ने 12 सितम्बर को थाना ताल कटोरा में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर जब देवरिया में एसपी के पद पर तैनात थे, तब उनके और पत्नी के नाम पर पर कूटरचित दस्तावेज बनाकर अपने प्रभाव का दुप्रयोग कर एक औद्योगिक प्लॉट आवंटित करा लिया था।

## प्रत्येक नागरिक की गरिमा और अधिकारों पर कोई समझौता नहीं हो सकता : राष्ट्रपति

**एजेंसी**



**नयी दिल्ली** : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में कहा कि प्रत्येक नागरिक की गरिमा और अधिकारों पर कोई समझौता नहीं किया जा सकता। भारत की सांस्कृतिक परम्परा 'वसुधैव कुटुम्बकम' के सिद्धांत पर आधारित है, जो सार्वभौमिक मानवाधिकारों की भावना को मजबूत करती है। राजधानी दिल्ली में हुए इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति वी रामासुब्रमणियन, आयोग के सदस्य न्यायमूर्ति विद्युत रंजन सारंगी, विजया भारती सयानी, प्रधानमंत्री के प्रमुख सचिव पीके मिश्रा तथा संयुक्त राष्ट्र महासचिव की समन्वयक अरेती सिएनी सहित तमाम लोग मौजूद रहे। इस मौके पर राष्ट्रपति मूर्मू ने आयोग के हिन्दी जर्नल नयी दिशाएं और अंग्रेजी जर्नल जर्नल ऑफ द एनएचआरसी का वर्ष 2024- 25 का संस्करण जारी किया। ● शेष पृष्ठ 11 पर

**एक झलक**

### राष्ट्रपति आज व कल मणिपुर दौरे पर जायेंगी

**नयी दिल्ली** : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 11 और 12 दिसम्बर को मणिपुर के दो दिवसीय दौरे पर जायेंगी। राष्ट्रपति भवन के अनुसार, 11 दिसम्बर को इम्फाल पहुंचने पर राष्ट्रपति को गार्ड ऑफ ऑनर दिया जायेगा। इसके बाद वह ऐतिहासिक मपल कांगजेइबुंग में आयोजित पोलो प्रदर्शनी मैच का अवलोकन करेंगी। शाम को राज्य सरकार द्वारा उनके सम्मान में सिटी कन्वेंशन सेंटर, इम्फाल में आयोजित नागरिक अभिनन्दन समारोह में भी राष्ट्रपति शामिल होंगी। इस अवसर पर वह कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगी। अपने दौरे के दूसरे दिन 12 दिसम्बर को राष्ट्रपति मुर्मू नुपी लाल स्मारक परिसर जाकर मणिपुर की वीरांगनाओं को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगी। बाद में वह सेनापति जिले में एक जनसभा को सम्बोधित करेंगी, जहां वह जिले के लिए विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगी।

## वीर सावरकर अवॉर्ड स्वीकार करने से शशि थरूर ने किया इनकार



**कांग्रेस सांसद बोले : यह गैर-जिम्मेदाराना हरकत**

**नयी दिल्ली** : कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने वीर सावरकर अवार्ड को लेकर बुधवार को कहा कि उन्हें इस अवॉर्ड के बारे में पहले से कोई जानकारी नहीं थी और न ही उन्होंने इसे स्वीकार किया है। उन्होंने आयोजकों पर बिना अनुमति उनका नाम घोषित करने के लिए गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार करने का आरोप लगाया। थरूर ने 'एक्स' पोस्ट में कहा, 'मुझे मीडिया रिपोर्ट्स से पता चला कि मुझे वीर सावरकर अवॉर्ड के लिए चुना गया है, जो आज दिल्ली में दिया जाना था। मुझे इस घोषणा के बारे में कल केरल में पता चला, जहां मैं स्थानीय निकाय चुनाव के लिए वोट डालने गया था।' उन्होंने कहा कि तिरुवनंतपुरम में मीडिया से बात करते हुए साफ किया था कि न तो उन्हें ऐसे किसी अवॉर्ड की जानकारी है और न ही उन्होंने इसे स्वीकार किया है।

## सूरत में देशभर के 600 से अधिक शिक्षाविद होंगे एकत्रित

- आगामी 26 से 28 दिसम्बर को सूरत एनआईटी में आयोजित होगी राष्ट्रीय कार्यशाला

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली** : शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास द्वारा आयोजित राष्ट्रीय शैक्षिक कार्यशाला 26 से 28 दिसम्बर 2025 को सरदार वल्लभभाई पटेल राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (SVNIT), सूरत में सम्पन्न होगी। इस कार्यशाला में देशभर के शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के 40 से अधिक प्रांतों से 600 से अधिक कार्यकर्ता भाग लेंगे। वीर नर्मद दक्षिण गुजरात विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित यह कार्यशाला के एक दिन पूर्व 25 दिसम्बर को शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास की राष्ट्रीय संचालन समिति की बैठक आयोजित की जानी है, जिसमें न्यास के प्रमुख कार्यकर्ता सहभागिता करेंगे।

यह वार्षिक राष्ट्रीय शैक्षिक कार्यशाला न्यास के प्रमुख आयोजनों में से एक है। इसमें न्यास के 11 विषय, 03 आयाम एवं 03 कार्य विभागों से सम्बन्धित विभिन्न प्रांतों में हुए कार्यक्रमों, कार्यशालाओं और अभ्यास वर्गों का विस्तृत प्रतिवेदन प्रांत संयोजकों द्वारा प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, इन सभी विषयों से सम्बन्धित आगामी योजनाओं, कार्य विस्तार एवं नवाचार आधारित कार्यक्रमों पर चर्चा सत्र आयोजित किये जायेंगे।

## व्यक्ति व समाज ; दोनों को सशक्त बनाते हैं मानवाधिकार : सीपी राधाकृष्णन

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली** : मानवाधिकार दिवस पर बुधवार को राज्य सभा के सभापति सीपी राधाकृष्णन ने सदन में मानवाधिकारों की वैश्विक विरासत को याद करते हुए कहा कि वर्ष 1948 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा अपनायी गयी सार्वभौमिक मानवाधिकार घोषणा का यह 77वां वर्ष है। यह ऐतिहासिक दस्तावेज आज भी विश्वभर में गरिमा, स्वतंत्रता, समानता और न्याय का बुनियादी स्तम्भ बना हुआ है। इस वर्ष की वैश्विक थीम 'मानवाधिकारः हमारी रोजमर्रा की अनिवार्यताएं' का उल्लेख करते हुए सभापति ने कहा कि यह दिन तीन महत्त्वपूर्ण बातें याद दिलाती है, जिसमें मानवाधिकार को सकारात्मक, आवश्यक और सभी के लिए जरूरी किये जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि मानवाधिकार व्यक्ति और समाज दोनों को सशक्त बनाते हैं, नुकसान को रोकते हैं और समुदायों को बेहतर दिशा में ले जाते हैं। उन्होंने कहा कि देश सदैव सार्वभौमिक मानवाधिकार मूल्यों का दृढ़ समर्थक रहा है।

# अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 160 स्टेशनों का हुआ पुनर्विकास : अश्विनी

**एजेंसी**



**नयी दिल्ली** : सरकार ने बुधवार को लोकसभा को बताया कि अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत देशभर में 160 रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास कार्य पूरा हो चुका है। प्रश्नकाल के दौरान तेलंगाना के आदिलाबाद से भाजपा के सदस्य गोडम नागेश के रेलवे स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं से जुड़े प्रश्न पर रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि देश में सात हजार से अधिक रेलवे स्टेशन हैं, जिनका श्रेणीकरण फुटफॉल, ट्रेन आवागमन और व्यस्तता के आधार पर एनएसजी-1 से एनएसजी-6 तक किया जाता है।

उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर शुरू की गयी अमृत भारत स्टेशन योजना आज दुनिया का सबसे बड़ा स्टेशन पुनर्निर्माण कार्यक्रम है। इस योजना के तहत 1300 से अधिक स्टेशनों पर पुनर्निर्माण कार्य जारी है, जिनमें से 160 स्टेशन पूरी तरह विकसित किये जा चुके हैं।

रेल मंत्री ने कहा कि पहले केवल रंगाई-पुताई को ही स्टेशन विकास माना जाता था, लेकिन अब 50 वर्षों की भविष्य जरूरतों को ध्यान में रखते हुए व्यापक मास्टर प्लान तैयार किया जा रहा है। इसमें स्थानीय वास्तुकला का समावेशन, दोनों ओर से स्टेशन तक आसान पहुंच, आधुनिक फुटओवर ब्रिज, बड़े पैसेंजर हॉल, पार्किंग क्षेत्रों का विकास तथा स्टेशन एक्सेस को बेहतर बनाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि हाल ही में छठ और दीपावली के दौरान यात्रियों की भीड़ को सुव्यवस्थित करने के लिए नयी दिल्ली ● शेष पृष्ठ 11 पर

### पश्चिम बंगाल में 99 आरओबी और अंडरपास राज्य सरकार के सहयोग के अभाव में लम्बित : रेल मंत्री

**रेल** मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को कहा कि पश्चिम बंगाल में 99 रोड ओवरब्रिज (आरओबी) और अंडरपास राज्य सरकार के सहयोग के अभाव में लम्बित हैं। लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान पश्चिम बंगाल के मालदा दक्षिण से कांग्रेस सदस्य ईशा खान चौधरी के प्रश्न पर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि सांसद द्वारा उठाये गये एलसी-43 पर आरओबी सम्बन्धी मुद्दे पर तुरंत कार्रवाई की गयी है। सांसद के आग्रह पर एक विशेषज्ञ टीम को स्थल निरीक्षण के लिए भेजा गया था और टीम की रिपोर्ट के आधार पर आरओबी को मंजूरी दे दी गयी है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में आरओबी के एलाइनमेंट को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया चल रही है।

### चुनावी हार की खीज उतारने को चुनाव आयोग पर आरोप लगा रही कांग्रेस : रविशंकर प्रसाद



**बिहार** के पटना साहिब से लोकसभा सदस्य रविशंकर प्रसाद ने कहा कि कांग्रेस राज्य विधानसभा चुनाव में अपनी हार की खीज उतारने के लिए चुनाव आयोग पर आरोप लगा रही है। उन्होंने एसआईआर का समर्थन करते हुए कहा कि चुनाव आयोग के पास मतदाता सूची को शुद्धीकरण करने का पूरा अधिकार है। रविशंकर ने लोकसभा में चुनाव सुधार पर लगातार दूसरे दिन बुधवार को जारी चर्चा के दौरान कांग्रेस सदस्य केसी वेणुगोपाल के लोकसभा में दिए वक्तव्य पर आपत्ति जतायी। उन्होंने कहा कि उनके मामले में प्रतिवादी होने के कारण उन्हें अपनी बात सदन में रखने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने मांग की कि वेणुगोपाल के वक्तव्य को सदन की कार्यवाही से हटाया जाना चाहिए। उनके वक्तव्य के बाद पीठासीन अधिकारी ने कहा कि उनकी आपत्ति पर विचार किया जा रहा है।

**कार्टून कोना**



## एक झलक

### समाज सेवी संस्था गरीब समाजसेवी संघ की हुई बैठक

**भुरकुंडा** : समाज सेवी संस्था गरीब समाजसेवी संघ की बैठक बुधवार को मतकमा चौक के निकट राजनंदनी होटल में हुई। बैठक में सहमति से पुरानी कमिटी को भंग कर नई कमेटी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष मनोज राम, सचिव पप्पू सिंह, कोषाध्यक्ष उदय स्वर्णकार को बनाया गया। मौके पर संघ के सदस्यों ने नव निर्वाचित पदाधिकारियों को माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर बधाई दी ।अवसर पर मनोज राम ने कहा कि मुझे संघ द्वारा जो जिम्मेवारी मिली है उसे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निर्वहन करने का प्रयास करुंगा। संघ के लिए 24 घंटे उपलब्ध रहूंगा। वहीं निर्वाचित सचिव पप्पू सिंह ने कहा कि संघ को मजबूती से आगे बढ़ाना और गरीबों की निस्वार्थ भाव से सेवा करना मेरी पहली प्राथमिकता होगी। इस दौरान कहा गया कि गरीबों के सहायतार्थ जल्द ही संघ का एक प्रतिनिधिमंडल हजारीबाग सांसद और बड़कागांव विधायक से भी मिलेगा। मौके पर संरक्षक रमेश राम, अशोक चौहान, सलाहकार दिनकर कुमार सिंह, प्रदीप कुमार अग्रवाल, संगठन मंत्री अजय सोनी, पिंकी सागर एवं सक्रिय सदस्य संतोष कुमार सिंह उत्तरा देवी, सोहन साव, सुनील सोनी, श्रावणी विश्वास सहित अन्य उपस्थित थे।

### क्रशर में फायरिंग मामले की एसपी ने की जांच

**खूंटी** : जिले के पुलिस कप्तान मनीष टोप्पो ने बुधवार को डोडमा जाकर बाबा आमरेश्वर माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड में हुई फायरिंग के मामले की जांच की। मौके पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए पुलिस अधीक्षक ने कहा कि मंगलवार की रात लगभग होने 10.45 बजे एक बाइक पर सवार तीन अज्ञात अपराधकर्मियों ने क्रशर के पास दो गोलियां चलाई थी। पुलिस ने घटनास्थल से दो खोखे बरामद किए हैं। उन्होंने कहा कि अभी तक लेवी को लेकर किसी तरह का पर्चा नहीं मिला है। इसलिए स्पष्ट रूप से नहीं कहा जा सकता कि फायरिंग के पीछे अपराधियों की मंशा क्या थी। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। मौके पर तोरपा के पुलिस इंस्पेक्टर अशोक कुमार सिंह, थाना प्रभारी मुकेश कुमार हेंब्रम सहित अन्य मौजूद थे।

### विधायक ने सदन में उठाया खूंटी में जाम का मुद्दा

**खूंटी** : खूंटी विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामसूर्या मुंडा ने बुधवार को विधानसभा में जिले की सबसे गंभीर समस्या—मेन रोड पर बढ़ते जाम—का मुद्दा जोरदार तरीके से उठाया। उन्होंने कहा कि शहर में जाम की स्थिति लगातार बदतर होती जा रही है, जिसके कारण लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। साथ ही दुर्घटनाओं और जनहानि की घटनाएं भी बढ़ रही हैं। विधायक मुंडा ने सरकार से मांग की कि बाइपास निर्माण में समय लगेगा, इसलिए तत्काल राहत के लिए समाहरणालय से लेकर भगत सिंह चौक तक सड़क का चौड़ीकरण, मजबूतीकरण और डिवाइडर या सर्विस रोड का निर्माण अतिआवश्यक है। उन्होंने व्यवहार न्यायालय के सामने प्रस्तावित बस स्टैंड और नामकोम बस स्टैंड को जल्द चालू कराने की भी मांग की। विधायक ने कहा कि यदि दोनों बस स्टैंड शुरू हो जाएं, तो शहर के बीचों-बीच लगने वाली बसों की भीड़ कम होगी, जिससे जाम की समस्या में काफी कमी आएगी।

### अपर समाहर्ता ने की एसआईआर की समीक्षा, बीएलओ को दिये निर्देश

# किसी भी योग्य मतदाता का नाम सूची से न छूटे : तोरपा मुंडा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**खूंटी** : तोरपा प्रखंड कार्यालय के सभागार में बुधवार को गहन मतदाता पुनरीक्षण (एसआइआर) कार्य की प्रारंभिक गतिविधियों को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अपर समाहर्ता सह निवार्ची पदाधिकारी तोरपा परमेश्वर मुंडा ने की। बैठक में तोरपा प्रखंड के सभी बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) और उनके सुपरवाइजर शामिल हुए। अपर समाहर्ता ने बीएलओ ऐप के माध्यम से वर्ष 2003 की मतदाता सूची की वर्तमान मतदाता सूची से पैरेंटल और पारिवारिक मैपिंग की प्रगति की बूथवार समीक्षा की। जिन बीएलओ का प्रदर्शन कमजोर पाया गया, उनसे फील्ड में आ रही समस्याओं की जानकारी ली गई और उनके निराकरण के उपाय बताए गए। बैठक के दौरान ऑनलाइन नाम खोजने की प्रक्रिया भी समझाई गई और बीएलओ को वहीं पर अभ्यास कर स्वयं सक्षम बनने के लिए प्रोत्साहित किया गया। अपर समाहर्ता ने निर्देश दिया कि किसी भी योग्य मतदाता का नाम सूची से छूटना नहीं चाहिए। जिन व्यक्तियों का मैपिंग कार्य सभी प्रयासों के बाद भी संभव नहीं हो पाता, उनकी अलग सूची तैयार करने को कहा गया, ताकि उचित सुनवाई कर उनका नाम जोड़ा जा सके। अपर समाहर्ता ने बीएलओ को मृत, अनुपस्थित, स्थानांतरित, शादीशुदा तथा डुप्लीकेट मतदाताओं की सूची जल्द से जल्द तैयार करने का निर्देश दिया, ताकि मतदाता सूची को अधिकतम शुद्ध बनाया जा सके। इसी क्रम में निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी की ओर से भाजपा, झामुमो, कांग्रेस और राजद के प्रखंड स्तरीय प्रतिनिधियों के साथ बैठक की गई। उन्हें एसआईआर की प्रारंभिक गतिविधियों से अवगत कराया गया और बूथ लेवल एजेंट नियुक्त कर उनकी सूची उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी नवीन चंद्र झा, निर्वाचन प्रभारी नीति रतन मुंडू, भाजपा के पूर्व विधायक कोचे मुंडा, पुरेन्द्र मांझी, विनोद भगत, राजू साहू, कांग्रेस के कैसर खान, संजय यादव, झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष रुबेन टोपनो, नीलांबर गोप सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।



# कुशवाहा समाज के लोग महाधरना में शामिल होने रांची गये



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**भुरकुंडा** : झारखंड कुशवाहा महासभा के राजभवन के समक्ष एक दिवसीय महाधरना में शामिल होने के लिए बुधवार को मतकमा चौक से कुशवाहा समाज के दर्जनों लोग रांची गए। इससे पूर्व चौक पर जुटे कुशवाहा समाज के लोगों ने पिछड़ा वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण देने और कुशवाहा को बीसी-1 कैटेगरी में शामिल करने की मांग को लेकर जमकर नारेबाजी की। इस दौरान योगेश दांगी ने कहा कि सात सूत्री मांगों को लेकर झारखंड कुशवाहा महासभा के तत्वावधान में राजभवन के समक्ष एक दिवसीय महाधरना दिया जा रहा है। जिसमें राज्य भर से बड़ी संख्या में कुशवाहा समाज के महिला-पुरुष शामिल रहेंगे। कहा कि महाधरना पतरातू प्रखंड सहित रामगढ़ जिला से कुशवाहा समाज के लोगों की बड़ी भागीदारी रहेगी। रांची जानेवाले लोगों में योगेश दांगी, सत्यनारायण महतो, आनंद महतो, सुरेश कुमार दांगी, देवानंद कुमार, कृष्णा कुमार दांगी, झमन कुमार, धर्मदेव कुमार, सोहन महतो, भूपति महतो, द्वारिका महतो, अनीश कुमार, राजेश कुमार, नारायण महतो, जितेंद्र कुमार, नरेश महतो, रघुनंदन महतो, शिबू महतो, रामू महतो, प्रकाश महतो, टिकेश्वर महतो, होरिल महतो, जितेंद्र कुमार, अमृत महतो, गौतम महतो, मनोज महतो, संदीप कुमार, जेठू महतो, पप्पू महतो, मुकेश कुमार, सरजू महतो, संतोष कुमार, रोहित महतो, रोशन कुमार सहित अन्य शामिल थे।

### घर पर गिरा लिप्ट्स का पेड़

# 01 मासूम की मौत, मां व पिता गम्भीर

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बेड़ो** : थाना से सटे वन विभाग कार्यालय परिसर के बगल में एक विशालकाय लिप्ट्स के गिरने से उसमें दबकर तीन साल की मासूम अनु कच्छप की दर्दनाक मौत हो गई। वहीं पिता विमल कच्छप व मां रौशनी गोप गंभीर रूप से घायल हो गए। साथ ही मारिया देवी व गोयंदा कच्छप का पूरा घर और अनिल उरांव का वैगन आर गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गया। घटना बुधवार की अपराह्न लगभग साढ़े चार बजे की है। मिली जानकारी अनुसार वन विभाग के द्वारा लिप्टस पेड़ को काटा जा रहा था। इसी दौरान परिसर से सटे घरों में अचानक पेड़ नीचे गिरा। इस संदर्भ में पीड़िता मारिया देवी ने बताया कि पेड़ गिरने से उनके



मकान की दीवारें और छप्पर पूरी तरह से ध्वस्त हो गईं। साथ ही घर में रखे फर्नीचर, इलेक्ट्रॉनिक्स, अनाज और अन्य घरेलू सामान भी पूरी तरह से बर्बाद हो गए। उन्होंने कहा कि इस कड़ाके की ठंड में उन्हें रहने में बहुत परेशानी होगी। वहीं घटना के बाद अगल बगल के लोगों ने घटना स्थल से पेड़ को हटाकर मासूम बच्ची व दंपति को बाहर निकालकर इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो पहुंचाया। जहां चिकित्सक डॉ. सुमन एक्का ने जांच के बाद मासूम अनु कच्छप को मृत घोषित कर दिया।वहीं गंभीर रूप से घायल दंपति को बेहतर उपचार के लिए रिम्स रेफर कर दिया। इधर घटना की जानकारी मिलने पर पंचायत की मुखिया सुशांति भगत सुशील भगत, पूर्व प्रमुख महतो भगत, अनिल उरांव, बेड़ो थाना पुलिस सशस्त्र बल के साथ सीएचसी पहुंचे और घायलों का हाल व घटना की जानकारी लिया। वहीं गंभीर रूप से घायल दंपति को रिम्स भेजवाया। घायलों को सीएचसी से रिम्स ले जाने के लिए एम्बुलेंस सहित किसी वाहन का मदद नहीं मिली। वहीं घटना की जानकारी मिलने पर अंचलाधिकारी राज कुंवर सिंह ने वन विभाग जाकर स्थिति मुआयना किया।

# रामगढ़ में राजस्थान निवासी युवक का शव मिला शादी से एक दिन पहले सल्फास खाकर की आत्महत्या

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रामगढ़** : सदर थाना क्षेत्र के चुट्टूपालू घाटी के काजू बागान में जिस युवक का शव मिला है वह राजस्थान का रहने वाला था। उसकी पहचान राजस्थान राज्य के राजसमंद जिले के टणका गांव निवासी केसर सिंह के महावीर सिंह चुंडावत (27) के रूप में हुई है। महावीर सिंह चुंडावत की शादी 11 दिसंबर को होनेवाली थी। जिस दिन वह दूल्हा बनने वाला था, उससे पहले ही उसकी मौत की खबर ने घरवालों पर बिजली गिरा दी। अपने घर से लगभग 1500 किलोमीटर दूर आकर उस युवक ने रामगढ़ शहर के जंगल में घुसकर आत्महत्या कर ली। उसने सल्फास खाकर अपनी जीवन लीला समाप्त की। मृतक के घर वाले बुधवार को रामगढ़ पहुंचे। वहीं गुरुवार को शव का पोस्टमार्टम होगा। काजू बगान के जंगल में जिस जगह पर महावीर का शव मिला वहां ऐसा कोई भी सामान या दस्तावेज नहीं मिला, जिससे उसकी पहचान हो सके। वहां से पुलिस को एक टूटा हुआ मोबाइल फोन मिला, जिसके क्यूआर कोड से आईएमईआई नंबर प्राप्त हुआ। इसके आधार पर सिम नंबर निकाला गया और परिवार से संपर्क स्थापित किया गया। मृतक के परिजनों ने बताया कि बी-टेक की पढ़ाई करने के साथ महावीर सिंह चुंडावत ने इंदौर में काम करना शुरू किया था। 30 नवंबर को वह इंदौर से राजस्थान जाने के लिए निकला था। घर परिवार में बात करने के बाद उसका मोबाइल ऑफ हो गया। इसके बाद उसका मोबाइल कभी भी ऑन नहीं हुआ।



# अवैध ईंट भट्टे के संचालन पर डीसी ने लगायी रोक

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रामगढ़** : डीसी फैज अक अहमद मुमताज ने जिले के सभी अवैध ईंट भट्ठे के संचालन पर रोक लगा दी है। जिले में ईंट भट्ठों का अवैध कारोबार बड़े पैमाने पर होता है। हर बार पुलिस प्रशासन और जिला प्रशासन की मिलीभगत की बात उठती रही है। लेकिन इस बार डीसी फैज अक अहमद मुमताज ने बकायदा चिट्ठी जारी कर अवैध कारोबार पर रोक लगाने का आदेश दिया है। डीसी ने जिले के एसपी, डीएफओ, डीएमओ, रामगढ़ एसडीपीओ, पतरातु एसडीपीओ, डीएसपी हेडक्वार्टर, सभी अंचल अधिकारी, सभी थाना प्रभारी और सभी ओपी प्रभारी को निर्देश जारी किया है।



डीसी ने कहा कि अवैध रूप से संचालित ईंट भद्ठों पर रोक लगाना जरूरी है। जिले में अवैध रूप से संचालित सभी ईंट भट्ठों पर कड़ाई से प्रतिबंध लगाया जाएगा। उन्होंने कहा कि बिना वैध अनुमति, लाईसेंस और कागजात के क्षेत्र में कोई भी ईंट भट्ठा का संचालन नहीं जाएगा।

### रामगढ़ उपायुक्त ने की आधारभूत संरचनाओं एफआरए और परियोजनाओं की समीक्षा



**रामगढ़** : रामगढ़ के उपायुक्त (डीसी) फैज अक अहमद मुमताज ने बुधवार को जिला समाहरणालय सभागार में जिले की आधारभूत संरचनाओं, एफआरए और विभिन्न परियोजनाओं की प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक की। बैठक में डीसी ने सीसीएल, पथ निर्माण विभाग, पीवीयूएनएल सहित अन्य परियोजनाओं से जुड़े अधिकारियों से प्रगति रिपोर्ट ली। उन्होंने एफआरए, एनओसी और भूमि अधिग्रहण से जुड़े लंबित मामलों की जानकारी लेने के बाद शीघ्र निष्पादन का निर्देश दिया। अंचल अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में चल रही परियोजनाओं में भूमि और अन्य प्रक्रियाओं से जुड़े कार्यों को समय पर पूरा करें। डीसी ने यह भी कहा कि परियोजनाओं के क्रियान्वयन में यदि कोई समस्या आती है, तो संबंधित विभाग जिला प्रशासन को नियमित रूप से अवगत कराएं, ताकि समय पर समाधान किया जा सके। बैठक में अपर समाहर्ता कुमारी गीतांजलि, एसडीओ अनुराग कुमार तिवारी, भूमि सुधार उप समाहर्ता दीप्ति प्रियंका कुजूर तथा विभिन्न परियोजनाओं के महाप्रबंधक सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# आरटीसी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में 'नयी शिक्षा नीति व एआई की भूमिका के अनुसार परिणाम आधारित शिक्षा' पर संगोष्ठी का आयोजन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**ओरमांझी** : आर.टी.सी. इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी ओरमांझी में बुधवार को 'नयी शिक्षा नीति (NEP) 2020 के अनुरूप Outcome Based Education एवं शिक्षा में Artificial Intelligence की भूमिका' विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के प्राचार्य डॉ. एन. हरि बाबू ने की। कार्यक्रम की शुरूआत में मंच पर आमंत्रित प्राचार्य महोदय का स्वागत करते हुए संयोजक द्वारा उन्हें पुष्पगुच्छ प्रदान किया गया। इसके बाद प्राचार्य डॉ. एन. हरि बाबू ने अपने प्रेरक उद्बोधन में



बताया कि नई शिक्षा नीति छात्रों को लचीला, बहुविषयी, कौशल-आधारित और समग्र शिक्षा प्रदान करने पर बल देती है। उन्होंने Outcome Based Education (OBE) के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह शिक्षा प्रणाली छात्रों को उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप सक्षम बनाने में अत्यंत प्रभावी है। प्राचार्य ने यह भी कहा कि आने वाले वर्षों में Artificial Intelligence तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक परिवर्तन लाएगा। एआई आधारित डिजिटल टूल्स शिक्षणझअधिगम प्रक्रिया को अधिक व्यक्तिगत,विश्लेषणात्मक और परिणाम-केंद्रित बनाएंगे। उन्होंने CO–PO–PSO मैपिंग, आकलन पद्धति और कक्षा प्रबंधन में एआई के उपयोग के उदाहरण भी प्रस्तुत किया। इस संगोष्ठी को सफल बनाने में IQAC Coordinator हरे कृष्ण की विशेष भूमिका रही, जिन्होंने सेमिनार के आयोजन और समन्वय कार्य को प्रभावी ढंग से संचालित किया। कार्यक्रम में सहयोग प्रदान करने में प्रिया रंजन,अमृत,सोनू और कामेश्वर का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# फाइलेरिया उन्मूलन अभियान में उत्कृष्ट योगदान के लिए मुखिया दीपक बढ़ाइक सम्मानित



**फाइलेरिया उन्मूलन केवल सरकारी अभियान नहीं, बल्कि हमारे गांवों की सुरक्षा और स्वास्थ्य से जुड़ा दायित्व : दीपक बड़ाइक**

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**ओरमांझी** : लिम्फेटिक फाइलेरिया उन्मूलन MDA–IDA 2025 अभियान में उत्कृष्ट योगदान के लिए ओरमांझी प्रखंड मुखिया संघ के अध्यक्ष एवं ओरमांझी पंचायत के मुखिया दीपक बढ़ाइक को बुधवार को राज्य स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखंड के वेक्टर बॉर्न डिजीज (VBD) कार्यक्रम पदाधिकारी ने उन्हें यह सम्मान पंचायत में फाइलेरिया उन्मूलन के लिए किए गए उनके सक्रिय और प्रभावी प्रयासों के लिए दिया। अभियान के दौरान दीपक बढ़ाइक ने अपने पंचायत में सभी कर्मियों के साथ समन्वय बनाते हुए घर-घर जाकर दवा सेवन सुनिश्चित कराया, जागरूकता अभियान चलाया और स्वास्थ्य विभाग को हर स्तर पर सहयोग दिया। उनके प्रयासों से ओरमांझी क्षेत्र में अभियान की प्रगति उल्लेखनीय रही।

### चौबे खटंगा के ग्रामीणों से मिले भाजपा नेता कमलेश राम

# ग्रामीण सड़क बनाने की मांग

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : बुधवार को कांके प्रखंड के चौबे खटंगा गांव भाजपा नेता कमलेश राम पहुंचे। इस दौरान ग्रामीणों से वार्ता किया, ग्रामीणों ने चौबे खटंगा से नगड़ी के बीच लगभग ढाई किलोमीटर सड़क बनाने की मांग रखी ग्रामीणों ने बताया कि ये सड़क बनाने के लिए कई वर्षों से संघर्ष कर रहे हैं। इसके लिए ग्रामीणों ने भूमि, आर्थिक और श्रम दान कर लगभग ढाई किलोमीटर मिट्टी सड़क बना भी लिए हैं लेकिन नगड़ी पहुंचने से पहले एक नाला होने के कारण लोग पार नहीं हो पा रहे हैं ग्रामीणों का कहना है यदि ये सड़क पक्की और नाला में पुल बन




जायेगा, तो चौबे खटंगा के साथ-साथ मुरुम, इकंबा, रोल, सत्कन्नादु, कोकडोरो, बालू, ओखरगढ़ा, कुम्हारिया के अलावा कई गांव के लगभग पंद्रह हजार ग्रामीण लाभान्वित होंगे। वर्तमान में चौबे खटंगा के ग्रामीणों को यदि कांके या रांची जाना होता है तो पिठोरिया होकर सात किलोमीटर अतिरिक्त सफर तय करना पड़ता है। स्थानीय ग्रामीण पिछले दिनों 22 नवम्बर को रांची के सांसद सह रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ को आवेदन भी दे चुके है सांसद ने पीएमजीएसवाई से सड़क बनवा देने का आश्वासन भी दिए है। ये सुन भाजपा नेता कमलेश राम तुरंत वहीं से राज्यमंत्री संजय सेठ को फोन किए और जनहित में पीएमजीएसवाई से सड़क निर्माण कराने को बेहद जरूरी बताया।

# आजादी के सात दशक बाद भी सड़क की राह ताकता बेड़ो का बंजारा गांव

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बेड़ो** : देश को आजाद हुए सात दशक बीत चुके हैं। देश डिजिटल इंडिया की तरफ बढ़ रहा है। वही कई गांव ऐसे हैं, जहां आज भी विकास की किरण नहीं पहुंची है। ऐसा ही हाल प्रखंड के हरिहरपुर जामटोली पंचायत के बंजारा गांव का हैं। जहां आजादी के सात दशक व पंचायती राज एक दशक बीतने के बाद भी आज तक गांव तक पहुंचने के लिए सड़क ही नहीं बनी है। ग्रामीणों का कहना है कि हर बार चुनाव के समय नेताओं के द्वारा सड़क बनाने का आश्वासन दिया जाता है, लेकिन चुनावों के बाद कोई भी नेता गांव की तरफ नहीं देखता है। लोगों ने बताया कि पदाधिकारियो



से लेकर कई नेताओं और मंत्रियों को भी गांव में सड़क निर्माण के लिए आवेदन दिया। लेकिन इसके बावजूद भी आज तक प्रशासन ने गांव में सड़क निर्माण के लिए कोई पहल नहीं किया है। ग्रामीणों का कहना है कि वर्षा के दिनों में उन्हें जंगल को चिरते हुए कच्ची पगडंडियों के सहारे बच्चे स्कूल व कॉलेज और हमें बाजार एवं प्रखंड कार्यालय पहुंचना पड़ता है।

# लाखों का जेवर और 12 लाख नगद चोरी करनेवाला चोर धराया

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रामगढ़** : शहर के जेल रोड में रहने वाले मनोज कुमार साहू के घर से लाखों रुपये की चोरी करने वाला चोर को पु?लिस ने गिरफ्तार कर लिया। एसपी अजय कुमार ने बुधवार को प्रेस वार्ता कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार चोर सनी करमाली उर्फ सनी लोहार ने अपने साथियों के साथ मिलकर इस बड़ी घटना को अंजाम दिया था। उसकी निशानदेही पर 4.12 लाख रुपए नगद और लाखों रुपए के जेवर बरामद कर लिए गए हैं। एसपी ने बताया कि 7 दिसंबर को दिनदहाड़े सनी करमाली अपने साथियों के साथ मिलकर मनोज कुमार साहू के घर में घुसा था। वहां से उसने 12 लाख



रुपए नगद और लाखों रुपए के सोने चांदी के जेवर चुरा लिए थे।

**कई दिनों से घर की कर रहा था रेकी**

**घटना** की सूचना मिलते ही एसपी ने चोरों की गिरफ्तारी के लिए एसआईटी बनाई। एसआईटी ने तत्काल इस मामले में जांच शुरू की और चोरों की पहचान कर ली। सनी करमाली उर्फ सनी लोहार मूल रूप से बोकारो जिले का रहने वाला है। रामगढ़ में जेल रोड में ही वह रह रहा था। उसने मनोज कुमार साहू के घर को पहले से ही टारगेट कर रखा था। रविवार को जैसे ही मनोज कुमार साहू अपने बच्चों को ट्यूशन छोड़ने के लिए गए सनी उनके घर में अपने साथियों के साथ घुस गया। मनोज कुमार साहू के घर से लगभग 500 मीटर की दूरी पर ही रह कर सनी ने रेकी की थी। इसलिए उसे मनोज साहू के आने जाने में लगने वाले समय का पता था।

**बोकारो में छुपा कर रखा गया था चोरी का सामान**

**एसपी** ने बताया कि सनी ने चोरी के जेवरात और रुपए छुपाने के लिए बोकारो का ही ठिकाना चुना था। पुलिस ने जब छापेमारी की तो उसके पास से 4 लाख, 12 हजार 350 रुपए बरामद हुए। इसके अलावा चार पीस कनबाली, एक जोड़ी झुमका, एक मांगटीका, एक नथिया, दो पीस चांदी का लॉकेट, एक पीस चांदी का चैन, दो जोड़ी चांदी का बिछिया और एक मोबाइल बरामद हुआ। छापेमारी दल में रामगढ़ एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद, रामगढ़ थाना प्रभारी नवीन प्रकाश पांडेय, सब इंस्पेक्टर सुमंत कुमार राय, अनिल कुमार, एएसआई मनोज कुमार सहित कई लोग शामिल थे।

# व्यापक भ्रष्टाचार, चोरी व सरकारी खजाने में हो रही लूट को रोकने के लिए सरकार करे सख्त कार्रवाई : जयराम महतो

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**रजरप्पा (रामगढ़)** : अनुपूरक बजट बनाने की प्रक्रिया पर सवाल करते हुए जयराम महतो ने कहा कि जब विभागों ने 13400 करोड़ की मांग की गई तो मात्र 7721 करोड़ का बजट क्यों लाया गया। सबसे बड़ी बात है कि आठ महीना बीत जाने के बाद भी मात्र 42 फीसदी राशि खर्च हो पाई है, तो फिर अनुपूरक बजट की आवश्यकता ही क्यों। कहीं ऐसा ना कि सरकार का खजाना खाली है, और यदि सरकार का खजाना खाली है तो सरकार राजस्व प्राप्त करने के लिए क्या कर रही है। शीतकालीन सत्र में अनुपूरक बजट पर बोलते हुए जयराम महतो ने विधानसभा अध्यक्ष से कहा जमीन की रजिस्ट्री में करोड़ अरबों का हानि हो रहा है, किसी जमीन की कीमत अगर एक करोड़ होता है तो कागज में मात्र 25 लाख दिखाया जाता है। और सरकार को राजस्व मिलता है 25 लाख पर और काला धन का इस्तेमाल होता है 75 लाख पर। अगर मेरी बात पर संदेह है तो किसी भी इस राज्य में बड़ा भूखंड करोड़ों का खरीद बिक्री हुआ है तो आप उसकी एसीबी के माध्यम से जाँच करवा ले तो दूध का दूध पानी का पानी हो जाएगा। और चोरी साफ नजर आती है। उन्होंने कहा कि कई आईएएस अधिकारी जेल की यात्रा कर चुके हैं। प्रत्येक दिन झारखंड राज्य में हजार गाड़ियों से अवैध कोयले की निकासी हो रही है। कोयलांचल में अवैध मात्रा में इतना कारोबार हो रहा है कि एक दिन का 25 करोड़ और सालाना लगभग 9125 करोड़ जो कि आपकी अनुपूरक बजट से कहीं ज्यादा होती है। उन्होंने अध्यक्ष को सम्बोधित करते हुए कहा कि अगर बालू की बात करें तो एक बालू गाड़ी लगभग तीन-चार थाना क्षेत्र से होकर गुजरती है और कोई ऐसा थाना प्रभारी नहीं है की प्रत्येक महीना बालू से लगभग तीन से पांच लाख सिर्फ अवैध बालू से पैसा कमा रहे हैं, इस प्रकार की लूट की छूट होगी तो सरकारी खजाना खाली होना लाजिमी है। जो सरकार के खजाना में आना चाहिए वह सीधे थाना प्रभारी के जेब में जाता है।

## एक झलक

### मुरी रनिंग स्टाफ ने किया धरना प्रदर्शन

**सिल्ली :** मुरी लांबी के एक लोको पायलट को मुरी- से हटिया एस्टाब्लिस टॉन्सफर पालिसी के विरुद्ध में मुरी लांबी के समक्ष धरना सह विरोध प्रदर्शन किया गया। जिसमें नारे लगाए गए कि सीनियरीटी के अनुसार टॉन्सफर किया जाए, रनिंग स्टाफ जिन्दाबाद, इन्कलाब जिन्दाबाद। इस इस विषय को लेकर मंडल प्रबंधक, डीपी, डीईई, आरपीएफ, जीआरपी , सी सी सी को आवेदन देकर सुचित किया गया। धरना प्रदर्शन के दौरान मुरी के सारे रनिंग स्टाफ द्वारा निर्णय लिया गया है कि मुरी लांबी के एक लोको पायलट को नियम विरुद्ध तरीके से,एज पर एप्लिकेशन सीनियरीटी को नजरअंदाज कर आउट ऑफ टर्म स्रोस एवं पैरवी से हटिया टॉन्सफर कर दिया गया है। जबकि बिना स्रोस एवं पैरवी वाले रनिंग स्टाफ सात - आठ साल से हटिया टॉन्सफर वेटिंग में हैं।

### थैलेसीमिया पीड़ितों ने विधायक प्रदीप यादव का व्यक्त किया आभार

**रांची :** थैलैसिमिया पीड़ित परिवार के लोगों ने माननीय विधायक प्रदीप यादव जी के सरकारी आवास, रांची में जाकर माननीय विधायक जी का कल दिनांक-09.12.2025 को शीतकालीन सत्र में ध्यानाकर्षण प्रश्न जोरदार एवं प्रभावी ढंग से उठाने के लिए आभार व्यक्त करने पर बधाई। परिजनों ने मो० नदीम खान, लहू बोलेगा स्वैच्छिक रक्त संगठन के संगठन कर्ता की अगुवाई में भेंट किया। 1. फारहा, आजाद बस्ती, रांची। 2. श्रीमती सीमा देवी, लालपुर, रांची। 3. बिमला कच्छप, चुटिया, रांची। 4. ललीता कुमारी, हजारीबाग। 5. श्रीमती देवकी देवी, पंडरा, राँची। 6. श्रीमती लीला देवी, चुटिया, रांची। 7. तरन्नुम परवीन, इरबा, रांची। 8. माजिदा खातुन, कांके, रांची। 9. अजित कुमार मिश्रा, विद्यानगर, हरमू, रांची। 10. संजय महतो, कांटाटोली, रांची। 11. मो. हसीब अंसारी, कांके, रांची। साथ ही निम्न लिखित पीडित बच्चों ने भी माननीय के प्रति अभार व्यक्त किया- 1. सुश्री सोनम कुमारी, बी०ए० अध्ययनरत 21 वर्ष। 2. सुश्री प्रगति प्रकाश, लालपुर, राँची 13 वर्ष। 3. राते हसन, आजाद बस्ती 8 वर्ष।

### रांची में बहेगी योग की महाधारा

**रांची :** झारखंड योग एसोसिएशन एवं श्री अरविंदो सोसायटी हेसल ब्रांच, रांची के संयुक्त तत्वावधान में तथा योग फेडरेशन ऑफ इंडिया के निर्देशन में गोल्डन जुबली 50 वीं सब जूनियर व जूनियर राष्ट्रीय योग प्रतियोगिता का आयोजन रांची में किया जा रहा है। यह भव्य प्रतियोगिता 27 से 30 दिसंबर तक रातू रोड स्थित रतनलाल जैन स्मृति भवन परिसर में आयोजित होगी। प्रेस वार्ता में आयोजन समिति के अध्यक्ष रमेश सिंह और कार्यकारी अध्यक्ष पंकज प्रसाद ने बताया कि प्रतियोगिता में 8 से 18 वर्ष आयु वर्ग के बालक-बालिकाएँ हिस्सा लेंगे। अभी तक 27 राज्यों के 950 प्रतिभागियों और तकनीकी अधिकारियों ने अपनी उपस्थिति की पुष्टि कर दी है। उन्होंने बताया कि 24 दिसंबर को अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, सिक्किम और त्रिपुरा की टीमें रांची पहुँच जाएंगी। झारखंड योग संघ के महासचिव आदित्य कुमार सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को 6 आयु वर्ग में विभाजित किया गया है। प्रतियोगिता में पारंपरिक योग आसनों के साथ-साथ आर्टिस्टिक, रिदमिक और फ्री फ्लो योग की भी स्पधाएं आयोजित की जायेंगी।

## यूनेस्को ने दी दीपावली को अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की मान्यता

# भारत को मिल रही वैश्विक पहचान : संजय सेठ

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** यूनेस्को ने प्रकाश के महापर्व दीपावली को अमूर्त सांस्कृतिक विरासत के रूप में मान्यता दी है। यह यह भारत के लिए ऐतिहासिक दिन है। इस खुशी में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने नयी दिल्ली आवास कर दीप जलाकर खुशियां मनाई। उन्होंने इसे भारत के लिए ऐतिहासिक और गौरवशाली दिन बताया। श्री सेठ ने कहा कि सभी भारतीयों के लिए यह अत्यंत हर्ष और गौरव की बात है कि हमारे महापर्व दीपावली को यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत के रूप में आधिकारिक मान्यता मिल गई है। उन्होंने कहा कि भारत और भारतीयता को समर्पित हमारे



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्र का नेतृत्व संभालने के बाद से निरंतर संस्कृति और विरासत को विकास के समान ही प्राथमिकता दी है। योग, मिलेट जैसी भारतीय चीजें वैश्विक स्तर पर स्वीकार्य हुईं। यूनेस्को की यह मान्यता भारत और भारत की गौरवशाली संस्कृति का वैश्विक सम्मान है। यह उपलब्धि भी किसी उत्सव से कम नहीं। आज के इस पावन दिन सभी भारतवासियों को कोटि-कोटि दीपों के उजाले से जगमग बधाई और शुभकामनाएं देता हूं। यह सम्मान हमारे प्रकाश पर्व के सार्वभौमिक संदेश का प्रतीक है। निराशा पर आशा, विभाजन पर सद्भाव और अंधकार पर प्रकाश के विजय का प्रतीक है।

## श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट ने दो निर्धन बालिकाओं की पढ़ाई का लिया जिम्मा




■ डी.ए.वी. स्कूल गांधीनगर को 48 हजार 120 रुपये का चेक किया गया प्रदान

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट रांची एवं स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट (रजि.) दिल्ली शाखा के सयुंक्त तत्वाधान में ट्रस्ट के संस्थापक और संरक्षक स्वामी सदानंद जी महाराज के आशीर्वाद एवं आदेश से दो निर्धन जरुरतमंद कन्याओं संस्कृति पाठक एवं संम्भवी पाठक को कांके रोड स्थित गांधीनगर डी.ए.वी. स्कूल मे कक्षा 10 में एडमिशन कराने हेतु संस्कृति पाठक को रुपया 26,230/ (छब्बीस हजार दो सै तीस) एवं कुमारी संम्भवी पाठक 8 क्लास मे एडमिशन कराने के लिए- 21,890 (इक्कीस हजार आठ सौ नब्बे) रुपये का चेक प्रदान किया। स्कूल को एडमिशन का तथा छह माह का फीस, टोटल- 48 हजार एक सौ बीस का चेक दिया गया। जिससे उनका पढ़ाई निरंतर सुचारु रूप से हो सके। ट्रस्ट के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने बताया कि बालिका कुमारी संस्कृति पाठक और कुमारी सम्भवी पाठक पिता स्व. इन्द्रेश कुमार पाठक माता पल्लवी पाठक शांति नगर गांधी नगर कांके रोड के निवासी है। तथा विगत 6 वर्षों से गुरुजी सदानंद महाराज के सानिध्य में पढ़ाई का पूरा खर्च ट्रस्ट द्वारा दिया जा रहा है। ट्रस्ट द्वारा दोनों बालिकाओं का पूरी पढ़ाई का पूरा जिम्मा लिया गया है।

## चिरंजीवी विद्यालय के छात्रों ने चेशायर होम में नि:शक्त लोगों व बुजुर्गों के बीच गरम कपड़ों का किया वितरण




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** चिरंजीवी पब्लिक एवं प्ले स्कूल मोराबादी, रांची के बच्चों ने जोंग ऑफ गिविंग की पहल के तहत पेशावर होम में उपस्थित शारीरिक रूप से निःशक्त लोगों के बीच शॉल, जैकेट, जुराब आदि आवश्यक वस्तुओं का वितरण किया। वि?द्यालय के कुछ बच्चे वृद्ध आश्रम, डी.ए.वी नंदराज, बरियात भी गए, जहाँ उन्होंने बुजुर्गों के बीच कर्ता का वितरण किया। बर्चा ने भजन एवं गीता पाठ प्रस्तुत कर सभी बुजुर्गों का स्नेह और आशीर्वाद प्राप्त किया। इस सामाजिक कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में सामाजिक सहयोग, करुणा तथा शारीरिक रूप से निःशक्त एवं बुजुर्गों के पति संवेदनशीलता का विकास करना था। जिनके चेहरों पर आई मुस्कान से बच्चों को जो आत्म-संतुष्टि मिली, वहीं इस पहल का सार और सफलता रही, ताकि भविष्य में वे संवेदनशील एवं जिम्मेदार नागरिक बन सकें। इस अवसर पर विद्यालय की निर्देशिका का डॉक्टर माया कुमार एवं दोनों विद्यालयों की प्राचार्या डॉक्टर मिंग पांडे एवं डॉक्टर अर्चना सिन्हा, शिक्षिकाएं एवं श्रीमती रागिनी सिंह भी उपस्थित थी।

## झारखंड बार काउंसिल चुनाव में महिलाओं को 30% आरक्षण

### अब 7 से 8 सीटें होंगी महिला अधिवक्ताओं के नाम

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** झारखंड स्टेट बार काउंसिल के आगामी चुनावों में महिलाओं के लिए 30 प्रतिशत सीटें आरक्षित करने का रास्ता साफ हो गया है। झारखंड हाईकोर्ट ने मौजूदा सदस्यों की सेवा अवधि बढ़ाने संबंधी याचिका को खारिज कर दिया है। इससे सुप्रीम कोर्ट के 4 दिसंबर के आदेश का तत्काल क्रियान्वयन सुनिश्चित हो गया है। सुप्रीम कोर्ट ने देशभर की सभी राज्य बार काउंसिलों में कम से कम 30% महिला आरक्षण लागू करने का निर्देश दिया था।

जहां मतदाता सूची में महिलाओं की संख्या कम है, वहां 20% सीटें सीधे चुनाव से और 10% सीटें को-ऑप्शन के जरिए भरी जाएंगी। झारखंड बार काउंसिल



में कुल 25 निर्वाचित सदस्य होते हैं। नए नियम के अनुसार अब 7 से 8 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी। वर्तमान परिषद में एक भी महिला सदस्य नहीं है।

हाईकोर्ट ने साफ कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के सामने सेवा विस्तार का कोई आधार नहीं बनता। महिला अधिवक्ताओं ने इस फैसले का स्वागत किया है। वरिष्ठ अधिवक्ता शोभा गुप्ता ने कहा यह लैंगिक समानता की दिशा में क्रांतिकारी कदम है। अब बार काउंसिल में महिलाओं की आवाज और प्रतिनिधित्व मजबूत होगा। बार काउंसिल ऑफ इंडिया ने सभी राज्य परिषदों को 15 दिसंबर तक नई व्यवस्था के अनुसार चुनाव कार्यक्रम घोषित करने का निर्देश दिया है।

## ऊर्जा विकास निगम जैसी आवश्यक सेवा 02 महीने से बाधित, संकट को लेकर मुख्यमंत्री को भेजा गया पत्र

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ ने राज्य की ऊर्जा व्यवस्था से जुड़े एक गंभीर विषय पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ईमेल के माध्यम से पत्र प्रेषित किया है। पत्र में झारखंड ऊर्जा विकास निगम में चेयरमैन-कम-मैनेजिंग डायरेक्टर एवं मैनेजिंग डायरेक्टर जैसे अत्यंत महत्वपूर्ण शीर्ष पदों के पिछले लगभग दो महीनों से रिक्त पड़े रहने पर गहरी चिंता व्यक्त की गई है। संघ के अध्यक्ष अजय राय ने बताया कि ऊर्जा विकास निगम राज्य की आवश्यक सेवाओं से जुड़ा विभाग है, जो प्रदेश



की बिजली आपूर्ति, वितरण और उपभोक्ता सेवाओं की रीढ़ है। शीर्ष नेतृत्व के अभाव में निगम के प्रशासनिक, तकनीकी और वित्तीय कार्यकाज पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। नीतिगत निर्णयों में देरी, योजनाओं के क्रियान्वयन में बाधा तथा कर्मचारियों और उपभोक्ताओं से जुड़े मामलों के समाधान में अनावश्यक विलंब की स्थिति बनी हुई है। अजय राय ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि ऊर्जा विभाग का प्रभार स्वयं माननीय मुख्यमंत्री के पास है, ऐसे में CMD एवं टऊजैसे महत्वपूर्ण पदों का लंबे समय तक खाली रहना चिंता का विषय है।

# कर्ण महासभा की झारखंडी इकाई की बैठक सम्पन्न

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** कर्ण का महासभा की झारखंडी इकाई की बैठक रांची मैं आयोजित की गई। बैठक में महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री रमेश कुमार झारखंड इकाई के अध्यक्ष श्री धीरेंद्र कुमार दास महासचिव श्रीमती निर्मला कारण के द्वारा आयोजित किया गया था। बैठक में महासभा की रांची जिला की कार्यकारिणी भी उपस्थित रही। बैठक का प्रारंभ झारखंड इकाई के अध्यक्ष धीरेंद्र कुमार दास जी ने उपस्थित सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए किया। उन्होंने केकेएम के संरक्षक सदस्य अभय कुमार चौधरी का बैठक आयोजन में बहुमूल्य सहयोग करने के लिए धन्यवाद ज्ञापन करते हुए बैठक का प्रारंभ किया और आज की बैठक का उद्देश्य बतलाया। आज की बैठक मुख्य रूप से दिसंबर 2026 में झारखंड में आयोजित




होने वाले केकेएम के द्विवार्षिक कार्यक्रम कर्ण कुंभ के सफल आयोजन के संबंध में किया गया। इस आयोजन में देश के ही नहीं विदेश से भी समाज के सदस्य प्रतिभागी बनकर आते हैं इसलिए आयोजन बहुत वृहद् हो जाता है। इस आयोजन सफलता किस प्रकार हो इसलिए इस पर विस्तृत विचार विनिमय किया गया उपस्थित सभी सदस्यों ने जिसमें रांची जिला कार्यकारिणी के सदस्य भी थे अपने अपने बहुमूल्य विचार दिए। रांची जिला में केकेएम के सदस्यों की संख्या बढ़ने पर भी विचार किया गया जिससे कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक संस्था की पहुंचे हो सके और समाज के सभी व्यक्ति संस्था के किए गए कार्यों से लाभान्वित हो सके। वास्तविक जरूरतमंद की खोज करके उनकी सहायता करने का भी निर्णय लिया गया। महासचिव के द्वारा बताया गया जब हम सदस्यता के लिए सदस्य समाज के सदस्यों से संपर्क करते हैं इस समय वास्तविक जरूरतमंद की तलाश भी करें जिन्हें संस्था की सहायता की आवश्यकता है। संस्था के संरक्षक सदस्य और कर्ण कुंभ के आयोजन समिति के अध्यक्ष श्री अभय चौधरी के द्वारा संस्था की वित्तीय स्थिति सुदृढ़ करने की बात की गई जिससे जरूरतमंद को समय पर सहायता मिल सके। बैठक में निर्णय लिया गया कि रांची में प्रतिमाह समाज के कम से कम पांच सदस्यों को के के एम की सदस्यता दिलवाई जाए। बैठक के क्रम में ही रांची अमरेंद्र कुमार लाभ जी ने संस्था की संरक्षक सदस्यता ग्रहण की और विजय कुमार दास जी भी सदस्य बने। बैठक का समापन सभी उपस्थित सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापन करके किया गया। बैठक की उपस्थिति रमेश कुमार, धीरेंद्र कुमार दास, निर्मला कर्ण, अभय कुमार चौधरी, शशि भूषण कंठ, सुरेश मलिक, प्रशांत दास, प्रभात कुमार, विजय कुमार दास, अमरेंद्र कुमार लाभ, किरण कर्णा।

## राज्यसभा सांसद डॉ. महुआ माजी के जन्मदिन पर भव्य कार्यक्रम आयोजित

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** अल्बर्ट एक्का चौक, रांची में बुधवार 10 दिसंबर 2025 की संध्या को माननीय राज्यसभा सांसद डॉ. महुआ माजी के जन्मदिन के उपलक्ष्य पर एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महुआ माजी फैन्स क्लब, धार्मिक एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के संयुक्त तत्वावधान में उत्साहपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत शाम 6 बजे केक काटकर की गई। इसके उपरांत बच्चों के बीच पेन-पेंसिल, लड्डू वितरण और आकर्षक आतिशबाजी ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। बड़ी संख्या में नागरिक इस उत्सव का हिस्सा बने



और पूरे आयोजन में खुशी और जोश का वातावरण बना रहा। आयोजक नन्द किशोर सिंह चंदेल ने कहा कि यह कार्यक्रम रांचीवासियों के अपनी जनप्रतिनिधि के प्रति सम्मान और स्नेह का प्रतीक है। जनता की बड़ी सहभागिता ने इस समारोह को और विशेष बनाया। मीडिया प्रतिनिधियों एवं विभिन्न संस्थाओं के सदस्यों की उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

**मुख्य रूप से उपस्थित**

नन्द किशोर सिंह चंदेल, सोमवित माजी, मंटू पांडे, विक्रम सिंह सोनू, मनीष सिंह, विनय सिंह, राहुल सिंह, कविता सिन्हा, अमन ठाकुर, सोमू बनर्जी, अनीश वर्मा, बिट्टू सिंह, अर्चना मिर्धा, रंजीता पांडे, शिल्पी कुमारी वर्मा, रश्मि कुजूर, शीला उरांव, कौशिक घोष, निलेश चौधरी, राधा हेमरोम, आरती मुंडा, अजित सिंह टिंकू, विश्वजीत चौधरी, बिट्टू कुमार, विशाल सिंह, सुजीत कुमार, शुभम्‍ वर्मा, अंकित सिंह, रिकी वर्मा, अर्जुन वर्मा, रोहन सिंह, आकाश रजक, आनंद कुमार, अर्जुन सिंह, आशीष रजक आदि।

## टाटा मोटर्स ने एक्सकॉन 2025 में पेश किया अब तक का सबसे शक्तिशाली टिपर

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** भारत की अग्रणी वाणिज्यिक वाहन निमार्ता कंपनी टाटा मोटर्स ने दक्षिण एशिया की प्रमुख निर्माण उपकरण प्रदर्शनी एक्सकॉन 2025 में अपने नवाचार आधारित और टिकाऊ गतिशीलता (मोबिलिटी) समाधानों की विस्तृत श्रृंखला प्रदर्शित की। इस दौरान कंपनी ने डीप माइनिंग क्षेत्र में प्रवेश करते हुए अपना अब तक का सबसे शक्तिशाली टिपर प्राइमा 3540.के ऑॅटोशिफ्ट लॉन्च किया। कंपनी का कहना है कि यह नया टिपर कठिनतम परिचालन परिस्थितियों में भी उच्च प्रदर्शन देने के लिए तैयार किया गया है। इसमें बेहतर ईंधन दक्षता, मजबूत संरचना और उन्नत सुरक्षा सुविधाएं दी गई हैं। कंपनी के वाइस प्रेसिडेंट और बिजनेस हेड-ट्रक्स राजेश कौल ने कहा कि देश में तेजी से बढ़ते इंफ्रास्ट्रक्चर विकास और खनन गतिविधियों के बीच ग्राहकों को भरोसेमंद, टिकाऊ और उत्पादक वाहनों की आवश्यकता है। प्राइमा 3540.के इन्हीं जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है और यह डीप माइनिंग सेगमेंट में हमारी मजबूत उपस्थिति को दशार्ता है। उन्होंने यह भी कहा कि टाटा मोटर्स टिकाऊ मोबिलिटी की दिशा में निरंतर काम कर रही है। इसी क्रम में कंपनी ने पूर्ण-इलेक्ट्रिक टिपर प्राइमा ई.28.के और देश का पहला फैक्ट्री-फिटेड सी.एन.जी. टिपर सिग्ना 2820.टी.के सी.एन.जी. भी पेश किया है।




## सिल्ली राजबाड़ी परिसर में भागवत कथा सम्पन्न

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**सिल्ली :** सिल्ली राजबाड़ी परिसर में मंगलवार देर शाम सिल्ली राजवाड़ी एवं हरे कृष्ण नाम हट्ट संघ सिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में भागवत कथा का आयोजन किया गया। नगर संकीर्तन, भजन ,कीर्तन तथा आरती के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। हरे कृष्ण के गूंज से पूरा इलाका भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि इस्कॉन त्रिदंडी सन्यासी, दीक्षा गुरु एवं इस्कॉन नामहट्ट के झारखण्ड, बिहार, पश्चिम बंगाल,असम एवं उड़ीसा के मुख्य क्षेत्रीय निर्देशक माया पुर के श्रीमद गौरांग प्रेम स्वामी महाराज एवं इस्कॉन के झारखण्ड पुरुलिया एवं बांकुड़ा के प्रचारक श्रीवास चरण दास शामिल हुए। भागवत कथा का वाचन करते हुए श्रीमद गोरांग प्रेम स्वामी महाराज ने भागवत कथा में भगवान के 24 अवतारों की कथा वर्णन करने के पश्चात



एते चांशकलाः पुंसः कृष्णस्तु भगवान स्वयम्‍ श्लोक को व्याख्या किए। उन्होंने कहा भगवान कृष्ण पूर्ण पुरुषोतम भगवान हम सभी जीव के विभिन्न अंश है। और अंश का कार्य पूर्ण की सेवा करना है, यही श्री चैतन्य महाप्रभु ने हमे सिखायें हैं,और सबसे सरल विधि कलियुग में श्री कृष्ण का कीर्तन करना है। उन्होंने कहा श्री कृष्ण की कथा सुनते-सुनते मनुष्य स्वयं से मिल जाता है। जो अपने आप से मिल जाता है, उसे कभी अकेलापन नहीं सताता। भागवत कथा का प्रभाव अनंत है। महाप्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। इस कार्यक्रम में राजा पुष्पेंद्र नाथ सिंह देव, रानी राज्यश्री सिंह देव, देवकुल्या सिंह देव, सिद्धी सिंह देव, नाम महट्ट संघ के बल्लभ निताई दास उर्फ बुद्ध देव कुशवाहा, नेहारवती माताजी, लीला मोहिनी माताजी,बृंदा देवीदासी, वीणा पानी देवी, प्रियंका माताजी, नीतू माताजी, सुनंदा जायसवाल, मौसमी माताजी,निखिल प्रभु, लक्ष्मण दास, पुण्यतम श्रीधर प्रभु, समदर्शी श्याम दास प्रभु , शोभाराम प्रभु, धनंजय प्रभु, रितेश तथा झालदा, राहें, मुरी, तूलिन से इस्कॉन के अनुयाई एवं स्थानीय श्रद्धालु शामिल हुए।

## शराब घोटाला मामले में पूर्व आबकारी आयुक्त अमित कुमार से एसीबी की चौथी बार पूछताछ

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** झारखंड के चर्चित शराब घोटाला मामले की जांच कर रहा भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) पूर्व उत्पाद आयुक्त एवं झारखंड स्टेट बेवरेजेज कॉर्पोरेशन लिमिटेड (जेएसबीसीएल) के पूर्व प्रबंध निदेशक भारतीय प्रशासनिक सेवाा (आईएएस) के अधिकारी अमित कुमार से लगातार पूछताछ कर रहा है। एसीबी ने बुधवार को भी उन्हें चौथी बार पूछताछ के लिए तलब किया। अमित कुमार वर्तमान में वाणिज्यकर विभाग के आयुक्त पद पर कार्यरत हैं। इससे पहले एसीबी ने मंगलवार को भी उनसे तीसरे दिन लगातार पूछताछ की थी, लेकिन जांच टीम उनके जवाबों से संतुष्ट नहीं हुई। इसी वजह से उन्हें आज फिर बुलाया गया, जहां उनसे




विस्तृत पूछताछ की जा रही है। अधिकारिक सूत्रों के मुताबिक, एसीबी के जांच अधिकारी मुख्य रूप से मई 2022 में लागू नई उत्पाद नीति से जुड़े सवाल पूछ रहे हैं। जांच का मुख्य केंद्र छत्तीसगढ़ की ब्लैकलिस्टेड प्लेसमेंट एजेंसियों और शराब कारोबारियों को झारखंड में काम करने की अनुमति कैसे मिली और शराब कारोबार में ऐसी कंपनियों को शामिल क्यों किया गया, जिन पर बाद में घोटाले के गंभीर आरोप लगे है। एसीबी का मानना है कि इन निर्णयों से राज्य को व्यापक वित्तीय नुकसान हुआ और घोटाले को बढ़ावा मिला।

## डोरंडा महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने युवा महोत्सव में हुई अव्यवस्थाओं पर जतायी नाराजगी

# अबुआ अधिकार मंच की मांग पर डोरंडा महाविद्यालय में बनेगा नया ओपन स्टेज

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** डोरंडा महाविद्यालय में आयोजित युवा महोत्सव के दौरान हुई गंभीर अव्यवस्थाओं और विद्यार्थियों के साथ हुई उपेक्षा को लेकर अबुआ अधिकार मंच, डोरंडा महाविद्यालय के महासचिव दिवाकर प्रजापति ने गहरी नाराजगी प्रकट की है। दिवाकर प्रजापति ने महाविद्यालय के प्राचार्य से मुलाकात कर छात्र-छात्राओं की समस्याओं से अवगत कराते हुए एक मांग पत्र सौंपा और महोत्सव में हुई कई कमियों पर तत्काल कार्रवाई की मांग की। महासचिव दिवाकर प्रजापति ने कहा कि युवा महोत्सव विद्यार्थियों के उत्साह, प्रतिभा और मनोबल को बढ़ाने का मंच होता है, लेकिन इस बार की अव्यवस्थाओं ने छात्रों के आत्मसम्मान को ठेस पहुँचा दी है। उन्होंने बताया कि चयनित प्रतिभागियों तक को प्रस्तुति से रोका जाना और प्रबंधन की लापरवाही छात्रहित के खिलाफ है। छात्रों ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि भविष्य के कार्यक्रमों में पारदर्शिता, व्यवस्था और समान अवसर सुनिश्चित नहीं किए गए, तो वे आंदोलन के तहत तालाबंदी के लिए बाध्य होंगे। इस दौरान डोरंडा महाविद्यालय के प्राचार्य ने स्वीकार किया कि महोत्सव में प्रबंधन से कुछ त्रुटियां हुई हैं। उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राओं की सुरक्षा व सुविधा महाविद्यालय की सर्वोच्च प्राथमिकता है और अव्यवस्थाओं को गंभीरता से लिया जाएगा। प्राचार्य ने यह भी आश्वासन दिया कि छात्रों की मांग के अनुरूप स्थायी स्टेज निर्माण कार्य शीघ्र शुरू कराया जाएगा तथा आगामी कार्यक्रमों में सभी कमियों को दूर किया जाएगा। मांग पत्र सौपने वालों में मुख्य रूप से दिवाकर प्रजापति अमित तिर्की, अर्जुन महतो, कृष्ण लोहार, शैलेश एक्का, सविता बाखला अनुज मुंडा के अलावा कई अन्य सदस्य मौजूद थे।

### छात्र-छात्राओं द्वारा उठाये गये प्रमुख मुद्दे इस प्रकार हैं

- डॉ. एस. राधाकृष्णन ऑडिटोरियम में प्रवेश प्रतिबंध-अनेक छात्रों को कार्यक्रम के दौरान प्रवेश से रोक दिया गया, जबकि वे निर्धारित समय पर उपस्थित थे।
- चयन के बाद भी प्रस्तुति का अवसर नहीं-कई चयनित प्रतिभागियों को अंतिम समय में कार्यक्रम से बाहर कर दिया गया।
- मैनेजमेंट और पुरस्कार वितरण में अव्यवस्था-छात्रों ने आरोप लगाया कि कार्यक्रम का प्रबंधन अत्यंत लापरवाह रहा और पुरस्कार वितरण भी असंगठित तरीके से किया गया।
- स्थायी स्टेज निर्माण की मांग झ बैडमिंटन और वॉलीबॉल कोर्ट के बीच स्थित उभरे हुए स्थान को समतल कर स्थायी स्टेज का निर्माण करने की मांग रखी गई।
- सभी कार्यक्रम कैंपस में ही आयोजित हों-छात्र-छात्राओं ने कहा कि कैंपस के कार्यक्रमों में किसी विद्यार्थी को वंचित नहीं किया जाना चाहिए।
- बाहरी व्यक्तियों का प्रवेश वर्जित हो झ महाविद्यालय परिसर में आयोजित समारोहों में बाहरी लोगों के प्रवेश पर रोक लगाने की मांग की गई।
- हिंदी विभाग के साथ समय में भेदभाव झ विद्यार्थियों ने आरोप लगाया कि हिंदी विभाग को अन्य विभागों की तुलना में कम समय दिया जाता है।

## इटकी के टाना भगत और महिला कृषकों के बीच गेहूं और चना बीज का वितरण

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** इटकी प्रखण्ड मुख्यालय स्थित भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में बिरसा फसल बिस्तार योजना के तहत किसानों के बीच 3.75 टन गेंहू और एक टन चना बीज वितरण किया गया। सरकार की उक्त योजना के तहत कृषकों को 50 प्रतिशत अनुदान पर गेहूं और चना का बिज उपलब्ध कराया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रमुख किरण उरांव और विशिष्ट अतिथि कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष रमेश महली, उप प्रमुख परवेज राजा ने सरई फार्मर्स प्रोड्यूसर कम्पनी से जुड़े 85 महिला कृषकों को प्रति एकड़ के दर से 40 -40 केजी बीज बांटा। जबकि रानीखटंगा में आयोजित कार्यक्रम कृषि विभाग द्वारा 20 टाना भगत किसानों को भी अनुदान पर गेहूं का बीज दिया गया। कार्यक्रम में बीटीएम सुमन बारला, उप प्रमुख परवेज राजा, अबू माज, सखी मंडल की महिला किसान सहित दर्जणों लोग उपस्थित थे।



## एक झलक

### आपसी मारपीट में कई घायल, मामला दर्ज

**हजारीबाग** : बड़ा बाज़ार थाना क्षेत्र के हबीबी नगर में आपसी मारपीट को लेकर कई लोग घायल हो गये। इस संबंध में भुक्तभोगी मो असलम ने बड़ा बाज़ार ओपी में लिखित आवेदन देकर मामला दर्ज कराया है। आवेदन के अनुसार असलम और उनके परिवार पर मो जमील के दोनों बेटा मुज़म्मिल और सद्दाम ने मारपीट कर दी। मारपीट में मो असलम उनका परिवार को कुछ लोग घायल हो गया। इस संबंध में बड़ा बाज़ार पुलिस ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है। अनुसंधान के बाद आरोपियों की पहचान कर उचित कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

### एसएमसी की चुनाव प्रक्रिया आगामी 15 दिसम्बर को

**विष्णुगढ़** : विष्णुगढ़ पल्स टू उच्च विद्यालय में दस दिसम्बर 2025 बुधवार को ग्यारह बजे एसएमसी की चुनाव प्रक्रिया तय की गई थी, परन्तु अभिभावकों की उपस्थिति नगण्य रहने की वजह से चुनाव नहीं किया जा सका। इस अपनी बात रखते हुए विष्णुगढ़ पल्स टू उच्च विद्यालय के प्रिंसिपल फणीश्वरनाथ नाथ महतो ने कहा कि एसएमसी की चुनाव प्रक्रिया बुधवार को किया जाना तय थी, परन्तु आज सिर्फ दो अभिभावकों की उपस्थिति रही इस वजह से इस माह की अगली तारीख पंद्रह दिसम्बर 2025 को एसएमसी चुनाव की प्रक्रिया कर अध्यक्ष एवं अन्य सदस्यों का विधिसम्मत चुनाव किया जायेगा। विद्यालय के विकास एवं शिक्षण प्रबंधन के लिए विद्यालय में पढ़ रहे छात्र-छात्राओं के माता-पिता से आग्रह होगा कि आप सभी अधिक से अधिक संख्या में पन्द्रह दिसम्बर 2025 समय ग्यारह बजे विद्यालय परिसर में जरूर उपस्थित हो और चुनाव प्रक्रिया के साक्षी बने।

### राजू श्रीवास्तव ने शीतलहर को लेकर अलाव व कम्बल वितरण करने को लेकर उपायुक्त को लिखा पत्र

**विष्णुगढ़** : भाजपा के वरिष्ठ नेता सह विष्णुगढ़ प्रखंड समिति के प्रखंड संयोजक राजू श्रीवास्तव ने भीषण शीतलहर से बचाव को लेकर अलाव की व्यवस्था एवं कंबल वितरण कराने को लेकर हजारीबाग उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह को आवेदन पत्र लिखा है। जिसमें कहा गया है कि पूरा विष्णुगढ़ प्रखंड भीषण शीतलहर की चपेट में है। बीते एक पखवारा से अधिक समय से प्रखंड में ठंड का प्रकोप काफी बढ़ गया है। शीतलहर से ग्रामीणों के अलावा राहगीरों को काफी परेशानी हो रही है। खास करके गरीब, दिहाड़ी मजदूर, असहाय एवं वृद्धजनों को शीतलहर का सामना करना पड़ रहा है। इसके बावजूद अब तक प्रशासन द्वारा लोगों के राहत के लिए कोई व्यवस्था नहीं की गई है। उन्होंने अपील करते हुए कहा है कि विष्णुगढ़ प्रखंड के सातमील चौक, हॉस्पीटल चौक, अखाड़ा चौक, बैलियागंज चौक, आटमील चौक, करोंज मोड़, भेलवारा, चौथा, करबला मोड़, नवादा, बनासो चौक, जमनीजारा, कोनार डैम मोड़, अरजरी, नरकी मोड़, गोविन्दपुर चौक, गालोबार चौक समेत प्रखंड के अन्य मुख्य चौक-चौराहों पर शीतलहर से बचाव को लेकर शीघ्र अलाव की व्यवस्था तथा गरीब-गुरबों एवं असहाय लोगों के बीच कंबल का वितरण कराने की कृपा की जाए। जिससे इस बढ़ती शीतलहर से चौक चौराहों पर अलाव की व्यवस्था होने से लोगों को इस ठंड से निजात मिल सकेगा।

### पुलिस ने फरार वारंटी को पकड़ा

**कटकमसांडी** : कटकमसांडी इलाके में कानून का शिकंजा एक बार फिर कस गया है। वन अधिनियम के गैर-जमानती वारंटी गणेश यादव, पिता गंदौरी यादव, निवासी उरीदिरी गांव, को कटकमसांडी पुलिस ने बुधवार को एक सुनियोजित कार्रवाई में गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। थाना प्रभारी शिवम कुमार गुप्ता ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध वन विभाग का वारंट पहले से निर्गत था तथा वह कई दिनों से फरार चल रहा था। पुलिस टीम लगातार उसकी गतिविधियों पर नजर बनाए हुए थी। अंततः थाना प्रभारी की सक्रियता, कुशल नेतृत्व और सतर्क पुलिसिंग के कारण उसे धर दबोचा गया। स्थानीय लोगों ने इस कार्रवाई को पुलिस की बड़ी उपलब्धि बताया है। वन संरक्षण से जुड़े मामलों में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी से कानून का विश्वास मजबूत होती है और ऐसे अभियान से अपराधियों में स्पष्ट संदेश जाता है कि किसी भी कीमत पर अपराध कर बचना संभव नहीं है। थाना प्रभारी शिवम कुमार गुप्ता एवं उनकी टीम की तत्परता की हर ओर सराहना हो रही है। पुलिस का कहना है कि आगे भी ऐसे आरोपितों पर लगातार कार्रवाई जारी रहेगी।

---

वार्ड कांग्रेस कमेटी के गठन, बूथ लेवल एजेंट चयन व फॉर्म-2 भरने की प्रगति की समीक्षा के लिए हुई बैठक

# कांग्रेस की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचायें : केशव महतो

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग** : जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में ग्राम पंचायत कांग्रेस कमेटी एवं वार्ड कांग्रेस कमेटी के गठन, बूथ लेवल एजेंट चयन तथा फॉर्म-2 भरने की प्रगति की समीक्षा हेतु एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। आयोजित बैठक की अध्यक्षता पूर्व मंत्री सह जिला अध्यक्ष जय प्रकाश भाई पटेल ने की। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि संगठन सुदृढ़ीकरण के लिए बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने, समयबद्ध तरीके से कमेटियों के गठन को पूरा करने और कांग्रेस की विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाना हम सभी कांग्रेसियों का



कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि संगठन सृजन 2025 में संगठन को युद्ध स्तर पर मजबूत कर आने वाले लोकसभा के चुनाव में राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाना कांग्रेस पार्टी का लक्ष्य है। और ये लक्ष्य तब ही पूरा हो सकता है जब हम सभी भेद-भाव को भूला कर ईमानदारी से कांग्रेस पार्टी का कार्य करते रहें। उन्होंने कहा की जिस तरह से हमारे प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी तमाम तथ्यों के साथ वोट चोरी का उजागर किया है हमें वोट चोर गद्दी छोड़ दिल्ली की रैली में शामिल होकर राम लीला मैदान को भर देना है। कार्यक्रम का संचालन पूर्व जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव ने किया। मौके पर प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सह जिला प्रभारी जलेश्वर महतो प्रदेश से आए पदाधिकारी अमूल निरज खलखो, सुर्य कांत शुक्ला विशिष्ट रूप से उपस्थित हुए। जिला कांग्रेस के मीडिया अध्यक्ष निसार खान ने बताया कि कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष भीम कुमार प्रदेश महासचिव बिनोद कुशवाहा प्रदेश सचिव अवधेश कुमार सिंह, बिनोद सिंह, शशि मोहन सिंह पूर्व सदर विधानसभा के प्रत्याशी मुन्ना सिंह एससी सेल प्रदेश अध्यक्ष केदार पासवान वरिष्ठ कांग्रेसजन महिला कांग्रेस युवा कांग्रेस एनएसयुआइ कांग्रेस सेवा दल के अध्यक्षगण नगर अध्यक्ष प्रखंड अध्यक्षगण प्रकोष्ठ और मंच मोर्चा के अध्यक्षगण जिला कांग्रेस के पदाधिकारी तथा कार्यकर्ता सैकड़ों की संख्या में उपस्थित थे।

---

हॉस्पिटल का लक्ष्य

# गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं हर बच्चे तक पहुंचाना

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग** : शहर में बुधवार को एचजेडबी आरोग्यम कुणाल वीमेन एंड चिल्ड्रन हॉस्पिटल एवं सीडलिंग्स प्ले स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में स्कूल परिसर में निःशुल्क बाल स्वास्थ्य एवं कल्याण शिविर का अत्यंत सफल और सुव्यवस्थित आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य छोटे बच्चों के स्वास्थ्य की नियमित निगरानी के साथ-साथ अभिभावकों को वैज्ञानिक एवं विश्वसनीय स्वास्थ्य जानकारी प्रदान करना रहा, ताकि बचपन से ही स्वास्थ्य जागरूकता को मजबूत आधार मिल सके। शिविर सुबह से ही अभिभावकों और बच्चों की उपस्थिति से गुलजार रहा। शहर के प्रतिष्ठित विशेषज्ञ डॉ. अमित कुमार, डॉ. प्रकाश चंद्रा और डॉ. सुरभि कुमारी अपनी पूर्ण टीम के साथ उपस्थित रहे और सभी बच्चों का समग्र स्वास्थ्य परीक्षण किया। डॉक्टरों ने प्रत्येक बच्चे की विस्तृत हेल्थ प्रोफाइल तैयार की, सामान्य जांच के साथ विकास संबंधी महत्वपूर्ण पैरामीटरों की भी समीक्षा की तथा किसी भी संभावित समस्या को लेकर समय रहते आवश्यक परामर्श दिया। चिकित्सकों ने अभिभावकों से अवसर का लाभ उठाते हुए बच्चों में पोषण की कमी, नियमित टीकाकरण, मौसम बदलने पर होने वाली सामान्य बीमारियाँ, मानसिक विकास, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के तरीके और निवारक स्वास्थ्य देखभाल के महत्व पर विशेष रूप से चर्चा की। उन्होंने कहा कि छोटे बच्चों के लिए नियमित स्वास्थ्य परीक्षण केवल उपचार ही नहीं बल्कि भविष्य में होने वाली गंभीर बीमारियों से बचाव का सबसे प्रभावी तरीका है। शिविर के दौरान अभिभावक बेहद सहज और संतुष्ट दिखे। उनका कहना था कि स्कूल परिसर में ही अपनी सुविधा के अनुसार बच्चों की जांच कराना आसान हुआ और डॉक्टरों से सीधे बातचीत कर स्वास्थ्य संबंधी कई महत्वपूर्ण जानकारियाँ मिलीं। कई अभिभावकों ने यह भी कहा कि ऐसी पहलें बच्चों के प्रति संस्थानों की संवेदनशीलता और जिम्मेदारी को दर्शाती हैं। विद्यालय की प्रिंसिपल पल्लवी कृष्णा ने शिविर की सफलता पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि सीडलिंग्स प्ले स्कूल बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए सदैव तत्पर है और बाल स्वास्थ्य को सुदृढ़ करना इसी दिशा का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

---

# सुदेश महतो व संजय मेहता मिलन समारोह को करेंगे सम्बोधित

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग** : झारखंड में आजसू पार्टी की सक्रियता लगातार बढ़ रही है। जनहित के मुद्दों को पुरजोर तरीके से उठाने के साथ-साथ संगठनात्मक विस्तार पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

इसी क्रम में 14 दिसंबर को नगर भवन, हजारीबाग में आजसू पार्टी द्वारा सदस्यता सह मिलन समारोह भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में सामाजिक, राजनीतिक और युवा कार्यकर्ता पार्टी से जुड़ेंगे।

**आयोजन की तैयारी को लेकर जिला समिति की बैठक**

**कार्यक्रम** की तैयारियों को लेकर हजारीबाग परिसदन भवन में आजसू पार्टी की जिला समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि आजसू पार्टी



के केंद्रीय महासचिव एवं पूर्व लोकसभा प्रत्याशी संजय मेहता उपस्थित रहे। उन्होंने आगामी समारोह को ऐतिहासिक और अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि हजारीबाग में संगठन के प्रति बढ़ती रुचि और विश्वास यह साबित करता है कि आजसू पार्टी झारखंड की नई राजनीतिक दिशा तय करने में अहम भूमिका निभा रही है। संजय मेहता लगातार आयोजन की सफलता को लेकर बैठकों का आयोजन कर रहे हैं। संजय मेहता ने बताया कि समारोह में आजसू पार्टी के सुप्रीमो सुदेश महतो स्वयं उपस्थित रहेंगे और अपने हाथों से नव-सदस्यों को पार्टी की सदस्यता प्रदान करेंगे। उन्होंने कहा कि आजसू पार्टी झारखंड के संघर्ष और अस्मिता की धरोहर है। संगठन में हो रहा लगातार विस्तार जनविश्वास का प्रमाण है। हजारीबाग में आयोजित यह समारोह युवाओं और समाज के विभिन्न वर्गों को नई ऊर्जा और दिशा देगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि प्रदेश भर से लोग आजसू की नीतियों, पारदर्शी राजनीति और जन-सरोकारों के प्रति समर्पित दृष्टिकोण से प्रभावित होकर जुड़ रहे हैं। हजारीबाग का यह कार्यक्रम संगठन के लिए नई संभावनाओं के द्वार खोलने वाला साबित होगा।

---

# बड़ा बाजार दुर्गा पूजा महासमिति को मिला द्वितीय स्थान

**हजारीबाग** : हजारीबाग के प्रतिष्ठित बड़ा बाजार दुर्गा पूजा महासमिति ने इस वर्ष एक बार फिर अपनी उत्कृष्टता साबित की है। शहर के सबसे चर्चित पंडालों में शुमार यह महासमिति वर्ष 2025 में सनराइज मसाला द्वारा आयोजित विशेष प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान की विजेता बनी। प्रतियोगिता में पूजा पंडाल की आकर्षक रूपरेखा, सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति और डांडिया आयोजन को मानकों के आधार पर परखा गया था, जिनमें महासमिति ने शानदार प्रदर्शन किया। विजेता घोषित होने पर समिति को 20,000 रु की पुरस्कार राशि प्रदान की गई। अध्यक्ष प्रमोद यादव ने इस सम्मान को माता रानी का विशेष आशीर्वाद बताते हुए कहा कि पूजा-अर्चना की समाप्ति के बाद भी माता रानी का यह कृपा-प्रसाद महासमिति को निरंतर प्रेरित करता है। उन्होंने सनराइज मसाला, उसके डिस्ट्रीब्यूटर अरुण पाटनी, अश्विन जैन पाटनी और डांडिया

---

# जेएसएससी सीजीएल में विष्णुगढ़ से आधे दर्जन से अधिक अभ्यर्थियों ने प्रखंड क्षेत्र का नाम राज्यभर में किया रौशन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**विष्णुगढ़** : विष्णुगढ़ प्रखंड क्षेत्र में जेएसएससी सीजीएल परीक्षा परिणाम में आधे दर्जन से अधिक अभ्यर्थियों ने अपनी कड़ी मेहनत से उपलब्धियों प्राप्त कर पूरे क्षेत्र का राज्यभर में अपना गौरव बढ़ाया है। जिससे इनके परिजनों समेत पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है। सफल होने वाले अभ्यर्थियों में चानो निवासी कोनार रेस्टोरेंट के प्रोपराइटर घनानंद पटेल एवं भाजपा नेता भुवनेश्वर पटेल की पुत्रवधू दीपशिखा महतो पति अभिषेक नंद पटेल के अलावा भेलवारा पंचायत के उरगी निवासी विजय महतो पिता थानेश्वर महतो, खरना निवासी नारायण महतो, बारा निवासी चंद्रशेखर प्रसाद, करगालो निवासी रवि शर्मा एवं



भोला साव, सिरया पंचायत के तेजो महतो पिता अनिल कुमार महतो आदि शामिल हैं। इन अभ्यर्थियों के अलावा बनासो नावाटांड के शाखा डाकपाल प्रभाकर करमाली का भी चयन जेएसएससी सीजीएल परीक्षा में हुआ है। इनमें दीपशिखा महतो को कनीय सचिवालय सहायक पद आवंटित हुआ है। वहीं, विजय महतो का चयन श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी के रूप में हुआ है। नारायण महतो तथा चंद्रशेखर प्रसाद प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी के रूप में चयनित हुए हैं। नारायण महतो वर्तमान में भारतीय रेलवे में सेवा दे रहे हैं। वहीं, चंद्रशेखर प्रसाद बिहार राज्य में शिक्षक के पद में पदस्थापित हैं। प्रभाकर करमाली को सहायक प्रशाखा पदाधिकारी पद आवंटित हुआ है। परीक्षा परिणाम जाने होने के बाद इनके परिजनों ने खुशी का माहौल है। इन अभ्यर्थियों की सफलता पर पूर्व जिप सदस्य मिथिला पटेल, कोडरमा सांसद प्रतिनिधि भुवनेश्वर पटेल, सारूकुदर की पूर्व मुखिया रोमा देवी, समाजसेवी सह गुरूग्राम पब्लिक स्कूल के प्रोपराइटर प्रभात कुमार, चानो मुखिया गीता देवी, पूर्व मुखिया डुमरचंद महतो, भेलवारा मुखिया लक्ष्मी कुमारी, गंगाधर महतो, तुलसी महतो समेत कई लोग शामिल हैं।

---

# विभावि के शिक्षाशास्त्र विभाग में मनाया गया विश्व मानव अधिकार दिवस



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग** : विनोबा भावे विश्वविद्यालय के शिक्षाशास्त्र विभाग के तत्वावधान में बुधवार को विश्व मानव अधिकार दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। विषय था मानव अधिकार और शिक्षा। विभागाध्यक्ष प्रो तनवीर यूनुस ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। कार्यक्रम में विद्यार्थियों में रौशन, पंकज, निशा, उमर, फारूक, उसलूब, सानिया, रिजवी, सुनिधि, पारुल, आकांक्षा, रितु, रक्षिता, खुशबू, शालिनी, भावना, श्याम सुंदर, नेहा आदि प्रशिक्षुओं ने मानव अधिकार के विभिन्न बिंदुओं पर अपने विचार रखें। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रो तनवीर यूनुस तथा डॉ मृत्युंजय प्रसाद ने मानव अधिकार दिवस की शुभकामनाएं दी। इससे पूर्व आचार्य विनोबा भावे के चित्र पर पुष्पअर्पण तथा दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मंच का संचालन विभागीय प्राध्यापक डॉ. निशा सिन्हा तथा धन्यवाद ज्ञापन चौधरी प्रेम प्रकाश ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विभागीय प्राध्यापक डॉ विनीता बनकीरा, डॉ. अमिता कुमारी तथा डॉ. कुमारी भारती ने महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया। कार्यक्रम में 4-वर्षीय बीएड पाठ्यक्रम तथा एमएड पाठ्यक्रम के प्रशिक्षु अच्छी संख्या में उपस्थित हुए।

---

# विद्यार्थियों ने बिहार के ऐतिहासिक स्थलों का किया शैक्षणिक भ्रमण

सराहनीय

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चौपारण** : किताबों में पढ़ी अवधारणाओं को प्रत्यक्ष रूप से अनुभव करने और उन्हें वास्तविक जीवन से जुड़ने के उद्देश्य से सक्सेस प्वाइंट कोचिंग संस्थान एवं संगम डिग्री कॉलेज के संचालक प्रकाश कुमार के नेतृत्व में बच्चों ने किया शैक्षणिक भ्रमण। निर्देशक प्रकाश कुमार ने बताया कि हमारे कॉलेज और कोचिंग से बच्चे प्रत्येक वर्ष झारखंड बिहार और अन्य राज्यों में शैक्षणिक भ्रमण के लिए जाते रहते हैं इस बार बच्चे राजगीर पावापुरी और नालंदा शैक्षणिक भ्रमण के लिए निकलेसंचालक ने बच्चों को बताया कि नालंदा विश्वविद्यालय दुनिया को 700 साल तक ज्ञान देता रहा नालंदा विश्वविद्यालय प्राचीन भारत का एक विश्व-प्रसिद्ध शिक्षा केंद्र था, जो 5वीं से 12वीं शताब्दी तक फला-फूला, दुनिया भर से छात्रों को आकर्षित करता था, और बौद्ध शिक्षा के साथ-साथ विभिन्न



विषयों का केंद्र था, जिसमें 10,000 छात्र और 2,000 शिक्षक थे, जो अपनी विशाल लाइब्रेरी और प्रवेश के लिए कठिन परीक्षा के लिए जाना जाता थोऔर भी बहुत तरह के जानकारी संचालक के द्वारा दी गईउसके बाद राजगीर के बारे में बताया कि राजगीर का विश्व शांति स्तूप बिहार के रत्नागिरी पर्वत की चोटी पर स्थित एक सुंदर, सफेद रंग का स्तूप है, जिसे जापानियों द्वारा बनवाया गया है, जो शांति और सद्भाव का प्रतीक है और यहां से चारों दिशाओं में बुद्ध की प्रतिमाएं स्थापित है जो बौद्ध धर्म का महत्वपूर्ण स्थल है। उसके बाद बच्चों ने पावापुरी का भी भ्रमण कियो शैक्षणिक भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों में मोनिका यादव पिंकी यादव अनु कुमारी स्वाती कुमारी रिया कुमारी अंशु कुमारी डोली कुमारी सोनाक्षी कुमारी नेहा कुमारी अनीषा कुमारी श्रुति कुमारी सिम्मी कुमारी स्वीटी कुमारी सोनाली कुमारी पायल कुमारी गुलशन खातून अंजुम प्रवीण अंजू कुमारी राखी कुमारी काजल कुमारी साक्षी कुमारी मोनिका शर्मा संजना कुमारी अंजली कुमारी दीपिका कुमारी गुनगुन कुमारी जया कुमारी रफत खातून आशिया खातून नीरज कुमार साजन कुमार राज कुमार अनोज कुमार शिवम कुमार सोनू कुमार मुन्ना कुमार पीयूष कुमार पवन कुमार अंकुश कुमार विवेक कुमार शुभांशु कुमार रितेश कुमार अमर कुमार बादल कुमार माशूक अंसारी इत्यादि शामिल थे।

---

# जामताड़ा के बाद अब बरकट्ठा बना साइबर क्राइम का हॉटस्पॉट

क्राइम

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बरकट्ठा** : प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों में साइबर क्राइम काफी तेजी से पांव पसार रहा है। बढ़ते साइबर क्राइम के मामले में जामताड़ा के बाद बरकट्ठा एक बार फिर से सुर्खियों में आने लगा है। एक वर्ष पूर्व तक लगातार हुई पुलिसिया कार्रवाई से इसमें कमी आ गई थी। जो पिछले तीन-चार महीने से पुनः व्यापक रूप से अपनी जड़ें मजबूत करने में लगे हैं। इस कार्य में कई स्थानीय जनप्रतिनिधियों का संरक्षण और प्रशासनिक अधिकारी के द्वारा जानकारी होने के बाद भी कार्रवाई नहीं करने पर लोग सवाल खड़े कर रहे हैं। बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र में साइबर क्राइम के जाल में युवकों का रुझान कम समय में करोड़पति बनने को लेकर लगातार बढ़ता जा रहा है। प्रखंड के ग्राम बरवां, मासीपीढ़ी, तुईयो, कपका, गंगपांचो, सलैया समेत कई गांवों में इसका नेटवर्क हाल के दिनों में तेजी से मजबूत हुआ है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि इस अवैध गतिविधि को कुछ जनप्रतिनिधियों का संरक्षण मिल रहा है। जिसकी वजह से प्रशासन के द्वारा कभी-कभार की जाने वाली कार्रवाई भी पहुंच और खेला होबे के कारण असरदार साबित नहीं हो पाती है। ग्रामीणों के मुताबिक हर बार छापेमारी के बाद भी आरोपी मोटी रकम देकर बच निकलते हैं।

**कैसे अंजाम दे रहे हैं ठगी**

**साइबर** अपराधी इंटरनेट पर सक्रिय सेक्स रैकेट और संदिग्ध वेबसाइटों पर अपना मोबाइल नंबर दर्ज कराते हैं। कॉल आने पर वे आपत्तिजनक फोटो या सामग्री भेजकर लोगों को अपने जाल में फंसाते हैं। इसके बाद ब्लैकमेलिंग कर पैसे वसूले जाते हैं।

---

# सुरेखा प्रकाश भाई पब्लिक स्कूल में भव्य वार्षिक विज्ञान प्रदर्शनी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चौपारण** : नवभारत जागृति केंद्र द्वारा संचालित सुरेखा प्रकाश भाई पब्लिक स्कूल में सोमवार को आयोजित वार्षिक विज्ञान प्रदर्शनी पूरे उत्साह और भव्यता के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का उद्घाटन एसडीओ जोहान टूडू, सीओ एवं बीडीओ संजय यादव, तथा नितेश भास्कर ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।

विद्यालय के सचिव गिरिजा सतीश और प्रधानाध्यापिका रीना पांडे के नेतृत्व में आयोजित इस प्रदर्शनी में छात्रों ने अपनी प्रतिभा और वैज्ञानिक सोच का शानदार प्रदर्शन किया। विज्ञान प्रदर्शनी के साथ ही छात्रों द्वारा खाना पकाने व विविध व्यंजनों से जुड़े आकर्षक स्टॉल भी लगाए गए, जिसने आगंतुकों का ध्यान खींचा।



कार्यक्रम में छात्रों ने 50 से अधिक नवाचारी वैज्ञानिक मॉडल प्रदर्शित किए, जिनमें एआई आधारित मॉडल, वॉइस कंट्रोल रिमोट, अपशिष्ट प्रबंधन एवं पुनर्चक्रण, हाइड्रोपोनिक खेती, वायु शोधक, होलोग्राम, स्वचालित डस्टबिन, यातायात नियंत्रण प्रणाली, आपदा प्रबंधन उपकरण, वर्षा जल संचयन, जैविक कृषि मॉडल, हरित ऊर्जा, हृदय एवं फेफड़े का कार्यशील मॉडल, डीएनए स्ट्रक्चर, हाइड्रोलिक ब्रिज, चंद्रयान-~~क्कक~~, स्मार्ट सिटी, पवन टर्बाइन तथा जल शोधन प्रणाली जैसी अत्याधुनिक वैज्ञानिक परियोजनाएं शामिल रहीं। हर मॉडल अपने आप में अनोखा और बच्चों की रचनात्मक क्षमता का उत्कृष्ट उदाहरण रहा। आगंतुकों ने बच्चों का उत्साह बढ़ाया और सराहना की। मुख्य अतिथियों ने प्रदर्शनी की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम छात्रों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण और नवाचार की भावना को प्रोत्साहित करते हैं। विद्यालय के सचिव और प्रधानाध्यापिका ने सभी छात्रों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए उन्हें समाज का आदर्श नागरिक बनने का संदेश दिया प्रदर्शनी पूरे दिन शिक्षकों, अभिभावकों और ग्रामीणों के आकर्षण का केंद्र बनी रही।

---

# सीताराम साव की मौत पर परिजनों ने की सीआईडी जांच की मांग



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**केरेडारी** : केरेडारी थाना क्षेत्र अंतर्गत बेंगवरी गांव निवासी सीताराम साव का शव 6 दिसम्बर को हेवई गांव के एक कुआं से मिला था। सीताराम साव की संदिग्ध मौत के उपरांत पुत्र संजीत कुमार और मुखिया प्रतिनिधि अमित दुबे समेत अन्य ग्रामीणों ने केरेडारी थाना प्रभारी को लिखित आवेदन देने कि तैयारी में है जिसमें सीताराम साव के मौत पर सीआईडी जांच की मांग की गई है। दिये गये आवेदन में कहा गया है कि 5 दिसंबर को सीताराम साव की हत्या कर हत्यारे द्वारा शव को कुआं में डाल देने की बात कही गई है। जिसका शव 06 दिसम्बर को हेवई गांव के एक कुआं से मिला। शव पर चोट के कई निशान थे। जिससे यह प्रतीति होती है कि सीताराम साव की हत्या कर दी गई है।

---

# 17 वर्षीय नाबालिग का शव फांसी से लटका मिला, इलाके में सनसनी

**हजारीबाग** : हजारीबाग के कोर्रा थाना क्षेत्र के बाबूगांव स्थित एक लॉज में मंगलवार को 17 वर्ष के नाबालिग युवक अंकित कुमार का शव फांसी के फंदे से लटका मिला। घटना सामने आते ही पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। मिली जानकारी के अनुसार, जब कमरे का दरवाजा खोला गया तो पता चला कि वह अंदर से बंद था। जोर से धक्का देने पर दरवाजा खुला। अंदर जाते ही अंकित का शव फंदे से झूलता मिला। यह दृश्य देखकर रूममेट घबराकर बाहर आया और तुरंत मोहल्लेवासियों को सूचना दी। स्थानीय लोगों ने इसकी जानकारी कोर्रा पुलिस को दी। सूचना मिलते ही कोर्रा थाना प्रभारी अजीत कुमार दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना अंकित के माता-पिता को दे दी गई है।

---

# विधायक ने सदन में उठाया ग्रामीण व शहरी सड़कों के नवनिर्माण का प्रश्न

शीतकालीन सत्र

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग** : झारखंड विधानसभा का शीतकालीन सत्र जारी है। इस दौरान हजारीबाग के विधायक प्रदीप प्रसाद लगातार जनहित से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों को मुखरता से सदन में उठा रहे हैं। गुरुवार को उन्होंने ग्रामीण एवं शहरी सड़कों की बदहाल स्थिति और नवनिर्माण की मांग को जोरदार तरीके से सदन के पटल पर रखा।

L&T कंपनी की कार्यशैली पर सवाल-सड़कें खोदी गयीं, लेकिन पुनर्निर्माण नहीं किया गया।

हजारीबाग नगर निगम क्षेत्र में L&T कंपनी द्वारा पेयजल पाइपलाइन बिछाने के दौरान जहां-जहां सड़कें खोदी गयीं, वहां उनका सही ढंग से पुनर्निर्माण नहीं किया गया। परिणामस्वरूप शहर की अधिकांश सड़कें जर्जर हो चुकी हैं और आवागमन दुष्कर हो गया है। इस पर विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा है कि मैंने इस गंभीर मुद्दे को सदन में मजबूती से उठाया, लेकिन सरकार का जवाब न तो संतोषजनक था और न ही जमीनी सच्चाई से मेल खाता है। विभाग केवल कागजी रिपोर्टों के आधार पर जवाब दे रहा है,



जबकि वास्तविक स्थिति पूरी तरह अलग है। उन्होंने बताया कि नगर निगम, एनएच, रिंग रोड और ग्रामीण क्षेत्रों की सड़क निर्माण और मरम्मत कार्य लगभग ठप पड़े हुए हैं, जिसके खिलाफ वे लगातार आवाज उठा रहे हैं।

**सदन** में विधायक प्रदीप प्रसाद ने हजारीबाग सदर प्रखंड की दो महत्वपूर्ण सड़कों ग्राम मरहेता से ग्राम पौंता और केसुरा मोड़ से ग्राम सरौनी की अत्यंत खराब स्थिति का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि वर्षों से स्थानीय लोग इन जर्जर सड़कों पर कठिनाई झेल रहे हैं। स्कूल जाने वाले बच्चों से लेकर रोज यात्रा करने वाले नागरिकों तक, सभी के लिए ये सड़कें दुर्घटना का कारण बन गई हैं।

विधायक ने यह भी प्रश्न उठाया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में उनके द्वारा अनुशंसित ग्रामीण सड़क और जनहितकारी योजनाओं पर आज तक कोई कार्य क्यों प्रारंभ नहीं हुआ। सरकार की ओर से दिए गए उत्तर में कहा गया कि निधि उपलब्ध नहीं है।

इस पर उन्होंने कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह न केवल हास्यास्पद है, बल्कि जनता के साथ सीधा धोखा है। विकास के लिए धन न होना सरकार की असफलता का स्पष्ट प्रमाण है। उन्होंने कहा कि जब सड़कें टूट रही हैं, दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं, और जनता परेशान है, तब सरकार का इस तरह मौन रहना और गोलमोल जवाब देना अत्यंत निंदनीय है।

**विधानसभा परिसर में सरकार की वादाखिलाफी के खिलाफ प्रदर्शन**

**विधानसभा** परिसर में विधायक प्रदीप प्रसाद ने भाजपा विधायकों के साथ मिलकर वर्तमान राज्य सरकार की वादाखिलाफी और उदासीन रवैये के खिलाफ प्रदर्शन भी किया। प्रेस और मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार ने चुनाव के समय 'एक वोट के बदले 7 वादों की गारंटी' दी थी, लेकिन सत्ता में आते ही उन वादों को भुला दिया गया। जनता को आश्वासन मिला, लेकिन बदले में निराशा और धोखा।

विधायक प्रदीप प्रसाद ने स्पष्ट कहा कि वे हजारीबाग की जनता की सुविधा, सुरक्षा और विकास के मुद्दों को लेकर सदन और सड़क–दोनों जगह अपनी लड़ाई जारी रखेंगे। जब तक सरकार जवाबदेह नहीं बनती और वादे जमीन पर नहीं उतरते, हम जनता की आवाज बुलंद करते रहेंगे।

## एक झलक

### सिंदरी बस्ती मल्लिक टोला में मागाराम की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि



**सिंदरी (धनबाद):** मागाराम स्मृति समिति द्वारा मल्लिक टोला में श्रमिक नेता मागाराम मल्लिक की 13 वीं पुण्यतिथि मनाई गई । पूर्व विधायक आनंद महतो ने मागाराम की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी । इस अवसर पर कहा कि मागाराम का संघर्ष और त्याग आज भी हमारे लिए प्रेरणा दायक है । युवाओं को उनसे प्रेरणा लेकर सामाजिक कार्यों में भाग लेना चाहिए । उन्होने दिवंगत विमल चटर्जी की भी प्रतिमा लगाने की घोषणा की।

कार्यक्रम की अध्यक्षता राजीव मुखर्जी ने किया । सभा में छोटन चटर्जी ,सुरेश प्रसाद ने कहा कि हर वर्ष हम इस कार्यक्रम का आयोजन कर मागाराम से संघर्ष की प्रेरणा लेते हैं । मौके पर जीतू सिंह ,परशुरीम सिंह ,राजू पांडेय ,अशोक महतो ,दशरथ ठाकु,मिथुन मंडल ने भी संबोधित किया ।

### बीसीसीएल एरिया 6 महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष भाजपा का धरना 17 को

**धनबाद:** भाजपा ओबीसी मोर्चा, धनबाद महानगर के मीडिया प्रभारी कोशल वर्मा ने बीसीसीएल एरिया 6 के महाप्रबंधक को पत्र प्रेषित किया है। जिसमें उन्होंने कहा है कि पूर्व में स्थानीय लोगों की मूलभूत आवश्यकता बिजली, पानी, स्वस्थ्य, नाली, आदि हेतु विभागीय कार्यालय में आवेदन पत्र दिया गया पर समस्याओं का निदान नहीं हुआ।

जिससे जनता में रोष है तथा वे अब अपना हक व अधिकार को लेने के लिए आंदोलन करने पर उतारू है। लोग अपनी माँगों के लिए प्रबंधन मुख्यालय के समक्ष 17 दिसम्बर को धरना प्रदर्शन देंगे। इस संबंध में धनबाद उपायुक्त सहित प्रशासन को सूचना दे दी गई है।

### प्रेस लिखे वाहन से पुलिस ने जप्त किया गाय व दो बछड़ा




**धनबाद:** असामाजिक तत्वों द्वारा अपने वाहन पर प्रेस शब्द लिख कर उसका गलत दुरुपयोग किया जाने लगा है। ऐसा ही एक मामला प्रकाश में आया है। बुधवार की अहले सुबह एक मारुति र4 कार जिसपर प्रेस का बोर्ड लगा हुआ था धनसार की ओर से झरिया रोड में चालक द्वारा लापरवाही पूर्वक चलाया जा रहा था। बैंकमोड पुलिस द्वारा गाड़ी की संदिग्ध स्थिति को देखते हुए जब इसे रुकने का इसारा किया गया तब चालक ने पुलिस को चकमा देकर और तेजी से गाड़ी को भगाया । इसी क्रम में उक्त कार श्रीराम प्लाजा के पास डिभाईडर से टकरा गई। इसी क्रम में उसमें सवार तीन व्यक्ति गाडी छोड़कर भाग निकले। पुलिस द्वारा गाड़ी की तलासी लेने पर उसमें एक गाय और दो बछड़ा लोड पाया गया । उक्त गाड़ी एवं पशु को बैंकमोड थाना लाया गया है। इससंबंध में सुसंगत धाराओ के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज कर अग्रेतर कार्यवाई की जा रही है।

### विश्व मानव अधिकार दिवस का आयोजन



**सिंदरी (धनबाद):** डीएवी पब्लिक स्कूल सिंदरी में बुधवार को वाश्व मानव अधिकार दिवस का आयोजन किया गया । इस अवसर पर बच्चो ने मानव अधिकार से संबधित लघु नाटिका प्रस्तुत किया । इनमें अभिनव घोष , श्रेयस पांडेय , शेख अजलान , आनंद गोपाल द्विवेदी ,अदिती कुमारी ,उर्वी सोरेन ,ओमकार मुखर्जी और सार्थक राज ने अपनी प्रस्तुति से अमिट छाप छोडी । छात्रो ने विश्व मानव अधिकार से संबधित एक प्रेरक भाषण में प्रभावी विचार रखे । मानव अधिकारों पर आधारित एक लघु नाटिका भी प्रस्तुत किया गया ।

# धनबाद पुलिस केन्द्र में आधुनिक परिवहन शेड का डीसी और एसएसपी ने किया लोकार्पण

■ आई एस एम के सहयोग से पुलिस पदाधिकारियों को मिलेगा तकनीकी प्रशिक्षण




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद** : सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने और पुलिस बल को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में धनबाद जिला ने एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। बुधवार को पुलिस केंद्र धनबाद में नव निर्मित परिवहन शेड का भव्य उद्घाटन उपायुक्त आदित्य रंजन और वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर कई पुलिस पदाधिकारी, जवान और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। नए परिवहन शेड के निर्माण के बाद पुलिस केंद्र में मौजूद लगभग 50 से अधिक छोटी-बड़ी गाड़ियों को अब सुरक्षित और व्यवस्थित ढंग से पार्क किया जा सकेगा। शेड के नीचे पुलिस लाइन की बस, वाटर केनन, बज्र वाहन, रक्षक वाहन, जीप और अन्य छोटे वाहनों का सुरक्षित पड़ाव बनेगा, जिससे किसी भी आकस्मिक परिस्थिति में वाहनों का त्वरित उपयोग संभव हो सकेगा।

**पुलिस बल की आवश्यकताओं को प्राथमिकता: उपायुक्त**

**उद्घाटन** समारोह में उपायुक्त आदित्य रंजन ने कहा कि पुलिस बल दिन-रात कड़ी परिस्थितियों में काम करता है। ऐसे में उनकी बुनियादी जरूरतों और सुविधाओं को पूरा करना जिला प्रशासन की शीर्ष प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि पुलिस बल को हर आवश्यक संसाधन प्रदान करने की दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है। डीसी ने बताया कि जिले के पुराने और जर्जर थाना व ओपी भवनों का सर्वे कर लिया गया है। उनकी मरम्मत और पुनर्निर्माण का कार्य सीएसआर फंड से शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा। बरवाअड्डा थाना को मुख्य सड़क से जोड़ने वाली सड़क के निर्माण को भी मंजूरी मिल चुकी है, और जल्द ही इस सड़क का निर्माण पूरा होने के बाद स्थानीय नागरिकों एवं पुलिस बल का आवागमन अधिक सुविधाजनक हो जाएगा। उन्होंने कहा कि डिजिटल पुलिसिंग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सभी थाना और ओपी को अतिरिक्त कंप्यूटर, प्रिंटर और अन्य आवश्यक इलेक्ट्रॉनिक उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे। साथ ही, पुलिस कर्मियों को तकनीकी रूप से और अधिक सक्षम बनाने के लिए आईआईटी (आईएसएम) के सहयोग से एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम भी शुरू किया जाएगा। यह प्रशिक्षण पुलिस बल को आधुनिक तकनीकों और नई विधियों से लैस करेगा। एसएसपी ने जानकारी देते हुए बताया कि शेड के पीछे आधुनिक शौचालय और स्नानघर का निर्माण तेजी से किया जा रहा है, जिससे पुलिस बल को और बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। पुलिस केंद्र में 225 बेड क्षमता वाले बड़े बैरक का निर्माण कार्य भी जारी है, जिसमें जवानों के आराम और रहने की बेहतरीन व्यवस्था होगी। इसके अलावा परिसर में बहुउद्देश्य हॉल, नाला निर्माण, जल निकासी व्यवस्था और अन्य सिविल कार्य भी तीव्र गति से किए जा रहे हैं। एसएसपी ने बताया कि हाल ही में धनबाद पुलिस को 150 नई पेट्रोलिंग बाइक उपलब्ध कराई गई हैं। ये बाइक थाना क्षेत्रों में गश्ती को गति देने और अपराध नियंत्रण ने सहायक साबित हो रही है। आने वाले समय में कुछ और आधुनिक वाहन धनबाद को मिलने वाले हैं, जिनका वितरण विभिन्न थाना, ओपी और पुलिस कार्यालयों में किया जाएगा। पदाधिकारियों और जवानों को संबोधित करते हुए एसएसपी ने कहा कि पुलिस बल की आवश्यकताओं और सुविधाओं का पूरा ध्यान रखा जा रहा है।

## निरसा में नि:शुल्क नेत्र जांच एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन 17 को




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद/निरसा** : गुरुदास भवन निरसा में बुधवार को गुरुदास चटर्जी फाउंडेशन का बैठक हुई।

बैठक में निर्णय लिया गया कि गुरुदास चटर्जी फाउंडेशन द्वारा आगामी 17 दिसंबर 2025 को नेताजी नेत्र अस्पताल रामचंद्रपुर के सहयोग से निशुल्क नेत्र जांच मोतियाबिंद प्ररीक्षण शिविर का आयोजन गुरुदास भवन कार्यालय पुराना निरसा में किया जाएगा । गुरुदास चटर्जी फाउंडेशन के मनु सिंह ने बताया कि जांच 17 दिसंबर को सुबह 9:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक किया जाएगा, जांच में मोतियाबिंद पाए गए रोगियों को उसी दिन ऑपरेशन के लिए नेताजी नेत्र अस्पताल रामचंद्रपुर ले जाया जाएगा। ऑपरेशन के बाद रोगियों को ऑपरेशन, लेंस, दवा ,काला चश्मा आने जाने के लिए कोई खर्च नहीं लिया जाएगा। संपूर्ण इलाज ऑपरेशन के बाद रोगियों को वापस गुरुदास भवन निरसा शिविर में लाया जाएगा ।

## गुजराती हिंदी उच्च विद्यालय में मानवाधिकार एवं एचआईवी एड्स पर कार्यशाला सम्पन्न




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**झरिया (धनबाद):** झरिया गुजराती हिंदी उच्च विद्यालय झरिया में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण धनबाद के तत्वाधान में बुधवार को मानवाधिकार एवं एचआईवी एड्स पर कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के मंच तले जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, धनबाद के रिसोर्स पर्सन के रूप में एडवोकेट नीरज कुमार गोयल एवं एडवोकेट शैलेंद्र कुमार झा ,पीएलवी विशाल कुमार यादव, राजेंद्र कुमार शर्मा, अरुण कुमार, राजू प्रमाणिक, आनंद चक्रवर्ती उपस्थित थे। अधिवक्ता शैलेंद्र कुमार झा ने छात्राओं को एचआईवी एड्स क्या है, यह कैसे फैलता है, कैसे इसका फैलाव रोका जाए, बचाव कैसे करें, एचआईवी की जांच क्यों जरूरी है इसका उपचार एवं भेदभाव से बचने पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने छात्र-छात्राओं के प्रश्नों का उत्तर देकर उनकी जिज्ञासा को शांति किया। एडवोकेट नीरज कुमार गोयल ने मानवाधिकार क्या है संबंधित कानूनी प्रावधान, पोस्को एक्ट एवं बाल विवाह के संबंध में विस्तृत जानकारी बच्चों को दी। इस कार्यशाला में बच्चों को कानून के क्षेत्र में अपना करियर कैसे बनाएं इसके बारे में भी विद्यालय के शिक्षक राहुल चौबे के अनुरोध पर एडवोकेट नीरज कुमार गोयल ने विधि के क्षेत्र में करियर के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

## झरिया में हर घर जल योजना की विफलता पर रागिनी सिंह ने विधानसभा में उठाए सवाल



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद** : झरिया विधायक रागिनी सिंह ने शीतकालीन सत्र के दौरान बुधवार को झरिया विधानसभा में हर घर जल योजना के धरातल पर कार्य न किए जाने को लेकर कई गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार में करोड़ों रुपये की लागत से शुरू की गई हर घर जल योजना आज तक अधूरी है। क्षेत्र की जनता आज भी पानी जैसी मूलभूत सुविधा से वंचित है। आखिर कार्य अब तक पूरा क्यों नहीं हो पाया और इस योजना का फंड कहां गया....? विधायक रागिनी सिंह ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए उन्होंने डीएमएफटी फंड से राशि उपलब्ध कराकर इस योजना को धरातल पर लाने का हर संभव प्रयास किया, ताकि लोगों को शीघ्र पानी की सुविधा मिल सके। फिर भी कार्य में हो रही लगातार देरी चिंताजनक है और कई गंभीर प्रश्न खड़े करती है। उन्होंने कहा कि वो जनता के अधिकार और पारदर्शिता की माँग को लेकर लगातार आवाज उठाती रही है और आगे भी उठाते रहेंगी और झरिया की जनता को उनका हक दिलाना ही उनकी पहली

सिनीडीह पंचायत में प्रधानमंत्री आवास निर्माण मामले में आया बड़ा घोटाला सामने, ग्रामीणों ने किया जांच का मांग

## आवास का नहीं हुआ है पूर्ण रूप से निर्माण, लाभुकों ने निकाल ली पूरी राशि



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बाघमारा (धनबाद):** बाघमारा प्रखंड अंतर्गत सिनीडीह पंचायत स्थित हनुमाननगर में भूमिहीनों के लिए बनाये गए प्रधानमंत्री आवास योजना की निरीक्षण बुधवार को स्थानीय जनप्रतिनिधियो ने किया।

जनप्रतिनिधियो ने कहा की जांच में बड़े घोटाले के साक्ष्य मिले है। उक्त घोटाले में एक से बढ़कर एक कहानी छिपी हुई है। भ्रष्टाचार से जुड़े इस मामले में एक और सनसनीखेज बात सामने आ रही है। आवास का पूर्ण रूप से निर्माण भी नहीं हुआ है और लाभुकों ने आवास की पूरी राशि अर्थात 1 लाख 20 हजार रूपया निकासी कर लिया है। बात यहीं खत्म नहीं होती है, दस्तावेजों के रिकॉर्ड के अनुसार बात करें तो कागजों में सभी आवास का पक्का निर्माण हो चुका है परंतु प्रखण्ड कार्यालय द्वारा वेबसाइट में जो दस्तावेज ऑनलाइन अपलोड किए गए हैं उसमें आवास को पूर्ण रूप से निर्माण दिखाया गया है जबकि हकीकत यह है कि कई आवास में केवल चारों ओर से दीवार उठा है, कमरे में खड़ा होकर ऊपर की ओर देखें तो केवल आसमान दिखाई देता है अर्थात छत भी नही बनाया गया है। यही नहीं कई आवास में ढलाई छत के बदले एडबेस्टर का प्रयोग किया गया है और किसी भी आवास में दरवाजा व खिड़की नही लगाया गया है। दस्तावेजों के अनुसार वर्ष 2019-20 की योजना में शुरू किया गया यह निर्माण कार्य 2021 में बनकर तैयार हो गया है। इस कार्य मे बाघमारा के पूर्व के प्रखण्ड विकास पदाधिकारी का कार्यशैली भी जाँच के दायरे में आता है।

## नशा मुक्त समाज की दिशा में जनभागीदारी जरूरी : मुखिया राजेन्द्र प्रसाद

**बरही** : प्रखंड अंतर्गत धनवार पंचायत के मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने नशा उन्मूलन को लेकर कड़ा संदेश देते हुए समाज के सभी वर्गों से नशे के खिलाफ एकजुट होने की अपील की है। उन्होंने कहा कि नशा समाज की जड़ों को खोखला कर रहा है और इसका सबसे अधिक दुष्प्रभाव युवाओं व महिलाओं पर पड़ रहा है। नशे की लत के कारण न केवल युवाओं का भविष्य अंधकार में जा रहा है, बल्कि घरेलू हिंसा, सामाजिक अपराध और पारिवारिक विघटन जैसी समस्याएं भी तेजी से बढ़ रही हैं। मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि आज बरही क्षेत्र में नशाखोरी एक गंभीर सामाजिक समस्या बन चुकी है।

विद्यार्थी परिषद ने प्रेस वार्ता कर कतरास कॉलेज के विद्यार्थी पर फजीर्वाड़ा और धोखाधड़ी करने का लगाया आरोप

## प्रबंधन से की कार्रवाई की मांग

■ फैजल इकबाल वर्तमान में कॉलेज का छात्र नहीं है मामला भी कई वर्षों पुराना है : प्राचार्य




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बाघमारा (धनबाद)** : अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के छात्र नेता सह प्रदेश कार्यकारिणी समिति के सदस्य शुभम हजारी ने कतरास कॉलेज कतरास में प्रेस वार्ता कर कतरास कॉलेज के एक अन्य छात्र फैजल इकबाल पर फजीर्वाड़ा व धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया । प्रेस वार्ता में उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि फैजल इकबाल पिता मो मुमताज अंसारी नामक स्टूडेंट ने सेमेस्टर 6 में 19 अगस्त 2025 को हुए हिंदी की परीक्षा में अपने स्थान पर सैफ अंसारी नामक किसी बाहरी युवक को परीक्षा दिलवाया। परीक्षा के दौरान परीक्षक अथवा कॉलेज प्रबंधन भी इस फजीर्वाड़ा को पकड़ नहीं पाए जिससे कॉलेज प्रबंधन की लापरवाही साफ प्रतीत होती है घटना की जानकारी बाद में विद्यार्थी परिषद को हुई तब मैंने इसकी शिकायत धनबाद उपायुक्त, जिला शिक्षा पदाधिकारी, कुलपति, राज्यपाल, तथा कतरास कॉलेज प्रबंधन को भी दिया लेकिन मामले में अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। कतरास कॉलेज और विश्वविद्यालय ने भी इस मामले में चुप्पी साध रखी है। शुभम हजारी ने कहा कि उक्त स्टूडेंट के द्वारा हाल ही में फर्जी शिक्षक बनकर छात्रवृत्ति दिलाने के नाम पर कविता कुमारी नामक एक छात्रा से 5 हजार ठगी कर लिया गया। बाद में उक्त छात्रा के द्वारा थाने में लिखित शिकायत करने के बाद ठगी गई राशि को लौटाया गया। कहा कि उक्त युवक इससे पहले भी कई छात्र-छात्राओं को अलग-अलग तरीके से ठक चुका है।

## विहिप मार्गदर्शक मंडल की बैठक में शामिल हुए झारखंड के संत



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद** : देशभर के शीर्ष 300 से अधिक संतों की उपस्थिति में दिल्ली में विश्व हिंदू परिषद केंद्रीय मार्ग दर्शक मंडल की बैठक हुई। बैठक में झारखंड के प्रमुख संत भी शामिल हैं। धनबाद के प्रमुख संत स्वामी लक्ष्मी नारायण पुरी ने बैठक के संबंध में बताया कि विषय प्रस्तावना विहिप के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार ने रखा। कहा कि लाल किला आतंकी हमले के षडयंत्र में शामिल सभी आतंकियों को सजा मिल जाएगी, लेकिन हमें उस मानसिकता से निपटना है जो स्कूल, कालेज और अन्य संस्थानों में जिहाद के नाम पर आतंकी पैदा करता है। ऐसे तत्वों व विचारों पर कैसे रोक लगे, उसपर आगे क्या रणनीति हो, वह तय करने की आवश्यकता है। महामंत्री स्वामी जीतेन्द्रानंद सरस्वती ने कहा कि दिल्ली में हुए आतंकी हमले के आरोपी का समर्थन करने की प्रवृत्ति अत्यंत चिंताजनक है।

## पुलिस की मासिक अपराध समीक्षा बैठक सम्पन्न




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद** : धनबाद पुलिस मुख्यालय, समाहरणालय परिसर में वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार की अध्यक्षता में नवम्बर 2025 माह से संबंधित मासिक अपराध समीक्षा बैठक का आयोजन बुधवार को समाहरणालय स्थित पुलिस मुख्यालय में किया गया। बैठक में एसएसपी के साथ ग्रामीण एसपी कपील चौधरी, जिले के सभी डीएसपी, एसडीपीओ, थाना प्रभारी, ओपी प्रभारी एवं विभिन्न शाखाओं के प्रभारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान एसएसपी ने विगत नवम्बर माह में पुलिस द्वारा किए गए कार्यों, अभियानों, अपराध नियंत्रण की स्थिति तथा भविष्य की रणनीति पर बिंदुवार समीक्षा की। अपराध नियंत्रण में मिला सकारात्मक परिणाम, अपराध में आई कमी: बैठक के दौरान प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार, नवम्बर माह में पूरे जिले में कुल 413 कांड दर्ज हुए, जबकि 603 मामलों का निष्पादन किया गया। इसके परिणामस्वरूप लंबित कांडों की संख्या 4300 से घटकर 2220 रह गई है। एसएसपी ने निर्देश दिया कि दिसंबर माह के अंत तक लंबित मामलों की संख्या को 2000 से नीचे लाने का लक्ष्य हासिल किया जाए। कुर्की-वारंट समन के निष्पादन में भी उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई। नवम्बर माह में बाइक चोरी की घटना में भी भारी कमी आई है और कई चोरी गई बाइक को बरामद करने में भी संतोषजनक सफलता हासिल हुई है। अक्टूबर माह में गृह भेदन की 25 वारदात घटित हुई थी जिसके मुकाबले नवम्बर में मात्र 11 कांड दर्ज हुए है।

## कैंसर की रोकथाम में जागरूकता ही सबसे बड़ा उपचार : डॉ. ओपी अग्रवाल



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**झरिया (धनबाद):** मारवाड़ी युवा मंच, झरिया शाखा द्वारा स्तन कैंसर के प्रारम्भिक लक्षणों की पहचान एवं जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से तैयार की गई "3 Steps to Early Detection" शीर्षक पुस्तिका का लोकार्पण लाइफ लाइन हॉस्पिटल में एक गरिमामय समारोह के बीच किया गया। इस अवसर पर अस्पताल के निदेशक डॉ. ओपी अग्रवाल, शाखा अध्यक्ष डॉ. मनीष शर्मा, पुस्तिका के संकलनकर्ता एवं पूर्व अध्यक्ष असीम अग्रवाल, तथा सह-कोषाध्यक्ष दिनेश शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों ने संयुक्त रूप से पुस्तिका का अनावरण किया। डॉ. ओ. पी. अग्रवाल ने कहा कि स्तन कैंसर सहित विभिन्न प्रकार के कैंसर की रोकथाम में जागरूकता ही सबसे बड़ा उपचार है। उन्होंने बताया कि समय पर जांच, स्वयं-परिक्षण और नियमित चिकित्सकीय सलाह से कैंसर के जोखिम को काफी हद तक कम किया जा सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि "3 Steps to Early Detection" जैसी सरल, उपयोगी और वैज्ञानिक पुस्तिका महिलाओं को सही जानकारी प्रदान करते हुए उन्हें स्वास्थ्य के प्रति अधिक सजग बनाएगी।

# बढ़ रहे गैस रिसाव से मानव जीवन को खतरा : चेयरमैन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद** : धनबाद के केंदुआडीह में गैस रिसाव अभी भी जारी है। स्थिति यह है कि कहीं -कहीं गैस की मात्रा 2000 पीपीएस तक पहुंच गई है। बुधवार को कोल इंडिया के चेयरमैन सनोज कुमार झा एवं कोल इंडिया के तकनीकी निदेशक धनबाद पहुंचे। अधिकारी केन्दुआडीह प्रभावित क्षेत्र का मुआयना किया। कोल इंडिया के चेयरमैन सनोज कुमार झा का भी कहना है कि गैस की मात्रा बहुत अधिक है। तत्काल लोगों को सुरक्षित स्थान पर चला जाना चाहिए।इसके लिए बीसीसीएल की ओर से पूरी व्यवस्था की गई है।गैस का पीपीएम लगातार बढ़ रहा है।ऐसे मे यहां रहनेवाले मानव जीवन को काफी खतरा बना हुआ है।इन्होंने प्रभावित लोगों से मिलकर उनकी सुधी ली।उन्होंने कहा कि फिलहाल विस्थापन के मुद्दे पर बात नहीं की जाएगी।गैस रोकने का पहली प्राथमिकता होगी।ऐसे सिंफर सहित कई एक्सपर्ट टीम काम कर रही है।गैस रिसाव रोकने का प्रयास होगा।इसके बाद वे राहत शिविरों का जायजा लिया। वहीं प्रभावित लोगों का कहना था कि हमलोग किसी किमत पर बेलगढ़िया नहीं जाएगें।वहां कमरे छोटे छोटे बने हुए हैं।पहले गैस रोकने का काम हो।केंदुआडीह में गैस रिसाव को लेकर कोल इंडिया से लेकर कोयला मंत्रालय तक हड़कंप है। लगातार अपडेट लिए जा रहे है। धनबाद के विधायक राज सिन्हा ने मंगलवार को विधानसभा में इस सवाल को उठाते हुए अनुरोध किया कि विधानसभा की एक विशेष समिति को केंदुआडीह भेजा जाए, जो जांच -पड़ताल करें और विस्थापन के मुद्दे पर अपनी राय दे। उन्होंने यह भी कहा कि विस्थापन जितनी बड़ी समस्या नहीं है, उससे अधिक बड़ी समस्या विस्थापितों के रोजगार की है। इसके लिए कौन सा तरीका अख्तियार किया जाए, यह देखने वाली बात होगी।बता दें कि 50 पीपीएस की मात्रा सामान्य मानी जाती है, इससे अधिक मात्रा होने पर यह खतरनाक हो सकती है। कई इलाकों में इसकी मात्रा 2000 पीपीएस तक पाई गई है, जो खतरनाक है। गैस रिसाव से अब तक दो महिलाओं की मौत हो गई है और कई दर्जन लोग बीमार है। एक सप्ताह हो गया है लेकिन इसका कोई समाधान निकला नहीं है। आज पहुंचे कोल इंडिया के चेयरमैन ने भी यह स्पष्ट नहीं कहा कि गैस रिसाव बंद होगा अथवा नहीं।उन्होंने यह जरूर कहा कि विशेषज्ञ ही इस पर कुछ कह सकते है।

## आकांक्षा महिला समिति के सौजन्य से गरीब असहाय के बीच गर्म कपड़े का वितरण



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**पाथरडीह (धनबाद):** पूर्वी झरिया क्षेत्र के दीक्षा महिला मंडल के निर्देश पर आकांक्षा महिला समिति के सौजन्य से बुधवार को भौरा स्थित गांधीनगर हनुमान मंदिर के समीप असहाय गरीब महिला व पुरुषों के बीच कड़ाके के ठंड को देखते हुए बचाव के लिए गर्म कपड़े, और बिस्किट का वितरण किया गया। मौके पर समिति की अध्यक्ष पूर्वी झरिया क्षेत्र के महाप्रबंधक टी पासवान की पत्नी श्रीमती इंदु पासवान ने महिलाओं से कहा कि आकांक्षा महिला समिति हमेशा गरीबों के लिए सहयोग करती है । हम चाहते हैं कि इस ठंड के मौसम में समिति के द्वारा आप लोगों का सहयोग किया जाए इसीलिए आज हम आप लोगों के बीच आए हैं ।आप लोगों को किसी भी तरह की कोई परेशानी हो समिति अपने स्तर से जरूर सहयोग करेगी । उन्होंने महिलाओं से कहा कि इस ठंड के मौसम में गर्म कपड़े का उपयोग करें व ठंड में जितना बचने का उपाय हो करना चाहिए।

## सम्पादकीय.....

# सर्वोच्च न्यायालय का सराहनीय कदम

**यौन** अपराधों के मामलों में न्यायालयों की असंवेदनशील टिप्पणियों पर सर्वोच्च न्यायालय ने स्वतः संज्ञान लिया है। यह आवश्यक भी था। शीर्ष न्यायालय ने कहा है कि वह हाई कोर्ट और ट्रायल कोर्ट के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश जारी कर सकता है, क्योंकि ऐसी टिप्पणियां पीड़िता और उसके परिवार की गरिमा को आहत करती हैं और न्याय की लड़ाई को कमजोर करती हैं। दरअसल, सुनवाई के दौरान न्यायालयीय टिप्पणी केवल कागजों में दर्ज शब्द नहीं रह जाती, इसका पीड़िता और उसके परिवार पर व्यापक असर पड़ता है। इस कारण कई बार न्याय की लड़ाई भी कमजोर हो जाती है। 2025 के ही मार्च महीने में इलाहाबाद उच्च न्यायालय की तरफ से एक टिप्पणी आयी थी, जिस पर सर्वोच्च न्यायालय ने स्वतः संज्ञान लिया है। इस मामले में सुनवाई के दौरान शीर्ष न्यायालय ने कहा कि वह उच्च न्यायालय और ट्रायल कोर्ट के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश जारी कर सकता है। सर्वोच्च न्यायालय की चिन्ता इसलिए जायज है, क्योंकि इस तरह की टिप्पणियां बार-बार सामने आ रही हैं। यहां तक कि वर्तमान केस शुरू होने के बाद भी इलाहाबाद उच्च न्यायालय और छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय में इसी तरह के मामले हुए। दरअसल, यौन अपराधों को केवल कानून नहीं, मानवीय नजर से भी देखे जाने की आवश्यकता है। पीड़िता और उसका परिवार पहले ही गहरे मानसिक संघर्ष से गुजर रहे होते हैं। अधिकतर मामलों में समाज का भी दबाव होता है। ऐसे में जब न्यायालयों से असंवेदनशील टिप्पणियां आती हैं, तो पीड़िता और उनके परिवार की गरिमा आहत होती है। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने जिस तरह से कानून की व्याख्या की थी, उससे बचा जा सकता था। महिलाओं के साथ होनेवाला अपराध केवल कानून की व्याख्या तक सीमित नहीं है। न्यायालयों से निकली हर बात समाज पर गहरा असर छोड़ती है। इनका उपयोग अपराध की गम्भीरता को कम करने में भी किया जा सकता है। सर्वोच्च न्यायालय का यह कहना कि कई बार इन्हीं तरीकों से पीड़िता को शिकायत वापस लेने के लिए मजबूर किया जाता है, न्याय तंत्र की खामी को उजागर करता है। प्रसंगवश, उल्लेखनीय है कि सर्वोच्च न्यायालय ने भारत की महिलाओं को सशक्त करनेवाले कई ऐतिहासिक निर्णय सुनाये हैं। चाहे आधी आबादी को कार्यस्थलों पर मिली सुरक्षा हो, ट्रिपल तलाक से मुक्ति हो या फिर उत्तराधिकार में बराबरी का हक ; देश की न्याय व्यवस्था ने महिलाओं को उनका अधिकार दिलाने में सक्रिय भूमिका निभायी है। ऐसे में हाई कोर्ट अथवा ट्रायल कोर्ट में महिलाओं से जुड़े मामलों के प्रति संवेदनहीनता ठीक नहीं। यही वह समय है, जब नीचे के न्यायालय यह समझें कि यौन अपराधों से जुड़े मामलों में कानून की समझ के साथ भाषा और दृष्टिकोण भी उतने ही महत्त्वपूर्ण हैं। यही समय की मांग है। कुल मिला कर न्यायालयों की असंवेदनशील टिप्पणियों पर सर्वोच्च न्यायालय ने जो स्वतः संज्ञान लिया है, वह सर्वथा सराहनीय है। इसकी जितनी सराहना की जाये, कम होगी।

## ● किसने क्या कहा



प्रत्येक नागरिक की गरिमा और अधिकारों पर कोई समझौता नहीं हो सकता

द्रौपदी मुर्मू
राष्ट्रपति



व्यक्ति और समाज ; दोनों को सशक्त बनाते हैं मानवाधिकार

सीपी राधाकृष्णन
राज्य सभा के सभापति

# वंदे मातरम पर चर्चा : सवाल नीति और नीयत का

विशेष | निर्मल रानी

> आज देश में इस गीत को भी राष्ट्रगान अर्थात 'जन गण मन' के ही समकक्ष सम्मान प्राप्त है। सभी सरकारी और आधिकारिक कार्यक्रमों में जब इसे गाया या बजाया जाता है, तो सभी लोग इसके सम्मान में खड़े होते हैं। परन्तु हमारे देश में मुस्लिम उलेमा का एक वर्ग ऐसा है, जिनका मानना है कि धरती-मां को इस तरह देवी के रूप में पूजना और उसके सामने सजदा करना इस्लाम विरोधी (शिर्क) है। और अल्लाह के सिवा किसी को सजदा करना हराम है। इस विचारधारा का प्रतिनिधित्व खासतौर पर देवबंदी अथवा जमाअत-ए-इस्लामी से सम्बन्धित अतिवादी वर्ग के लोग ही करते हैं। जबकि, अधिकांश मुस्लिम राष्ट्रप्रेम का हिस्सा मानते हुए इसे गाते भी हैं। परन्तु, राष्ट्रगान 'जन गण मन' का विरोध करनेवाले हिन्दूवादी विचारधारा से जुड़े लोग खासकर संघ व भाजपा वंदे मातरम् को लेकर कांग्रेस पार्टी पर मुस्लिम परस्त होने का इलजाम लगाते रहते हैं।

**भारतीय** संसद में शीतकालीन सत्र 2025 के दौरान ‘वंदे मातरम’ की 150वीं वर्षगांठ मनाने के लिए एक विशेष चर्चा आयोजित की गयी। गौर तलब है कि संस्कृत और बांग्ला भाषा के मिश्रण से तैयार किया गया यह गीत पहली बार 1882 में बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा रचित उनकी बांग्ला उपन्यास आनंदमठ में प्रकाशित हुआ था। 24 जनवरी 1950 को भारत की संविधान सभा ने इसी गीत अर्थात 'वन्दे मातरम्' को राष्ट्रीय गीत का दर्जा दिया। आज देश में इस गीत को भी राष्ट्रगान अर्थात 'जन गण मन' के ही समकक्ष सम्मान प्राप्त है। सभी सरकारी और आधिकारिक कार्यक्रमों में जब इसे गाया या बजाया जाता है, तो सभी लोग इसके सम्मान में खड़े होते हैं। परन्तु हमारे देश में मुस्लिम उलेमा का एक वर्ग ऐसा है जिनका मानना है कि धरती-माँ को इस तरह देवी के रूप में पूजना और उसके सामने सजदा करना इस्लाम विरोधी (शिर्क ) है। और अल्लाह के सिवा किसी को सजदा करना हराम है। इस विचारधारा का प्रतिनिधित्व खासतौर पर देवबंदी अथवा जमाअत-ए-इस्लामी से सम्बंधित अतिवादी वर्ग के लोग ही करते हैं। जबकि अधिकांश मुस्लिम राष्ट्रप्रेम का हिस्सा मानते हुये इसे गाते भी हैं। परन्तु राष्ट्रगान 'जन गण मन' का विरोध करने वाले हिंदूवादी विचारधारा से जुड़े लोग खासकर संघ व भाजपा वंदे मातरम को लेकर कांग्रेस पार्टी पर मुस्लिम परस्त होने का इलजाम लगाती रहती है। यही कोशिश गत दिनों संसद में 'वंदे मातरम' पर चर्चा के दौरान देखने को भी मिली। खासकर इस चर्चा का ऐसे समय में होना जबकि अगले वर्ष बंगाल में चुनाव भी प्रस्तावित हैं, सांप्रदायिक ध्रुवीकरण की कोशिशों की तरफ इशारा करता है। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने लोकसभा में 'वंदे मातरम' पर बहस के दौरान सरकार पर तीखा प्रहार करते हुये यह कहा भी कि राष्ट्रगान पर बहस की कोई जरूरत नहीं क्योंकि यह पहले से ही राष्ट्रगान है। प्रियंका गांधी ने भी यही दावा किया कि यह चर्चा बंगाल चुनावों को ध्यान में रखकर जनता के मुद्दों से ध्यान भटकाने का प्रयास है। उन्होंने 'वंदे मातरम' को भारत की आत्मा का हिस्सा बताया, जो गुलामी से जागरण का प्रतीक है और आधुनिक राष्ट्रवाद की अभिव्यक्ति है। उल्टे प्रियंका गांधी ने संविधान सभा में दो छंद अपनाने पर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के विरोध न करने का ही सवाल उठा कर भाजपा को ही घेरने की कोशिश की। राजयसभा में नेता विपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी सत्ता से सवाल किया कि जब भाजपा के पुरखे श्यामा प्रसाद मुखर्जी, मुस्लिम लीग के साथ बंगाल में सरकार चला रहे थे, तब आपकी देशभक्ति कहां थी? बहरहाल, इसी तरह के मुद्दों को उठाकर कांग्रेस को मुस्लिम परस्त बताने व हमेशा ही कांग्रेस पर तुष्टीकरण की राजनीति करने का आरोप लगाने वाली भाजपा को कम से कम देश को एक बात यह भी बतानी चाहिये कि जिस दारुल उलूम देवबंद व जमाअत-ए-इस्लामी ने वंदे मातरम का विरोध किया था, जिस जमीयत उलेमा-ए-हिंद ने 1937-39 में जारी अपने फतवे में वंदे मातरम को गाना 'हराम' बताया था। उसी विचारधारा का प्रतिनिधित्व करने वाली अफगानिस्तान की तालिबान सरकार से तो भारत बेहतर रिश्ते बनाने की तरफ आगे बढ़ रहा है ? गत अक्टूबर माह में ही अफगानिस्तान के कार्यवाहक विदेश मंत्री मौलवी आमिर खान मुत्तकी ने भारत का छह-दिवसीय दौरा किया। इस दौरे के दौरान मुत्तकी ने विदेश मंत्री एस. जयशंकर से मुलाकात की, जिसमें द्विपक्षीय व्यापार, मानवीय सहायता, शिक्षा और आर्थिक सहयोग पर चर्चा हुई। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की अनुमति से संभव यह यात्रा भारत- अफगानिस्तान संबंधों को मजबूत करने का संकेत मानी गई। मुत्तकी ने अपने भारत प्रवास के दौरान केवल राजकीय यात्रा मात्र ही नहीं की बल्कि इस दौरान उन्होंने 11 अक्टूबर 2025 को उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले में स्थित दारुल उलूम देवबंद अर्थात अपने 'वैचारिक प्रेरणा केंद्र' का भी दौरा किया। यह वही दारुल उलूम देवबंद तो है जिसने वंदे मातरम के एक हिस्से को गाने का विरोध किया था? मुत्तकी ने अपने भारत दौरे के बीच दारुल उलूम देवबंद पहुंचकर व देवबंदी मसलक से जुड़े दारुल उलूम के उलेमा, छात्रों और अफगान छात्रों से मिकर केवल अपनी अतिवादी वैचारिक प्रतिबद्धता ही नहीं दोहराई बल्कि उन्होंने दिल्ली में ही आयोजित अपनी पहली प्रेस कॉन्फ्रेंस में महिलाओं को प्रवेश न देकर भी यह साबित कर दिया कि महिलाओं के प्रति इस सोच विचार के लोग कितनी असहिष्णुता का भाव रखते हैं। परन्तु आश्चर्य है कि भाजपा सरकार वंदे मातरम गायन का विरोध करने व इसे हराम बताने वाली विचारधारा व इसके रहनुमाओं को तो गले से लगाती है। इनके स्वागत में लाल कालीन बिछाती है परन्तु कांग्रेस पर वंदे मातरम विरोधी होने का आरोप मढ़ती है ? परन्तु जब कांग्रेस संविधान सभा में इस गीत के दो छंद अपनाने पर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के विरोध न करने का सवाल उठाती है तो भाजपा बगलें झाँकने लगती है ? आज देश बेरोजगारी व मंहगाई से बुरी तरह जूझ रहा है। डॉलर के मुकाबले रुपए की कीमत रसातल तक पहुँच गयी है।

# बच्चों के भविष्य की रोशनी जगाता यूनिसेफ

गौरतलब | योगेश कुमार गोयल

> 1953 में यूनिसेफ संयुक्त राष्ट्र का एक स्थायी हिस्सा बन गया और इस संगठन के नाम में से 'अंतरराष्ट्रीय' तथा 'आपातकालीन' (इमरजेंसी) शब्दों को हटा दिया गया। 1953 में यूनिसेफ के संयुक्त राष्ट्र का स्थायी सदस्य बन जाने के बाद इसका नाम 'यूनाइटेड नेशंस चिल्ड्रेंस फंड' (संयुक्त राष्ट्र बाल कोष) कर दिया गया, लेकिन मूल संक्षिप्त नाम 'यूनिसेफ' को बरकरार रखा गया।

**संयुक्त** राष्ट्र महासभा द्वारा द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान तबाह हुए देशों के बच्चों और माताओं को आपातकालीन स्थिति में भोजन तथा स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 11 दिसम्बर 1946 को न्यूयार्क में यूनिसेफ की स्थापना की गई थी। उस समय इसे 'यूनाइटेड नेशंस इंटरनेशनल चिल्ड्रेन्स इमरजेंसी फंड' के नाम से जाना जाता था। विकासशील देशों में बच्चों और महिलाओं की दीर्घकालिक जरूरतों को पूरा करने के लिए 1950 में यूनिसेफ के दायरे को विस्तारित किया गया। 1953 में यूनिसेफ संयुक्त राष्ट्र का एक स्थायी हिस्सा बन गया और इस संगठन के नाम में से 'अंतरराष्ट्रीय' तथा 'आपातकालीन' (इमरजेंसी) शब्दों को हटा दिया गया। 1953 में यूनिसेफ के संयुक्त राष्ट्र का स्थायी सदस्य बन जाने के बाद इसका नाम 'यूनाइटेड नेशंस चिल्ड्रेंस फंड' (संयुक्त राष्ट्र बाल कोष) कर दिया गया लेकिन मूल संक्षिप्त नाम 'यूनिसेफ' को बरकरार रखा गया। यूनिसेफ के गठन में पोलैंड के चिकित्सक लुडविक रॉश्मन ने प्रमुख भूमिका निभाई थी। संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा बाल अधिकारों के संरक्षण की हिमायत करने, उनकी बुनियादी जरूरतों को पूरा करने में मदद देने तथा उनकी प्रतिभा के पूर्ण विकास के अवसरों का विस्तार करने का दायित्व यूनिसेफ को सौंपा गया है, जो बाल अधिकार समझौते से मार्गदर्शन लेते हुए बाल अधिकारों को चिरंतन नैतिक सिद्धांतों और बच्चों के प्रति व्यवहार के अंतर्राष्ट्रीय मानकों के रूप में स्थापित करने के लिए सदैव प्रत्यनशील रहता है। अपनी स्थापना के बाद के इन 79 वर्षों में यूनिसेफ ने दुनियाभर में बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए अनेक उल्लेखनीय कार्य किए हैं। विश्वभर में बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, कल्याण और विकास के लिए किए जा रहे महत्वपूर्ण कार्यों के लिए ही यूनिसेफ को वर्ष 1965 में नोबेल शांति पुरस्कार, वर्ष 1989 में इंदिरा गांधी शांति पुरस्कार तथा वर्ष 2006 में प्रिंस ऑफ अस्तुरियस अवार्ड जैसे प्रतिष्ठित सम्मानों से भी नवाजा जा चुका है। नोबेल पुरस्कार दिए जाने के बाद वैश्विक स्तर पर यूनिसेफ का कार्य और तेज हो गया। आंकड़ों पर नजर दौड़ाएं तो यूनिसेफ की शिक्षा इकाई के कारण ही वर्ष 2006 तक विश्वभर में करीब 12 मिलियन बच्चे पढ़ाई के लिए स्कूल वापस जा सके। बाल अधिकारों के संरक्षण के लिए यूनिसेफ आपात स्थितियों में कार्रवाई करता है और युद्ध, आपदा, घोर गरीबी, हर प्रकार की हिंसा और शोषण तथा विकलांगता से पीड़ित सर्वाधिक वंचित बच्चों के लिए विशेष संरक्षण सुनिश्चित करने के प्रति संकल्पबद्ध है।

## आज का इतिहास

- ईस्ट इंडिया कम्पनी ने 1687 में मद्रास (भारत)में नगर निगम बनाया।
- प्रथम आंग्ल-सिख युद्ध 1845 में शुरू।
- बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय और यदुनाथ बोस 1858 में कलकत्ता विश्वविद्यालय से कला विषय के पहले स्नातक बने।
- यूरोपीय देश इटली 1937 में मित्र राष्ट्र संघ से बाहर आया।
- जर्मनी और इटली ने 1941 में अमेरिका के खिलाफ युद्ध की घोषणा की थी। पहले इटली के शासक बेनिटो मुसोलिनी और फिर जर्मनी के तानाशाह एडोल्फ हिटलर ने ये घोषणा की।
- डॉ. राजेन्द्र प्रसाद 1946 में भारत की संविधान सभा के अध्यक्ष निर्वाचित हुए।
- यूरोपीय देश स्पेन को 1946 में संयुक्त राष्ट्र से निलम्बित किया गया।
- बाल विकास में लगी अंतरराष्ट्रीय संस्था यूनिसेफ के सम्मान में 1960 में 15 नये पैसे का विशेष डाक टिकट जारी किया गया।
- संयुक्त राष्ट्र के यूनिसेफ की 1964 में स्थापना हुई।
- जनरल एच.एम. इरशाद ने 1983 में खुद को बांग्लादेश का राष्ट्रपति घोषित किया।
- रूस के तत्कालीन राष्ट्रपति बोरिस येल्तसिन ने 1994 में चेचेन विद्रोहियों पर हमला किया तथा उनके इलाके में सेना भेज दी।
- सन 1998 में हुए 23वें काहिरा अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह में तमिल फिल्म 'टेररिस्ट' सर्वश्रेष्ठ भूमिका के लिए आयशा धारकर को ज्यूरी का सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार प्रदान किया गया।
- चीन को 2001 में विश्व व्यापार संगठन में प्रवेश मिला।
- स्पेन के नौसैनिकों ने 2002 में अरब सागर में उत्तर कोरिया के एक जहाज को पकड़ा, इसमें स्कड मिसाइलें लदी थीं।
- मेरिदा में 2003 में पहले भ्रष्टाचार निरोधक समझौते पर 73 देशों ने हस्ताक्षर किये।
- उत्तर व दक्षिण कोरिया के बीच 2007 में 50 वर्ष बाद रेल सेवा पुनः प्रारम्भ।

## अंकजाल - 8115



खाली स्थानों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर दाएँ से बाएँ एवं ऊपर से नीचे जोड़ना है जिसका सही उत्तर मटमैले रंग के खानों में दिया गया है.

अंकजाल 8114 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

## मन की तेज गति

**नौका** नदी के उस पार जा रही थी। अनेक व्यक्ति उस पर सवार थे। भार अधिक हो गया। नौका डगमगाने लगी। नाविक ने कहा - नौका डूब जाएगी। यदि सबको बचना है तो स्वयं को सुरक्षित रखते हुए अपना सारा सामान नदी में बहा दो, अन्यथा सामान के साथ-साथ प्राण भी जाएंगे। सबने अपने जीवन की सुरक्षा को महत्व देते हुए सामान नदी में डाल दिया। एक बनिये के पास तीन खाली डिब्बे और एक रूपयों से भरा डिब्बा था। उसने खाली डिब्बे पानी में डाल दिए। नाविक ने कहा - इस वजनी डिब्बे को डाल दो। बनिये ने रूपयों को ऐसे व्यर्थ बहाना उचित नहीं समझा। वह डिब्बे को साथ ले नदी में कूद पड़ा। नौका हल्की हो गई। पर वह बनिया उस डिब्बे के भार से दबकर डूब गया। यदि वह खाली डिब्बे के साथ कूदता तो संभव है बच जाता, पर भरे हुए डिब्बे ने उसे डुबो दिया। कहने का अर्थ यह है कि लोगों का भरे हुए पर अधिक विश्वास है, खाली पर नहीं। काम में लगे रहते हैं तो समझते हैं भरे हुए हैं, समय का उपयोग हो रहा है। जब खाली होते हैं तब समझते हैं, आज तो समय व्यर्थ खो रहे हैं। लोग खाली रहना नहीं जानते और खाली रहने के समय का उपयोग करना भी नहीं जानते। आदमी खाली कहां रह पाता है? जब उसके पास कोई काम नहीं होता, तब भी वह खाली नहीं है।

## सुविचार

हमारे अन्दर अंधकार और रोशनी ; दोनों हैं, यह हमें चुनना है कि इनमें से हम किस को महत्त्व देते हैं।
- जे. के. रालिंग

मुझे आनेवाले कल का भय नहीं है, क्योंकि मैंने बीता हुआ कल देखा है और मुझे आज से प्यार है।
- विलियम ए व्हाइट

# मोदी मॉडल का नया अध्याय : संकट में अवसर, पान मसाले से सुरक्षा

प्रो. आरके जैन 'अरिजीत'

**कोविड-19** के गहरे जख्मों से दुनिया अभी भी पूरी तरह नहीं उबर पाई है, लेकिन इसी दौर में नरेंद्र मोदी सरकार ने एक ऐसा ऐतिहासिक फैसला लिया है जिसने साबित कर दिया कि भारत अब सिर्फ परिस्थितियों का जवाब नहीं देता–बल्कि आने वाले समय की दिशा तय करता है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा 1 दिसंबर 2025 को लोकसभा में पेश किया गया 'स्वास्थ्य सुरक्षा से राष्ट्रीय सुरक्षा सेस विधेयक, 2025' इसी दूरदर्शी सोच का सशक्त उदाहरण है। यह विधेयक किसी सामान्य कर सुधार से कहीं अधिक है; यह एक रणनीतिक बदलाव है, जो स्वास्थ्य को राष्ट्रीय सुरक्षा का चौथा स्तंभ घोषित करता है। पान मसाला जैसे हानिकारक उत्पादों पर 40 प्रतिशत क्षमता-आधारित सेस लागू करके सरकार हर वर्ष करीब छह हजार करोड़ रुपये का एक विशेष कोष तैयार करेगी–एक ऐसा कोष, जो प्रत्यक्ष रूप से महामारी-नियंत्रण, 'वन हेल्थ' मिशन, वैक्सीन उत्पादन और रक्षा-आधुनिकीकरण जैसी अत्यंत महत्वपूर्ण राष्ट्रीय प्राथमिकताओं को सशक्त बनाने में खर्च होगा। यही है मोदी सरकार की नीतिगत सोच का असली दर्शन– 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' की जीवंत अभिव्यक्ति–जहाँ समाज को हानि पहुँचाने वाले उत्पादों से प्राप्त कर का उपयोग उन क्षेत्रों को मजबूत करने में किया जाता है, जो राष्ट्र को दीर्घकाल में अधिक सुरक्षित, समर्थ और आत्मनिर्भर बनाते हैं।
मोदी सरकार की सबसे बड़ी शक्ति यही है कि वह हर छोटे-बड़े संकट को भी एक व्यापक राष्ट्रीय अवसर में बदल देने की अद्भुत क्षमता रखती है। कोविड की भयावहता और वैश्विक अराजकता के बीच जब पूरी दुनिया वैक्सीन के लिए बेचैन और असहाय खड़ी थी, तब भारत ने न केवल स्वयं की सुरक्षा सुनिश्चित की बल्कि 200 से अधिक देशों तक जीवनरक्षक टीके पहुँचाकर अपनी मानवीय नेतृत्व-भूमिका को सिद्ध किया। आज वही सरकार उस अमूल्य ऐतिहासिक अनुभव को एक स्थायी, संस्थागत और भविष्य-निर्माण करने वाली संरचना में परिवर्तित कर रही है। यह नया फंड भारत को 'फ्यूचर-रेडी' बनाने की दिशा में उठाया गया सबसे निर्णायक और दूरदर्शी कदम है।
जूनोटिक रोगों की सतत निगरानी, प्रारंभिक चेतावनी प्रणालियाँ, बायोसेफ्टी लेवल-3 लैब्स का नेटवर्क, और वन हेल्थ मिशन के तहत पशु-मानव-पर्यावरण का समन्वित ढांचा–इन सभी रणनीतिक क्षमताओं को अब स्थायी वित्तीय समर्थन मिलेगा, जिससे इनकी गति कई गुना बढ़ेगी। भारत अब इतनी मजबूत तैयारी कर रहा है कि कोई भी आने वाली महामारी हमें पहले जैसा नुकसान नहीं पहुँचा सकेगी। यह वास्तव में आत्मनिर्भर भारत का स्वास्थ्य संस्करण है–जहाँ हम केवल अपने नागरिकों की सुरक्षा ही नहीं, बल्कि पूरे वैश्विक दक्षिण के लिए एक मार्गदर्शक मॉडल के रूप में उभर रहे हैं। सबसे प्रशंसनीय है सरकार का यह नैतिक साहस। पान मसाला और गुटखा जैसे हानिकारक उत्पादों को 'डिमेरिट गुड्स' मानकर उनसे ही स्वास्थ्य फंड जुटाने का निर्णय सचमुच एक साहसिक और दूरदर्शी कदम है। यही वही नीति-दृष्टि है जिसने स्वच्छ भारत में प्लास्टिक सेस से स्वच्छता कोष बनाया और पेट्रोल-डीजल पर सेस से आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर खड़ा किया। आम आदमी पर एक पैसा अतिरिक्त बोझ नहीं, फिर भी हर साल अरबों रुपये का स्थायी फंड–यही है मोदी सरकार की 'लक्ष्मी मॉडल' अर्थव्यवस्था, जहाँ पाप से पुण्य का धन निकाला जाता है।

# टूटते रिश्तों के बीच अदालत की टिप्पणी और बदलता सामाजिक ताना-बाना

गौरतलब | अमरपाल सिंह वर्मा

> यह मामला बदायूं के एक युवक और फरीदपुर की युवती से जुड़ा है। दोनों की शादी 2019 में हुई, लेकिन युवती सास-ससुर के साथ नहीं रहना चाहती थी। लिहाजा, 2020 से अलग रहने लगी। न्यायाधीश ने कहा कि आज कई लोग वृद्धाश्रमों और बंद फ्लैटों में अकेले रह रहे हैं, जबकि संयुक्त परिवार अकेलेपन को दूर करता है। अदालत ने पति का तलाक दावा स्वीकार करते हुए दोनों को अलग रहने की अनुमति दे दी और कहा कि जो लड़कियां शादी के बाद संयुक्त परिवार को बोझ समझती हैं, वे पहले ही अपनी प्राथमिकता स्पष्ट करें, क्योंकि यह सोच सामाजिक ताने-बाने को नुकसान पहुंचा सकती है।

**उत्तरप्रदेश** में बरेली के पारिवारिक न्यायालय के अपर प्रधान न्यायाधीश ज्ञानेन्द्र त्रिपाठी ने हाल ही में तलाक के एक केस की सुनवाई के दौरान जो टिप्पणी की है, वह समाज मे बदलते पारिवारिक परिदृश्य की तस्वीर पेश करती है। न्यायाधीश ने टिप्पणी की है कि यदि कोई लडकी शादी के बाद एकांकी जीवन चाहती है तो उसे शादी के बायोडाटा में साफ लिख देना चाहिए कि उसे ऐसा पति चाहिए जो माता-पिता और परिवार की जिम्मेदारियों से मुक्त हो। यह मामला बदायूं के एक युवक और फरीदपुर की युवती से जुड़ा है। दोनों की शादी 2019 में हुई लेकिन युवती सास-ससुर के साथ नहीं रहना चाहती थी। लिहाजा, 2020 से अलग रहने लगी। न्यायाधीश ने कहा कि आज कई लोग वृद्धाश्रमों और बंद फ्लैटों में अकेले रह रहे हैं जबकि संयुक्त परिवार अकेलेपन को दूर करता है। अदालत ने पति का तलाक दावा स्वीकार करते हुए दोनों को अलग रहने की अनुमति दे दी और कहा कि जो लड़कियां शादी के बाद संयुक्त परिवार को बोझ समझती हैं, वह पहले ही अपनी प्राथमिकता स्पष्ट करें क्योंकि यह सोच सामाजिक ताने-बाने को नुकसान पहुंचा सकती है।
एक जज की यह टिप्पणी हमारे घरों के हालात को प्रकट कर रही है। यह केवल एक कानूनी टिप्पणी नहीं है बल्कि इससे पता चलता है कि हमारे घरों के भीतर क्या बदल रहा है और रिश्तों में कैसी नकारात्मकता पैदा हो रही है। रिश्ते, खासकर ससुराल में, किस प्रकार दरक रहे हैं। एक जमाने में पति-पत्नी के बीच नोक-झोंक सामान्य बात हुआ करती थी मगर आज हालत यह है कि घर में छोटी-मोटी बात पर हुई बहस ही अदालत में पहुंचने लगी। पति-पत्नी की खटपट को पहले घर के बड़े-बुजुर्ग ही सुलझा दिया करते थे, वह अब अदालतों से भी नहीं सुलझ पा रही है। पारिवारिक न्यायालयों में जज के समझाने के बावजूद जोड़े तलाक से कम पर मानते ही नहीं हैं। जाहिर कि समाज एक ऐसे मोड़ पर पहुंच गया है जहां रिश्तों को संभालने की कला कमजोर पड़ रही है। हमारे संयुक्त परिवारों वाले पारंपरिक देश और समाज में यह स्थिति दुःखी करती है।
पहले हमारे यहां दीवारें कम और अपनापन अधिक था लेकिन एकल परिवारों की चाह और चलन ने सब कुछ बदल कर रख दिया है। नौकरी, कामकाज के सिलसिले में एकल परिवार समझ में आते हैं पर बिना वजह अलग रहने की जिद समझ से बाहर है। इसी जिद के कारण न केवल दादा-पौत्र, बुआ-भतीजे, चाचा-चाची, ताऊ-ताई जैसे रिश्ते खत्म हो रहे हैं बल्कि दाम्पत्य संबंध भी दरक रहे हैं। रिश्तों में जो धैर्य की भावना थी, वह तो कहीं खो गई लगती है। आज पति-पत्नी अपने लिए जगह चाहते हैं तो बुजुर्ग अपनी पुरानी जगह बचाए रखने के ख्वाहिशमंद हैं। दोनों की इच्छाएं ठीक हैं लेकिन टकराव तब शुरू होता है जब कोई भी अपनी जगह से एक कदम पीछे नहीं हटना चाहता। इसी से परिवारों में खाई पैदा हो रही है। बरेली कोर्ट के सामने आया यह मामला असल में उसी अदृश्य खाई का उदाहरण है।

## राशिफल

| | |
|---|---|
| मेष – कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जायेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। | तुला – शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। |
| वृष – मांगलिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जायेगी। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। | वृश्चिक – जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। |
| मिथुन – स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। समय ठीक है। | धनु – मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। |
| कर्क – पर-प्रपंच में ना पड़ कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल बन जायेगा। | मकर – समय नकारात्मक परिणाम देनेवाला बन रहा है। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। |
| सिंह – कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिन्ता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। | कुंभ – हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जायेगी। अपने काम आसानी से बनते चले जायेंगे। साथ ही, आगे के लिए रास्ता भी बन जायेगा। |
| कन्या – पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जायेगा। | मीन – व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवा कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जायेगी। धैर्य रखें। |


स्वामित्व दिग्विजय सिंह के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक आलोक कुमार सिन्हा द्वारा एवी पब्लिशर, 220 माखिजा हाउस, ओल्ड एचबी रोड, नियर कोकर बाजार, कोकर, रांची, 834001 से प्रकाशित एवं शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची 835222 से मुद्रित। आर.एन.आई.सं : JHAHIN2009/32423, **प्रबंध सम्पादक :** नागेंद्र नारायण सिंह, **सम्पादक (झारखंड):** विष्णु शंकर उपाध्याय*। दूरभाष 0651-3501612, 8825197097, 9431343365, 8863906660 *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## एक झलक

### केतार में दो दिनों तक बिजली कटौती, पावर ग्रिड टावर निर्माण के कारण बाधित रहेगी आपूर्ति

**केतार :** केतार प्रखंड क्षेत्र के उपभोक्ताओं को अगले दो दिनों तक बिजली कटौती का सामना करना पड़ेगा। गुरुवार और शुक्रवार को पूरे क्षेत्र में सुबह 10:00 बजे से शाम 4:30 बजे तक बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। इसकी जानकारी देते हुए विद्युत विभाग के कनीय अभियंता महादेव महतो ने बताया कि झगड़ा खंड में पावर ग्रिड टावर निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। सुरक्षा मानक और तकनीकी आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए निर्धारित समयावधि में बिजली आपूर्ति रोकना अनिवार्य है। कनीय अभियंता ने उपभोक्ताओं से सहयोग और धैर्य बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि निर्धारित अवधि में बिजली बाधित रहने से होने वाली असुविधा के लिए विभाग खेद प्रकट करता है, लेकिन कार्य पूर्ण होने के बाद क्षेत्र में बेहतर और स्थिर बिजली व्यवस्था सुनिश्चित होगी।

### राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पर जेएनपी एस में मानवाधिकार जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**बरही:** राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के पुनीत अवसर पर राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन बरही अनुमंडल इकाई की ओर से कृष्णापुरी बरही स्थित झारखंड नेशनल पब्लिक स्कूल में मानवाधिकार जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अनुमंडल अध्यक्ष कमल शंकर पंडित एवं संचालन विद्यालय के डायरेक्टर डॉक्टर सुनील कुमार दता ने किया। बतौर अतिथि प्रदेश अध्यक्ष कृष्णा प्रजापति, प्रदेश प्रभारी मुकुंद साव ,प्रदेश संयोजक भरत यादव, प्रदेश सचिव प्रोफेसर हीरामन साहू, प्रदेश संगठन सचिव विपिन बिहारी पांडे, प्रदेश विधि सचिव डॉ सुनील कुमार दत्ता, कोडरमा जिला सचिव विकास यादव तथा बरही अनुमंडल महासचिव प्रभाकर पाठक ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया ।इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन की ओर से सभी अतिथियों को बुके देकर स्वागत किया गया । इस अवसर पर उपस्थित सभी अतिथियों ने वर्तमान परिदृश्य में मानवाधिकार की स्थिति एवं मानवाधिकार उल्लंघन से होने वाले सामाजिक परेशानियों के साथ-साथ व्यक्तिगत परेशानियां पर प्रकाश डाला गया । साथ ही मानवाधिकार रोकने एवं मानवाधिकार हनन एवं उल्लंघन को रोकने के लिए राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन की भूमिका पर भी प्रकाश डाला गया । मौके पर सभी अतिथियों ने बारी बारी से मानवाधिकार हनन एवं मानवाधिकार उल्लंघन को रोकने के उपाय बताएं । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष कृष्णा प्रजापति ने कहा की मानवाधिकार का हनन एवं उल्लंघन करना न केवल सामाजिक अपराध है, बल्कि कानूनी अपराध है। मानवाधिकार का हनन एवं उल्लंघन रोकने के लिए राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन पूरे प्रदेश स्तर पर अपने संगठन को मजबूती प्रदान करने के साथ-साथ विस्तारित करने का काम कर रहा है। प्रदेश प्रभारी मुकुंद साव ने कहा की बच्चों को यह जानकारी होनी चाहिए कि उन्हें भारतीय संविधान के द्वारा कौन-कौन से मौलिक अधिकार दिए गए हैं। क्या उनके मौलिक अधिकार का हनन तो नहीं हो रहा है। प्रदेश संयोजक भरत यादव ने कहा की वर्तमान समय में मानवाधिकार के हनन के मामले में आम लोगों में जागरुकता जरूरी है, ताकि वे समय रहते गलत का विरोध कर सके ।

## उपायुक्त ने मनिका प्रखंड में विकास योजनाओं और शैक्षणिक संस्थानों का किया निरीक्षण

# शैक्षणिक माहौल को और बेहतर बनाने के दिये निर्देश

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**मनिका(लातेहार) :** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने बुधवार को मनिका प्रखंड का दौरा किया और यहां चल रही विभिन्न विकास योजनाओं की प्रगति, गुणवत्ता और पारदर्शिता की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कई शैक्षणिक संस्थानों, पंचायत भवनों और अन्य सरकारी योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की।कस्तूरबा विद्यालय मनिका, आर.के. +2 विद्यालय मनिका और राजकीयकृत +2 विद्यालय मनिका में उन्होंने छात्रों को मिलने वाली सुविधाओं का अवलोकन किया। परिसर की स्वच्छता, आवास, भोजन, बिजली, पानी समेत अन्य



मूलभूत व्यवस्थाओं को भी परखा। उन्होंने स्कूल प्रबंधन को साफ-सफाई, स्वच्छ शौचालय और बेहतर शिक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मिड-डे मील की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखने को कहा गया। उपायुक्त ने विज्ञान प्रयोगशाला, कंप्यूटर लैब और आईसीटी लैब का भी निरीक्षण किया। उन्होंने उपलब्ध संसाधनों की स्थिति पर असंतोष जताते हुए संबंधित अधिकारियों को शैक्षणिक माहौल को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए।दौरे के दौरान उन्होंने आम बागवानी, अबुआ आवास योजना और अन्य योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रगति देखी। प्रखंड विकास पदाधिकारी को लंबित योजनाओं में तेजी लाने के कड़े निर्देश दिए गए। उन्होंने साफ कहा कि किसी भी तरह की वित्तीय अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।उपायुक्त ने लैंपस का निरीक्षण कर संस्थान की कार्यप्रणाली और गतिविधियों की जानकारी ली तथा पारदर्शिता और गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए। इसके बाद पंचायत सचिवालय बड़काडीह में कार्यालय व्यवस्था, अभिलेखों के रखरखाव और आमजनों को मिलने वाली सेवाओं की समीक्षा की गई। उन्होंने समयबद्ध कार्य निष्पादन और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने कहा कि शिक्षा, स्वच्छता और बुनियादी सुविधाओं में किसी तरह की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। सभी पदाधिकारियों को जनहित के कार्यों को प्राथमिकता के साथ निर्धारित मानकों के अनुरूप पूरा करने को कहा गया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त सैय्यद रियाज अहमद, डीआरडीए निदेशक प्रभात रंजन चौधरी, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार अजय कुमार रजक, विशेष कार्य पदाधिकारी श्रेयांश, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. चंदन समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### युवा साथी झारखंड संस्था ने मुख्यमंत्री को लिखा अनुरोध पत्र

**बरही :** युवा साथी झारखंड संस्था ने चिंता जाहिर करते हुए सोमवार को हजारीबाग जिला स्तर पर अस्पतालों में खराब स्वास्थ्य सेवाओं, बेहतर चिकित्सा व्यवस्था उपलब्ध कराने एवं हजारीबाग सदर अस्पताल में प्लाज्मा एवं प्लेटलेट्स से संबंधित मशीनों को लगाने को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी, हजारीबाग जिले के उपायुक्त, सिविल सर्जन एवं शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल हजारीबाग के अधीक्षक को अनुरोध पत्र लिखा है। पत्र में संस्था ने अनुरोध करते हुए कहा है कि सदर अस्पताल हजारीबाग में प्लाज्मा एवं प्लेटलेट्स से जुड़ी आधुनिक मशीनें एवं उपकरण जैसे प्लाज्मा सेपरेटर, प्लेटलेट्स काउंटर, कोल्ड सेंट्रीफ्यूज आदि स्थापित की जाए जिससे जिला स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर किया जा सकता है।

## जिला प्रशासन ने गरीब एवं बेसहारा लोगों के लिए की है अलाव की व्यवस्था



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**बोकारो :** बढ़ते ठंड को देखते हुए बोकारो जिला प्रशासन ने पूरे जिले में अलाव जलाने की व्यवस्था की है, ताकि जरूरतमंद लोगों को ठंड से राहत मिल सके। जिला प्रशासन ने गरीब, बेसहारा एवं रात में काम करने वाले लोगों के लिए यह व्यवस्था की है। इस संदर्भ में उपायुक्त अजय नाथ झा ने सभी जिला स्तरीय एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों को निर्देश जारी किया है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि ठंड से परेशानी न हो, इसे सुनिश्चित करें।शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के प्रमुख चौक-चौराहों के साथ-साथ प्रखंड मुख्यालय, पंचायत भवन, हाट-बाजार और भीड़भाड़ वाले इलाकों में अलाव की व्यवस्था की गई है। लकड़ी और कोयला की आपूर्ति भी सुनिश्चित की गई है, ताकि अलाव की व्यवस्था निर्बाध रूप से हो सके। उपायुक्त अजय नाथ झा ने संवेदनशीलता के साथ अपने क्षेत्र में विशेष निगरानी रखने का निर्देश अधिकारियों को दिया है ताकि ठंड से किसी भी आम जनता को परेशानी ना हो।

## 16 से लगेगा खरमास, एक महीने तक रुकेंगे शुभ कार्य

# पौष माह में सूर्य उपासना का विशेष महत्व

**नीरज सिन्हा**
**लातेहार:** हिंदू पंचांग के अनुसार 16 दिसंबर से खरमास की शुरूआत होने जा रही है। सूर्य के धनु राशि में प्रवेश करते ही मलमास का यह एक माह का दौर शुरू होता है, जिसमें शादी-विवाह, गृह प्रवेश और अन्य मांगलिक कार्य पूरी तरह वर्जित माने जाते हैं। यह अवधि 14 जनवरी 2026 की रात तक चलेगी, जब सूर्य मकर राशि में प्रवेश करेंगे और मकर संक्रांति के साथ शुभ कार्यों पर लगी रोक हट जाएगी।इधर लातेहार थाना चौक स्थित मनोकामना सिद्ध मंदिर के पुजारी त्रिभुवन पाण्डेय ने बताया कि पौष मास हिंदू पंचांग का दसवां महीना है, जिसकी शुरूआत



इस बार 5 दिसंबर शुक्रवार से हुई है। यह महीना सूर्य उपासना का प्रमुख काल माना जाता है और पूरे माह दान, सेवा, मंत्रजप तथा सात्त्विक जीवन शैली को विशेष फलदायी बताया गया है। पाण्डेय जी के अनुसार पितरों की शांति के लिए दान और तर्पण भी इसी अवधि में अत्यंत शुभ माना जाता है। पौष अमावस्या, प्रदोष व्रत, मासिक शिवरात्रि, सफला एकादशी जैसे कई पर्व इसी महीने में पड़ते हैं।इस बार पौष माह 30 दिनों का होगा और 3 जनवरी 2026 को समाप्त होगा। ज्योतिषियों के मुताबिक इस अवधि में बार-बार मौसम बदलने, कोहरा, बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि की भी संभावना बनी रहेगी। 28 दिसंबर से 14 जनवरी के बीच मौसम का प्रभाव जनजीवन को प्रभावित कर सकता है। ग्रह स्थिति के कारण किराना समेत कई जरूरी वस्तुओं की कीमतों में बढ़ोतरी का अनुमान भी जताया जा रहा है।

## मुख्य सड़क से अवैध स्पीड ब्रेकर हटा नगर पंचायत ने की त्वरित कार्रवाई

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**मेदिनीनगर :** जपला नबीनगर मुख्य सड़क पर मुनी सिंह चौक के पास बनाए गए अवैध स्पीड ब्रेकर को हटा दिया गया। यह स्पीड ब्रेकर बिजली के सीमेंट पोल रखकर बिना अनुमति और मानक प्रक्रिया के बनाया गया था, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी हो रही थी। स्थानीय लोगों ने बताया कि यह स्पीड ब्रेकर निर्धारित ऊंचाई से काफी अधिक था, जिसके कारण दोपहिया और छोटे चारपहिया वाहनों के निचले हिस्से में अक्सर रगड़ लगती थी। कई बार वाहन चालक असंतुलित होकर गिरते गिरते बचते थे और दुर्घटना की आशंका लगातार बनी रहती थी। जिसके बाद नगर प्रशासन ने मामले को संज्ञान मे लेते हुए त्वरित कार्रवाई की। नगर पंचायत हुसैनाबाद के



कार्यपालक पदाधिकारी शशि शेखर सुमन ने मामले में संज्ञान लेते हुए संबंधित टीम को तुरंत सड़क से अवैध स्पीड ब्रेकर तथा सीमेंट पोल हटाने का निर्देश दिया। निर्देश मिलते ही प्रशासनिक टीम मौके पर पहुंची और पूरे अवैध ढांचे को सुरक्षित तरीके से हटवा दिया। अवैध स्पीड ब्रेकर हटने के बाद क्षेत्र के लोगों एवं वाहन चालकों ने राहत की सांस ली। उन्होंने कहा कि यह अव्यवस्थित स्पीड ब्रेकर लंबे समय से परेशानी का कारण बना हुआ था।

## कल लातेहार में रोजगार मेला, 27 कम्पनियां देंगी 4196 पदों पर नौकरी के अवसर

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**लातेहार :** श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखण्ड सरकार के जिला नियोजन-सह-जिला कौशल कार्यालय, लातेहार द्वारा रोजगार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत 12 दिसंबर को जिला खेल स्टेडियम परिसर में दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला-2025 का आयोजन किया जाएगा ।मेले में झारखण्ड के साथ-साथ राज्य के बाहर की निजी कंपनियों को मिलाकर कुल 27 कंपनियाँ हिस्सा लेंगी। हेल्थ, इंश्योरेंस, कंस्ट्रक्शन, माइनिंग और सर्विस सेक्टर से जुड़ी कंपनियाँ 4196 रिक्तियों के लिए उम्मीदवारों का चयन करेंगी। उपलब्ध पदों में असिस्टेंट मैनेजर, ब्रांच मैनेजर, मार्केटिंग एग्जिक्युटिव, जिला कोऑर्डिनेटर, अकाउंटेंट, मैकेनिक इंजीनियरिंग, माइंस मैनेजर, नर्स, सिक्योरिटी गार्ड, इलेक्ट्रिशियन आदि शामिल हैं। वेतनमान 8000 से ?29000 तक होगा ।मेले के दौरान मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत आवासीय एवं गैर-आवासीय कौशल प्रशिक्षण के लिए युवाओं का पंजीकरण भी किया जाएगा, ताकि प्रशिक्षण के बाद उन्हें रोजगार और स्वरोजगार से जोड़ा जा सके। रोजगार मेले में शामिल होने के लिए उम्मीदवारों को झारखण्ड के किसी नियोजनालय में निबंधित नियोजन कार्ड,शैक्षणिक प्रमाणपत्रों की छायाप्रति,दो पासपोर्ट साइज फोटो,आधार कार्ड की छायाप्रति,स्थानीय निवास प्रमाण पत्र,जाति प्रमाण पत्र की छायाप्रति,बायोडाटा की दो प्रतियाँ साथ लाने होंगे ।जिला नियोजन-सह-जिला कौशल पदाधिकारी संतोष कुमार ने बताया कि मेले की तैयारियाँ पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने जिले के युवक-युवतियों से अपील की है कि वे इस अवसर का लाभ उठाएं।

### लायंस क्लब झुमरी तिलैया ने बढ़ती ठंड में जरूरतमंदों के बीच बांटे 50 कम्बल

**झुमरी तिलैया :** बढ़ती ठंड के बीच सामाजिक सरोकार निभाते हुए लायंस क्लब झुमरी तिलैया ने जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया। क्लब अध्यक्ष गजेन्द्र राम के नेतृत्व में स्टेशन परिसर, काली मंदिर परिसर, रेलवे स्टेशन तथा नगर के विभिन्न चौक-चौराहों पर पहुंचकर 50 कंबलों का वितरण किया गया। काली मंदिर परिसर में बिना ऊनी वस्त्र के ठिठुरते गरीबों को कंबल प्रदान किया गया। वहीं स्टेशन परिसर में गाड़ियों का इंतजार कर रहे कई यात्रियों को भी कंबल दिए गए। इनमें कुछ ऐसे लोग शामिल थे जो सिर्फ पतली चादर के सहारे ठंड से जूझ रहे थे। रात में उन्हें जगाकर कंबल दिए जाने पर उनके चेहरों पर दिखाई दी खुशी देखते ही बन रही थी।

## कोर्ट की निगरानी में मंडप तक पहुंचा अभियुक्त

# पीड़िता से शादी होते ही मामले ने बदला रूख

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**लातेहार :** लातेहार एक अनोखा मामला सामने आया, जहां जमानत याचिका की सुनवाई के दौरान अदालत ने काराधीन अभियुक्त आतिश उरांव और पीड़िता सविता कुमारी की आपसी सहमति पर दोनों का विवाह संपन्न कराने का आदेश दिया। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय संजय कुमार दुबे के निर्देश के बाद आतिश उरांव को सुरक्षा व्यवस्था के बीच अंबा कोठी स्थित प्राचीन देवी मंडप लाया गया।वहाँ पीड़िता, उसके परिजन और दोनों पक्षों के रिश्तेदारों की मौजूदगी में पंडित दिलीप शुक्ला ने विधिवत मंत्रोच्चार के साथ शादी कराई।अभियुक्त के अधिवक्ता सुनील कुमार ने बताया कि आतिश उरांव के खिलाफ चंदवा थाना कांड संख्या



220/2025 में बीएनएस की धारा 64(2)(एम) के तहत ₹विवाह से मुकरने₹ का मामला दर्ज है। इसी मामले में वह 8 अक्टूबर 2025 से जेल में था। जमानत पर सुनवाई के दौरान अदालत ने पीड़िता को नोटिस भेजा था। पेशी के दौरान पीड़िता ने विवाह के लिए अपनी सहमति जताई और दोनों के बालिग होने से जुड़े दस्तावेज उनके माता-पिता द्वारा अदालत में जमा किए गए।औपचारिकताएँ पूरी होने के बाद अदालत ने दोनों को विवाह स्थल भेजने का आदेश दिया, जहाँ शादी पूरी होते ही माहौल खुशियों से भर गया। पीड़िता ने कहा कि अभियुक्त द्वारा शादी से इनकार करने पर उसने मामला दर्ज कराया था। वही समाचार लिखे जाने तक जमानत याचिका पर अदालत का फैसला लंबित था, लेकिन शादी के बाद दोनों परिवारों में सुकून और संतोष दिखा।

## नदियों की निर्मलता बनाये रखना ही गंगा आरती का उद्देश्य : अविनाश देव



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**मेदिनीनगर :** नवजागरण कोयल गंगा आरती समित द्वारा कोयल रिवर फ्रंट पर गंगा आरती का आयोजन किया गया जिसमें बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। राहुल शास्त्री जी के कुशल नेतृत्व में इनकी पूरी टीम भव्य गंगा आरती की। इस मौके पर अपने संत मरियम विद्यालय के बच्चे भी शिरकत किए। मां गंगा के तस्वीर पर पूजा अर्चना कर आरती किए और उपस्थित भक्तजनों से मुखातिब हुए। कोयल गंगा भक्तों को संबोधित करते हमने कहा मानव सभ्यता का विकास नदी किनारे हुआ है और जीव के लिए नदी जीवनदायिनी है। भारत और विदेश के नदियों में जब हम तुलना करते हैं तो विदेशी नदियां ज्यादा निर्मल है। हम भारतीय नदियों को मां कहते हैं लेकिन सब गंदगी नदी में ही प्रवाहित करते हैं। भारत के कोई नदी का पानी पीने योग्य नहीं है सब प्रदूषित है इसीलिए सरकार नमामि गंगे योजना ला कर हर नदी को स्वच्छ कर रही है। हम आम व खास नागरिकों से अपील करते हैं कि कोयल गंगा आरती में संकल्प लें कि आज से कोयल को स्वच्छ रखने में हमारा पहला कदम होगा।

## डंडई अस्पताल की चिकित्सक तालिका बनी शोभा, अस्पताल नहीं आ रहे चिकित्सक

# प्रखंड के जन प्रतिनिधि निष्क्रिय : मरीज

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**गढ़वा /डंडई :** प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डंडई में लगा चिकित्सकों का ड्यूटी तालिका इनदीनों महज एक दिखावा साबित हो रहा है। उक्त तालिका के अनुसार अस्पताल में एक भी चिकित्सकों का आगमन नहीं हो रहा है। नतीजन दूर-दूर से इलाज कराने अस्पताल आ रहे मरीजों को बैरँग अपना घर लौटना पड़ जा रहा है। प्रभारिक चिकित्सा पदाधिकारी वीरेंद्र राम के दस्तखत से अस्पताल के मुख्य गेट पर लगे चिकित्सकों की ड्यूटी तालिका मे अस्पताल के दो एमबीबीएस चिकित्सक के साथ-साथ एक सीएचओ चिकित्सक का भी नाम शामिल है। ड्यूटी तालिका में तीनों




चिकित्सकों अलग-अलग तिथि के अनुसार साप्ताहिक ड्यूटी दिया गया है। बावजूद वे सभी ड्यूटी तालिका के अनुसार अस्पताल आना मुनासिब नहीं समझ रहे हैं। ड्यूटी तालिका के अनुसार बुधवार को अस्पताल के एमबीबीएस चिकित्सक डॉक्टर मनोज कुमार दास और सीएचओ कुमुद रंजन का ड्यूटी था लेकिन दिन के 1:00 बजे तक दोनों चिकित्सक में से किसी का भी अस्पताल में आगमन नहीं हुआ। अस्पताल आई छोटी कुमारी, चंपा देवी, तारा देवी, मीना देवी, चिंता देवी, रेखा देवी, फूलवासी देवी ,प्रियांशु परहीया इत्यादि मरीजों का कहना है कि हम लोग दवा को लेकर निरंतर अस्पताल आते रहते हैं । इसी बीच जब कभी अस्पताल के चिकित्सक से मुलाकात हो गई तो हम लोगों को दवा मिल गया और नहीं तो बिना दवा लिए ही हम लोग अपने-अपने घर लौट आते हैं।

## एसबीआई बरवाटोली शाखा ने दो लाभार्थियों को दिया बीमा दावा

# वित्तीय जागरूकता शिविर में ग्रामीणों को मिली महत्त्वपूर्ण जानकारी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**लातेहार :** एसबीआई की बरवाटोली शाखा ने बुधवार को एक वित्तीय साक्षरता जागरूकता शिविर का आयोजन किया, जिसमें दो लाभार्थियों को बीमा दावों की राशि सौंपी गई। जयंती भगत को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना तथा साइना खातून को एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना का दावा प्रदान किया गया।शिविर में शाखा प्रबंधक धर्मेंद्र सिंह ने ग्रामीणों को दोनों बीमा योजनाओं की प्रक्रिया, पात्रता और लाभों के बारे में विस्तार से बताया। इसके साथ ही जिला के एल.डी.एम. नरेन्द्र श्रीवास्तव ने अटल पेंशन योजना,



जन-धन खातों और अन्य सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी देते हुए लोगों से अपने बैंक खातों के माध्यम से इन योजनाओं का लाभ लेने की अपील की।कार्यक्रम में जिला परिषद सदस्य लाल भानु प्रताप शाहदेव, प्रखंड प्रमुख मनीषा उरांव, समाजसेवी राजू उरांव, अग्रगति संस्था के ब्लॉक कोऑर्डिनेटर सचिन लकड़ा और ट्रेनर गणेश उरांव भी मौजूद रहे।

# बीएसएल का 14 से हैप्पी स्ट्रीट का होगा शुभारम्भ

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**बोकारो :** विगत वर्ष की भांति, इस वर्ष भी बोकारो स्टील प्लांट के तत्वावधान में हैप्पी स्ट्रीट का आयोजन किया जा रहा है। इसका उदघाटन 14 दिसंबर को सुबह 7:30 बजे किया जाएगा, जिसमें बीएसएल के वरीय अधिकारियों सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की सफल आयोजन हेतु बीएसएल द्वारा आवश्यक तैयारियां आरंभ की जा चुकी हैं। एक्टिव बोकारो, हेल्दी बोकारो के थीम को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में बोकारो के विभिन्न विद्यालय, शिक्षण संस्थान, बोकारो महिला समिति, संगीत कला




अकादमी, सीआरपीएफ, सीआईएसएफ, रोटरी क्लब, लायंस क्लब, रोटरी क्लब ऑफ मिड टाउन कपल्स, पोस्टल फिलाटेली ग्रुप, एक्स सर्विसमैन एसोसिएशन तथा अन्य सामाजिक संस्थाएँ भाग लेंगी। इसके अतिरिक्त, समस्त नगरवासी भी इस आयोजन में शामिल हो सकेंगे। हैप्पी स्ट्रीट का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को स्वस्थ एवं सक्रिय जीवनशैली अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना है। इस अवसर पर सांस्कृतिक एवं खेल गतिविधियों से जुड़े विशेषज्ञ अपने प्रदर्शन के माध्यम से लोगों को स्वस्थ, सक्रिय और खुशहाल जीवन जीने के लिए प्रेरित करेंगे।

## बीएसएल में नयी श्रम संहिताओं पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**बोकारो :** बोकारो स्टील प्लांट के यातायात विभाग में नई श्रम संहिताओं के संबंध में जागरूकता हेतु एक विशेष कार्यक्रम काआयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में श्रम प्रवर्तन अधिकारी भरत प्रसाद ने श्रमिकोंके



साथ संवाद स्थापित किया तथा नई श्रम संहिताओं से जुड़े प्रमुख प्रावधानों, कल्याणकारी लाभों और सामाजिक सुरक्षा उपायों की विस्तृत जानकारी साझा की। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक(यातायात) मनोज कुमार ह्यांकी, महाप्रबंधक (यातायात) राजेश कुमार, वरीय प्रबंधक(यातायात) ओम प्रकाश, वरीय प्रबंधक (यातायात) शैलेन्द्र कुमार, कनीय प्रबंधक(यातायात) कपूर रंजन सहित विभाग के अन्य अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में संविदा कर्मी उपस्थित थे।

# ट्रैफिक नियम तोड़नेवालों पर कार्रवाई, 69,650 की वसूली

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**लातेहार :** जिले में बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए प्रशासन ने बुधवार को विशेष चेकिंग अभियान चलाया। यह कार्रवाई जिला परिवहन पदाधिकारी (डीटीओ) उमेश मंडल ने किया। अभियान का मुख्य केंद्र लातेहार दूध फैक्ट्री के पास का क्षेत्र रहा, जहां रोजाना बड़ी संख्या में दोपहिया और ऑटो वाहनों की आवाजाही रहती है। चेकिंग के दौरान टीम ने बिना हेलमेट, कागजों की कमी, ओवरलोडिंग और ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन जैसे मामलों पर खास ध्यान दिया। पूरे अभियान में कुल 38 वाहनों का चालान काटा गया, जिनमें 32 दोपहिया



वाहन और 6 ऑटो वाहन शामिल रहे। इनसे कुल ?69,650 की दंड राशि वसूली गई ।डीटीओ उमेश मंडल ने बताया कि सड़क सुरक्षा से समझौता करने वालों पर कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि नियमों का पालन केवल जुमार्ने से बचने के लिए नहीं, बल्कि अपनी और दूसरों की जान की सुरक्षा के लिए जरूरी है। टीम ने चालकों को ट्रैफिक नियमों के पालन को लेकर जागरूक भी किया ।वहीं श्री मंडल ने कहा कि जिले में सड़क हादसों की संख्या कम करने के लिए ऐसे अभियान नियमित रूप से चलाए जाएंगे।

## एक नजर

### ब्राउन शुगर तस्करी मामले में एक युवक गिरफ्तार

**पूर्वी सिंहभूमः** गोलमुरी थाना क्षेत्र के नामदा बस्ती में नशीले पदार्थों की अवैध खरीद-फरोख्त के खिलाफ पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने मकान नंबर 45 से एक युवक को ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान शुभम सिंह (28) के रूप में हुई है, जो नामदा बस्ती का ही निवासी बताया जा रहा है। बुधवार को सिटी डीएसपी सुनील कुमार चौधरी ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि नामदा बस्ती में ब्राउन शुगर की खरीदझबिक्री की जा रही है। सूचना के सत्यापन के बाद विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया और 9 दिसंबर की शाम संबंधित मकान में छापेमारी की गई। इस दौरान पुलिस को देखकर आरोपित मौके से भागने की कोशिश करने लगा, लेकिन अन्य पुलिस बल के सहयोग से उसे घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। तलाशी के दौरान आरोपित के पास से 21 पुड़िया ब्राउन शुगर बरामद की गई, जिसका कुल वजन करीब तीन ग्राम बताया जा रहा है।

### गैरेज में लगी आग, कार और ऑटो जल कर राख

**पूर्वी सिंहभूमः** सिदगोड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत एग्रिको सिग्नल के समीप स्थित एक गैरेज में मंगलवार देर रात अचानक आग लग गई, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। आग की तेज लपटें और घना धुआं दूर तक दिखाई देने लगा, जिसे देख आसपास के लोग दहशत में आ गए और अपने घरों से बाहर निकल आए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार गैरेज में खड़ी एक कार और एक ऑटो में शॉर्ट सर्किट के कारण आग भड़की, जिसने देखते ही देखते दोनों वाहनों को अपनी चपेट में ले लिया। आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही मिनटों में वाहन पूरी तरह जलने लगे। आग के बढ़ते स्वरूप को देखकर स्थानीय लोगों ने तुरंत दमकल विभाग और सिदगोड़ा थाना को सूचना दी।

### एस्पायर मदर्स विंग्स ने युवाओं की प्रतिभा को दिया मंच

**पूर्वी सिंहभूमः** एस्पायर मदर्स विंग्स के तत्वावधान में बुधवार को गोलमुरी उत्कल समाज में आयोजित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम में विशेष बच्चों और युवाओं ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सी.आर.सी रांची से अशोक प्रधान, सदर अस्पताल से डॉ. कमलेश कुमार और डॉ. राजीव लोचन, सबल संस्था से तेनिक, नई दिशा से संदीप , रोटरी क्लब की अध्यक्ष डॉ. रेनूका चौधरी, समाजसेवी पुरबी घोष, लायंस क्लब की अध्यक्ष अरति पांडे और सम्पूर्ण लायंस परिवार तथा लायंस कालिमाटी टीम भी कार्यक्रम में शामिल हुए। सभी अतिथियों ने विशेष प्रतिभाओं का उत्साहवर्धन किया और एस्पायर मदर्स विंग्स की इस पहल की सराहना की। कार्यक्रम विशेष बच्चों ने डांस, सिंगिंग, योगा, फैशन शो, मिमिक्री और कविता पाठ ने उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य विशेष बच्चों को एक मंच प्रदान करना और समाज में उनकी क्षमताओं को पहचान देना था, जिसे उपस्थित जनों ने खूब सराहा। विशेष माताओं के रूप में अमृता कुलताज, डॉ. निबेदिता, पुष्पलता, अदिति यादव, सोनाली सरकार, प्रीति सिन्हा और ममता पाढ़ी सहित अन्य उपस्थित थे।

## डीसी/डीडीसी ने की अबुआ आवास योजना के तहत सम्पादित कार्यों की समीक्षा बैठक

# श्रमिकों को मनरेगा रोजगार उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें : उपायुक्त

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चाईबासा :** बुधवार को पश्चिमी सिंहभूम जिला समाहरणालय स्थित सभागार में जिला दंडाधिकारी -सह-उपायुक्त चंदन कुमार की अध्यक्षता एवं उप विकास आयुक्त संदीप कुमार मीणा, निदेशक- लेखा प्रशासन-सह-स्वनियोजन सुनील खलको व सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी की उपस्थिति में मनरेगा अंतर्गत क्रियान्वित योजनाओं और प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) व अबुआ आवास योजना तहत संपादित कार्यों की समीक्षा हेतु बैठक का आयोजन किया गया। उक्त बैठक में उपायुक्त के द्वारा मनरेगा अंतर्गत मानव दिवस सृजन, जॉब कार्ड रिन्यूअल, प्रति ग्राम चालू योजना, बिरसा सिंचाई कूप योजना, दीदी बाड़ी योजना, एक्शन




टेकन रिपोर्ट(एटीआर) और आवास निर्माण से संबंधित अद्यतन प्रतिवेदन का प्रखंड वार अवलोकन किया गया। बैठक में समीक्षा के दौरान उपायुक्त के द्वारा लक्ष्य से कम मानव दिवस सृजन से संबंधित प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी को लक्ष्य के अनुरूप उपलब्धि प्राप्त करने और सभी प्रखंडों में दीदी बाड़ी योजना, आवास योजना आदि अंतर्गत कार्य योजना तैयार कर मानव दिवस सृजन के तहत महिलाओं का अनुपात 50% सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा ई-केवाईसी के माध्यम से जॉब कार्ड रिन्यूअल के कार्यों को आगामी 20 दिसंबर 2025 तक लक्ष्य के विरुद्ध 70% लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए निर्देशित किया गया। बैठक में प्रखंड वार प्रति ग्राम चालू योजनाओं की स्थिति से संबंधित प्रतिवेदन का समीक्षा करते हुए उपायुक्त के द्वारा निर्देश दिया गया कि प्रतिदिन प्रत्येक ग्राम में 5 योजनाओं का क्रियान्वयन और प्रति पंचायत 150 श्रमिकों को मनरेगा तहत रोजगार उपलब्ध करवाना सुनिश्चित किया जाए। बैठक के दौरान उपायुक्त के द्वारा मनरेगा तहत वित्तीय वर्ष 2022-23 एवं इससे पूर्व की लंबित योजनाओं से संबंधित प्रतिवेदन का समीक्षा के दौरान निर्देश दिया गया कि वैसी सभी योजनाएं जिसे बंद की जा सकती है, उन सभी को नरेगासॉफ्ट एप्लीकेशन में बंद करते हुए उस स्थान पर नई योजना का चयन किया जाए। इसके अलावा बैठक में सोशल ओडिट सर्वेक्षण के माध्यम से उठाए गए मामलों में प्रस्तुत एक्शन टेकन रिपोर्ट(एटीआर) अपडेशन कार्यों का भी समीक्षा किया गया। बैठक में उपायुक्त के द्वारा निर्देश दिया गया कि प्रत्येक प्रखंड के सभी गांव में मनरेगा अंतर्गत क्रियान्वित योजनाओं का जांच किया जाए तथा जिस गांव में जारी वित्तीय वर्ष के दौरान योजनाओं का क्रियान्वन नहीं किया गया है, उन सभी गांवों की सूची तैयार करते हुए प्रत्येक गांव में मनरेगा तहत योजना स्वीकृत कर योजना को प्रारंभ कर स्थानीय ग्रामीणों को रोजगार उपलब्ध करवाने और विभिन्न योजनाओं के तहत संलग्न सभी श्रमिकों का मास्टर रोल जेनरेट करना सुनिश्चित किया जाए। बैठक में उपायुक्त के द्वारा अबुआ आवास योजना वित्तीय वर्ष 2023-24 एवं 2024-25, प्रधानमंत्री आवास योजना(ग्रामीण) वित्तीय वर्ष 2024-25 अंतर्गत किए जा रहे कार्यों से संबंधित प्रगति प्रतिवेदन का प्रखंड वार अवलोकन के दौरान सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्धारित समय सीमा के अंदर अपेक्षित प्रगति लाने का निर्देश दिया गया।


## शपथ पत्र



**मैं** रवी प्रकाश, पिता स्व० चन्द्रदेव नारायण यादव, उम्र करीब 53 वर्ष ग्राम पो० मकरी, थाना भवनाथपुर, जिला गढ़वा राज्य झारखण्ड का निवासी हूं तथा शपथपूर्वक निम्नांकित व्यान करता

**1.** यह कि मेरे पुत्र का वास्तविक नाम शुभम यादव है जिसका वास्तविक जन्म तिथि 15.08. 2009 ई० है जो सही व सत्य है।

**2.** यह कि मेरे पुत्र का आधार सं० 9366 5454 4409 है जिसमे मेरे पुत्र का नाम विकाश कुमार दर्ज है तथा जन्म तिथी 15.08.2009 ई० दर्ज है जो गलत है, जबकि मेरे पुत्र का वास्तविक नाम शुभम यादव जन्म तिथि 15.08.200 ई० है जो सही व सत्य है।

**3.** यह कि मैं अपने पुत्र के आधार सं० 9366 5454 4409 में वास्तविक नाम शुभम यादव जन्म तिथि 15.08.2009 ई० दर्ज कराने हेतु शपथ पत्र का निष्पादन कर रहा हूँ जिसे सक्षम पदाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर अपने पुत्र का वास्तविक नाम एवं वास्तविक जन्म तिथि सुधार करा सकें।

पत्रांक : 4320
दिनांक : 26/112025


# चोरी मामले में 04 आरोपी गिरफ्तार, 14 लाख के जेवर बरामद

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**पूर्वी सिंहभूम :** सीतारामडेरा थाना क्षेत्र के बाराद्वारी में हुई दिनदहाड़े घर में चोरी की घटना का पुलिस ने सफलतापूर्वक खुलासा कर लिया है। इस मामले में मुख्य आरोपित सहित चार लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने चोरी गए सोना-चांदी के आभूषण, नकद राशि, स्कूटी और मोबाइल सहित सभी सामान बरामद कर लिए हैं, जिनकी कुल कीमत करीब 14 लाख रुपये बताई जा रही है। बुधवार को सिटी एसपी कुमार शिवाशीष ने प्रेस वार्ता कर बात कि 7 दिसंबर को बाराद्वारी स्थित अमित सोलंकी के घर से अज्ञात अपराधियों ने सोना और चांदी के कीमती जेवरातों की चोरी की थी। जांच के दौरान घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज और मानवीय सूचना के




आधार पर पुलिस ने भालूबासा निवासी आलोक मुखी उर्फ सावन मुखी को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने चोरी की घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार करते हुए बताया कि चोरी के कुछ आभूषण उसने अपनी बहन ज्योति मुखी और जीजा धीरज कुमार तांती को खपाने के लिए दिए थे, जबकि कुछ जेवरात उसने अपने घर में छिपाकर रखे थे। इसके बाद पुलिस ने आदित्यपुर से ज्योति मुखी और उसके पति धीरज कुमार तांती को हिरासत में लिया, जहां दोनों ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। आरोपितों की निशानदेही पर पुलिस ने बताया कि चोरी का एक सोने का हार गम्हरिया स्थित अनन्या ज्वेलर्स में बेचा गया था, जिसके बदले 70 हजार रुपये नकद मिले थे। पुलिस टीम ने ग्राहक बनकर ज्वेलर्स में छापा मारा और चोरी का हार बरामद कर लिया। इस मामले में अनन्या ज्वेलर्स के मालिक सुनील कुमार प्रसाद को भी गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस ने इस कार्रवाई में सोने का हार, बाला, कंगन, मंगटीका, नथिया, झुमका, टॉप्स, चांदी के कमरछल्ले, बाजूबंद, 42 चांदी के सिक्के, एक हीरो प्लेजर स्कूटी, एक ओप्पो एंड्रॉयड मोबाइल फोन और 70 हजार रुपये नकद बरामद किए हैं। बरामद सभी आभूषणों की अनुमानित कीमत करीब 14 लाख रुपये बताई गई है। गिरफ्तार आरोपितों में आलोक मुखी उर्फ सावन मुखी (20), निवासी रेलगेट रोड हरिजन बस्ती भालूबासा, थाना सीतारामडेरा, धीरज कुमार तांती (25), निवासी सालडीह बस्ती जी रोड, आदित्यपुर; ज्योति मुखी (25 वर्ष) और सुनील कुमार प्रसाद, निवासी एनकेएस फील्ड, दुर्गा मैदान के पास, बड़ा गम्हरिया शामिल हैं।

## अंतराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पर झारखंड विधि महाविद्यालय में कार्यशाला आयोजित

**झुमरी तिलैया :** 10 दिसम्बर 2025 को झारखंड विधि महाविद्यालय के सभागार में झारखंड एजुकेशनल एंड कल्चरल डेवलपमेंट सोसाइटी के अंतर्गत संचालित झारखंड विधि महाविद्यालय और झारखंड संध्याकालीन महाविद्यालय ने संयुक्त रूप से अन्तर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस मनाया । इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मियों के साथ-साथ सभी छात्र-छात्राओं ने अपने अपने विचारों को रखा और मानवाधिकार रक्षा का संकल्प लिया। इस अवसर पर डॉ सुरेंद्र कुमार पांडे,प्रो राघवेन्द्र दत्त,प्रो अजय कुमार,पुस्तकालय अध्यक्ष एस आर लौंगा, प्रो महजबी प्रवीण, प्रधान लिपिक नीलम कंडुलना, प्रमोद कुमार विनोद कुमार, अमित कुमार आदि उपस्थित रहे।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## विशेष कार्य प्रमण्डल भवन निर्माण विभाग, राँची
**Mail:-splworksdivbcdrnc@gmail.com**

### अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–35/2025–26

1. विज्ञापनदाता का पदनाम :–कार्यपालक अभियंता, विशेष कार्य प्रमण्डल, भवन निर्माण विभाग,राँची।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :–दिनांक–23.12.2025 को अपराह्न 1.00 बजे तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :–दिनांक–24.12.2025 को अपराह्न 3.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :–दिनांक–24.12.2025 को अपराह्न 3.30 बजे।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :–(क) धीक्षण अभियंता का कार्यालय, छोटानागपुर भवन अंचल संख्या–1, भवन निर्माण विभाग, राँची।
(ख) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,विशेष कार्य प्रमंडल, भवन निर्माण विभाग राँची।
6. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :–कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,विशेष कार्य प्रमंडल, भवन निर्माण विभाग, राँची।
7. निविदाद्यीन कार्य का विवरण :–

| क्र. सं | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0) | अग्रधन की राशि (रू0) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of First Floor (For Women's Trainee) and Surface Drain of New Fish Processing Building for Fisheries Training at Salimar, Dhurwa, Ranchi. | 39,18,100/- | 78,500/- | 5000/- | 6 Months |

8. निविदा की शर्तें **prdjharkhand.in** एवं कार्यालय के सूचना पट पर देखा जा सकता है ।

विश्वासभाजन
कार्यपालक अभियंता
विशेष कार्य प्रमण्डल, भ0 नि0 वि0 राँची

PR 368176 (Building)25-26*D


## कैपिटल विश्वविद्यालय का नाम यूजीसी की डिफॉल्टर सूची से हटाया गया

# छात्रों में फैला भ्रम अब हुआ दूर

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा :** कैपिटल विश्वविद्यालय से जुड़े विद्यार्थियों और अभिभावकों के लिए अच्छी खबर सामने आई है। कुछ समय पूर्व विश्वविद्यालय का नाम वत्र्क्ष की डिफॉल्टर सूची में आने से भ्रम की स्थिति पैदा हो गई थी, जिसके कारण विद्यार्थियों शैक्षणिक संभावनाओं को लेकर अनिश्चितता बढ़ गई थी। हालांकि अब विश्वविद्यालय के पक्ष से प्रस्तुत दस्तावेजों की समीक्षा के बाद वत्र्क्ष ने कैपिटल विश्वविद्यालय का नाम आधिकारिक रूप से डिफॉल्टर सूची से हटा दिया है, जिससे स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो गई है। विभागीय सत्यापन और दस्तावेजों की समीक्षा के बाद UGC ने स्पष्ट किया कि कैपिटल विश्वविद्यालय पर कोई लंबित



अनुपालन शेष नहीं है, जिसके उपरांत सूची से नाम हटा लिया गया।कुलसचिव डॉ. अजीत सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि वत्र्क्ष के मानकों के अनुरूप विश्वविद्यालय निरंतर कार्य कर रहा है। वत्र्क्ष समय-समय पर विश्वविद्यालय की समीक्षा करता रहता है और आवश्यक दस्तावेज, सूचनाएँ तथा अनुपालन बिंदुओं को समय पर प्रस्तुत किया जाता है। इसी कारण समीक्षा के बाद यह स्पष्ट हुआ कि कैपिटल विश्वविद्यालय सभी नियामक नियमों का पालन कर रही है और किसी भी प्रकार की अनियमितता नहीं पाई गई।

**नये अत्याधुनिक कैम्पस से बढ़ेगा शैक्षणिक स्तर**

डॉ. अजीत सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय अपने नए अत्याधुनिक कैंपस के विकास कार्य को भी तेजी से आगे बढ़ा रहा है। यह नया कैंपस आधुनिक शैक्षणिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए विकसित किया जा रहा है ।


## PUBLIC NOTICE

Public Notice is issued on behalf of my client Mrs.Shweta Gupta W/O BINOD KUMAR Gupta, that she purchased aproperty situated at mauza ratu p.s ratu p.s no-79 khata no 72 R.S PLOT NO- 1364 SUB PLOT NO-1364/F-2 SUB REGISTRY & DIST-RANCHI AREA ADMEASURING-5 DECMILS BY VIRTUE OF SALE DEED NO-9283/8123 DATED-06-04-2010 FROM SANTOSH SAHU AND THE SAME IS INTENDED TO BE MORTGAGED WITH PNB HOUSING FINANCE LTD BY SHWETA GUPTA, HOWEVER THE SAME ALONG FIRST PAGE(FRONT & BACK) OF SALE DEED NO-9283/8123 DATED-06-04-2010 HAS BEEN LOST/MISPLACED BY Mrs.Shweta Gupta W/O BINOD KUMAR Gupta AND A COMPLAINT REGARDING THE SAME HAS BEEN REGISTERTED WITH JAGGANATHPUR DHURWA POLICE STATION Ranchi on 06/04/2025.
IF ANY OTHER PERSON/S OR FINANCIAL INSITUTION/S ETC HAS/HAVE ANY CLAIM BY THE WAY OF LIEN, MORGATES, ETC OR ANY OTHER MANNER WHATSOEVER IN RESPECT TO SALE DEED NO 9283/8123 DATED-06-04-2010 FROM SANTOSH SAHU PROPERTY, MAY SEND THEIR CLAIM/S ALONG WITH NECESSARY DOCUMENTARY PROOF TO THE UNDERSIGNED WITHIN 15 DAYS FROM THE THE DATE HEREOF AT RAJESH RANJAN, CHAMBER CUM RESIDENCE 54 DAYA MAYEE ROAD PRAMATH NAGAR PARSUDIH JAMSHEDPUR 831002, OTHERWISE THEIR CLAIM SHALL BE DEEMED WAIVED AND MY CLIENT SHALL PROCEED.


# विधायक डॉ. नीरा यादव ने खनिज विकास निगम के कर्मियों का मामला विधानसभा में रखा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा :** कोडरमा विधायक डॉ नीरा यादव ने विधानसभा में जेएसएमडीसी में कार्यरत एवं सेवानिवृत्त हुए कर्मियों के नियमितीकरण का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य खनिज विकास निगम लि में कार्यरत सभी दैनिक वेतन भोगी कर्मियों का झारखंड उच्च न्यायालय रांची के याचिका डब्ल्यूपी 549/2019 में पारित न्यायादेश एवं ज्ञापांक 988 में तथा कार्यालय आदेश ज्ञापांक 913 के द्वारा कोडरमा में कार्यरत कर्मियों को समिति गठित कर नियमतिकरण करने का निर्देश दिया गया था। निगम के सभी दैनिक वेतनभोगी कर्मियों को नियमतिकरण का लाभ दिया गया, साथ ही कोडरमा के 2 दैनिक वेतनभोगी कर्मियों का वर्ष 2009 से नियमतिकरण कर निगम का लाभ दिया गया। परन्तु शेष 6 कर्मियों को न्यायालय के आदेश के बाद भी आज तक नियमतिकरण का लाभ नहीं दिया गय। उन्होंने सरकार से जानना चाहा कि क्या सरकार शेष 6 कर्मियों, जिनमें मूरत राम, सुखदेव यादव, रामेश्वर पंडित, बालेश्वर शर्मा, लालदेव राम और दिलीप कुमार सोनी शामिल हैं, उन्हें नियमतिकरण का लाभ देने का विचार रखती है। इसके साथ ही विधायक डॉ नीरा यादव ने जेटेट की परीक्षा नहीं होने के मामले को रखते हुए सरकार से जेटेट की परीक्षा जल्द कराने की भी मांग की।




## जिला विधिक सेवा प्राधिकार, हजारीबाग द्वारा आयोजित

### राष्ट्रीय लोक अदालत
### (दिनांक 13 दिसम्बर 2025, शनिवार, पूर्वाह्न 11.00 बजे से कार्य समाप्ति तक)

माननीय राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली के निर्देशानुसार, झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रॉची के तत्वाधान में, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, हजारीबाग के द्वारा दिनांक 13.12.2025 को 11.00 बजे पूर्वाह्न से राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया है।

अतः, आप सभी पक्षकारों से निवेदन है कि आप सभी अपने–अपने वादों का निस्तारण राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से करायें एवं इस अवसर का लाभ उठायें।

यहॉ यह उल्लेखनीय है कि दिनांक 13 दिसम्बर, 2025 के पूर्व किसी भी कार्य दिवस में न्यायालय एवं स्थाई लोक अदालत के समक्ष समझौता पूर्व बैठक के लिए स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपने मामले को सूचीबद्ध करा सकते है। उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारण योग्य वाद निम्नवत हैः–

A. प्री. लिटिगेशन मामले–सभी प्रकार के सिविल एवं आपराधिक सुलहनीय मामले,
B. न्यायालय में लंबित मामले–

| | |
|---|---|
| 1 | सुलहनीय प्रकृति के आपराधिक मामले |
| 2 | धारा 138, N.I.Act के अंतर्गत मामले |
| 3 | धन वसुली से संबंधित मामले |
| 4 | मोटरवाहन दुर्घटना मुआवजा के मामले |
| 5 | श्रम एवं रोजगार विवाद से संबंधित मामले |
| 6 | विद्युत, जल बिल एवं अन्य बिल भुगतान (सुलहनीय) से संबंधित मामले |
| 7 | पारिवारिक विवाद के मामले |
| 8 | भूमि अधिग्रहण से संबंधित मामले |
| 9 | सेवा एवं पेंशन से संबंधित मामले |
| 10 | राजस्व से संबंधित मामले |
| 11 | अन्य सिविल वाद |

इस संबंध में अधिक जानकारी हेतु मो0 सं0– 9939201624 पर संपर्क कर सकते हैं एवं विस्तृत जानकारी हेतु कार्यालय, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, व्यवहार न्यायालय, हजारीबाग से संपर्क करें।

पुलिस अधीक्षक सह सदस्य, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, हजारीबाग
उपायुक्त सह उपाध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, हजारीबाग
प्रधानजिलान्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, हजारीबाग

PR.NO.368161
Law(25-26):D


# आंगनबाड़ी केन्द्र के नये भवन का निर्माण धीमा, लोगों में बढ़ी नाराजगी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लोयाबाद :** एकड़ा हरिजन बस्ती स्थित आंगनबाड़ी केंद्र के नए भवन का निर्माण पिछली कई महीनों से धीमी रफ्तार से चल रहा है,जिससे स्थानीय लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।वर्तमान में आंगनबाड़ी केंद्र एक छोटे से कमरे में संचालित हो रहा है,जहां लगभग 35 बच्चे पढ़ते हैं।जगह की कमी और पुराने भवन की दिक्कतों को देखते हुए नया भवन प्रस्तावित किया गया था,जिसका निर्माण कार्य 11 लाख रुपये की योजना राशि से कराया जा रहा है।



स्थानीय लोगों ने बताया कि ठेकेदार की उदासीनता के कारण काम में लगातार देरी हो रही है। निमार्णाधीन भवन अधूरा पड़ा होने से बच्चों को पढ़ाई के दौरान काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है।आंगनबाड़ी सेविका व सहायिका भी सीमित जगह के कारण बच्चों को समुचित रूप से सुविधाएं नहीं दे पा रही हैं। ठेकेदार ने देरी के लिए लेबर की कमी और निर्माण सामग्री उपलब्ध नहीं होने को कारण बताया है। उनका कहना है कि पहले बालू की आपूर्ति में दिक्कत थी।बालू विक्रेता अधिक राशि मांग रहे थे,जिसके चलते काम रुका।अब लेबर उपलब्ध नहीं है,लेकिन सोमवार से फिर से काम शुरू करा दिया जाएगा।बस्ती वासियों का कहना है कि आंगनबाड़ी बच्चों के पोषण और प्रारंभिक शिक्षा के लिए महत्त्वपूर्ण केंद्र है।


## कार्यालय : जिला परिषद्, चतरा
(Mail Id- db-chatra@jharkhandmail.gov.in)
(E-mail: districtboardchatra@gmail.com)

### (ई०निविदा आमंत्रण सूचना)

ई–निविदा सूचना संख्या – 17/2025–26 दिनांकः .........................

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :

| क्र. | योजना | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 01 | प्रखण्ड–कान्हाचट्टी, पंचायत–तुलबुल, ग्राम–कन्दरी, 20 अद्द दुकानों का निर्माण। | 5608200 | 10000 | 112500 | 12 माह |
| 02 | प्रखण्ड–कान्हाचट्टी, पंचायत–चिरीदिरी, ग्राम–कान्हाचट्टी, 20 अद्द दुकानों का निर्माण। | 5608200 | 10000 | 112500 | 12 माह |

1. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 19/12/2025
2. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – 22.12.2025 से 29.12.2025 के अपराह्न 5:00 बजे तक
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 31.12.2025 पूर्वाह्न 11:00 बजे।
4. सरकार द्वारा लिए गए निर्णय के आलोक में सभी कागजात के साथ निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि online Mode द्वारा स्वीकार्य होगा।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही संबंधित निविदाकार की होगी।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता – जिला अभियंता जिला परिषद चतरा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 7717720775
10. विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, चतरा

PR 368147 District (25-26)_D

## एक झलक

### बीएड के प्रशिक्षुओं के बीच छात्र परिषद का चुनाव

**रजरप्पा (रामगढ़) :** डॉ. एस. राधाकृष्णन शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, सुकरीगढ़ा, (लारी) के बहुउद्देशीय सभागार में आज दिनांक 10/12/2025 को के बी. एड. सत्र 2024-26 के प्रशिक्षुओं के बीच छात्र परिषद का चुनाव किया गया। चुनाव उपरांत अध्यक्ष- करण कुमार, उपाध्यक्ष- अनिल कुमार, सचिव- प्रिया सिंह, उपसचिव- संगीता कुमारी तथा कोषाध्यक्ष- संजय कुमार महतो तथा उपकोषाध्यक्ष-यशोदा कुमारी चुने गए। उनको बैच लगाकर उनके सदस्यता की शपथ दिलाई गई। महाविद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव संजय कुमार प्रभाकर के द्वारा शपथ दिलाई गई तथा उनके द्वारा उन्हें अपनी कर्तव्यों को पूरी कर्तव्य निष्ठा तथा पूरी उत्तरदायित्व के साथ निर्वहन करने की सलाह दी। मौके पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सुशील कुमार उपाध्याय, नयन कुमार मिश्रा, डॉ. अशोक राम, इंदु कुमारी झा, मुरारी कुमार दुबे, सुप्रिया बर्मन, सुलेखा कुमारी तथा वरुण कुमार के साथ सभी प्रशिक्षणार्थी उपस्थित थे।

### डीएलएड के पूर्व छात्र का श्रम-प्रवर्तन पदाधिकारी के पद पर हुआ चयन

**रजरप्पा (रामगढ़) :** डॉ. एस. राधाकृष्णन शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय सुकरीगढ़ा (लारी) के डी.एल. एड. सत्र 2020-22 के प्रशिक्षु सूर्यदीप शिरोमणि ग्राम -उसरा, प्रखंड- दुलमी, रामगढ के निवासी ने जेएसएससी द्वारा संचालित झारखंड संयुक्त स्तरीय स्नातक प्रतियोगिता परीक्षा में श्रम-प्रवर्तन पदाधिकारी के रूप में चयन हुआ है। सूर्यदीप शिरोमणि के इस उपलब्धि पर महाविद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव संजय कुमार प्रभाकर ने उन्हें बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्हें शुभकामनाएँ देने वालों में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सुशील कुमार उपाध्याय, नयन कुमार मिश्रा, डॉ. अशोक राम, इंदु कुमारी झा, मुरारी कुमार दुबे, सुप्रिया बर्मन, वरुण कुमार एवं सुलेखा कुमारी प्रमुख रूप से थे।

### लोक अदालत के लिए चार बेंच गठित, प्रचार वाहन रवाना

**दरभंगा :** आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के उद्देश्य से व्यापक जागरूकता अभियान की शुरूआत आज की गई। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार शिव गोपाल मिश्र ने न्यायालय परिसर से प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि लोक अदालत के लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाना प्राथमिक लक्ष्य है और नालसा के न्याय सबके लिए अभियान को मजबूत किया जा रहा है। आगामी 13 दिसंबर को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए चार बेंचों का गठन किया गया है, जिससे मामलों के त्वरित और सरल निष्पादन में सहायता मिलेगी। उन्होंने आमजन से लोक अदालत में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की। कार्यक्रम में जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय ऋषि गुप्ता, एसडीजेएम अनुराग तिवारी, सिविल जज रोहित कुमार गुप्ता सहित कई अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री ने की प्रगति यात्रा की योजनाओं की समीक्षा

# 50 हजार करोड़ की परियोजनाओं पर तेजी से करें काम

एजेंसी

**पटना :** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को एक अणे मार्ग स्थित संकल्प में प्रगति यात्रा के दौरान घोषित विभिन्न विकास योजनाओं की उच्चस्तरीय समीक्षा की और अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी कार्य निर्धारित समय सीमा में तेजी से पूरे किए जाएं। समीक्षा बैठक में मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से बताया कि प्रगति यात्रा के दौरान 430 योजनाओं की स्वीकृति दी गई थी, जो 22 विभागों से संबंधित हैं। इन विभागों के द्वारा 428 योजनाओं की स्वीकृति दे दी गयी है। शेष 2 योजनाएं तकनीकी रूप से अनुपयुक्त पायी गयी हैं, जो जल संसाधन विभाग से संबंधित हैं। 21 योजनाओं का काम पूरा हो चुका है। शेष योजनाओं पर काम तेजी से चल रहा है और उसे समय के साथ पूरा कर लिया जायेगा। समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2024 के दिसंबर और 2025 के जनवरी-फरवरी महीने में उन्होंने प्रगति यात्रा के दौरान सभी जिलों में जाकर विकास कार्यों को देखा था। यात्रा के दौरान जो लोगों का फीडबैक मिला और जमीनी स्तर पर उन्हें जो कमी दिखी उसे पूरा करने के लिए 430 नई योजनाओं की स्वीकृति दी गई, जिस पर 50 हजार करोड़ रुपए खर्च किये जायेंगे। उन्होंने अधिकारियों से




कहा कि सभी 38 जिलों से संबंधित इन योजनाओं की लगातार समीक्षा करते रहें और कार्यों को तेजी से पूर्ण करने के लिए इसका सतत अनुश्रवण करते रहें। सभी विभाग लंबित योजनाओं पर तेजी से काम करते हुए शीघ्र पूरा करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए हमलोग लगातार प्रयत्नशील हैं। राज्य के सभी क्षेत्रों और सभी वर्गों के विकास के लिए योजनाबद्ध ढंग से काम किया जा रहा है। लोगों के उत्थान के लिए जो योजनायें बनायी गयी हैं उस पर पूरी संवेदनशीलता और तत्परता के साथ कार्य करें। हम सभी चाहते हैं कि बिहार देश के 05 अग्रणी विकसित राज्यों में शामिल हो। बैठक में राज्य के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, जल संसाधन सह संसदीय कार्यमंत्री विजय कुमार चौधरी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, विकास आयुक्त मिहिर कुमार सिंह, सभी संबंधित विभागों के अपर मुख्य सचिव/ प्रधान सचिव/सचिव, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी डॉ. गोपाल सिंह एवं मुख्यमंत्री के सचिव डॉ. चन्द्रशेखर सिंह उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मानवाधिकार दिवस पर प्रदेशवासियों को दीं शुभकामनाएं



**पटना :** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मानवाधिकार दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। अपने संदेश में उन्होंने कहा कि बिहार सरकार न्याय के साथ विकास के मूल सिद्धांत पर आगे बढ़ते हुए समाज के सभी वर्गों के समग्र विकास और उत्थान हेतु पूरी तरह संकल्पित है। उन्होंने कहा कि सरकार का सर्वोपरि उद्देश्य समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के अधिकारों की सुरक्षा करना तथा उन्हें सभी आवश्यक और मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित रूप से उपलब्ध कराना है। मुख्यमंत्री ने यह भी रेखांकित किया कि मानवाधिकारों की रक्षा तभी संभव है जब समाज का प्रत्येक व्यक्ति सुरक्षित, सम्मानित और सशक्त महसूस करे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रदेशवासियों का आह्वान किया कि इस अवसर पर हम सभी यह संकल्प लें कि मिलकर एक ऐसे स्वस्थ, समावेशी और सुदृढ़ समाज का निर्माण करेंगे।

# घर में अकेले रह रहे व्यक्ति की जघन्य हत्या



एजेंसी

**सारण :** छपरा मांझी नगर पंचायत के दक्षिण टोला में सुबह एक हृदय विदारक हुई घटना के कारण दहशत में डूब गया,जहां 55 वर्षीय सूरज प्रसाद नामक व्यक्ति की संदिग्ध और अत्यंत क्रूर परिस्थितियों में मौत हो गई। उनकी दर्दनाक मौत ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है। मृतक सूरज प्रसाद अपने घर में अकेले रहते थे जबकि उनका परिवार छपरा में रहता है। भतीजा पंकज ने बताया कि उनका शव बिस्तर के नीचे अत्यंत दर्दनाक हालत में पड़ा मिला। पंकज और ग्रामीणों के अनुसार मृतक के शरीर पर कई गंभीर निशान पाए गए हैं, जो किसी जघन्य आपराधिक कृत्य की ओर इशारा करते हैं। इसके अलावा उनके निजी अंगों के साथ क्रूरता किए जाने की भी गंभीर आशंका जताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही मांझी थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू कर दी है और मामले की हर एंगल से जांच की जा रही है। मांझी थाना पुलिस ने आम जनता से अफवाहों पर ध्यान न देने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि या जानकारी को तुरंत पुलिस तक पहुंचाने की अपील की है। पुलिस का कहना है कि यह एक गंभीर मामला है और जल्द ही इस क्रूर घटना के पीछे के दोषियों का पदार्फाश कर अपराधियों को कठोर सजा दिलायी जायेगी।

### परीक्षा देने जा रहे युवक की सड़क हादसे में मौत

**भागलपुर :** सिपाही भर्ती परीक्षा देने जा रहे दो युवक बुधवार को पुलिस जिला नवगछिया के खरीक पेट्रोल पंप के समीप सड़क दुघर्टना का शिकार हो गया। घटना के बाद बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। उसके साथ परीक्षा दिलाने जा रहे उनके चाचा गिरधारी कुमार ने उन्हें इलाज के लिए मायागंज अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां पर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान सुबोध कुमार यादव के पुत्र नीतीश कुमार के तौर पर हुआ है। घटना के बाद मायागंज हॉस्पिटल पहुंचे परिजन का रो-रोकर बुरा हाल है। घायल गिरधारी ने बताया कि बांका से परीक्षा देने के लिए नवगछिया के रास्ते बेगूसराय जा रहे थे, तभी खरीक पेट्रोल पंप के समीप ट्रक ने सामने से टक्कर मार दी।

# दहेज के लिए विवाहिता की हत्या, आरोपित पति हिरासत में

एजेंसी

**अररिया :** नगर थाना क्षेत्र के गोढ़ी चौक वार्ड संख्या नौ में 22 साल की नवविवाहिता सुधा देवी का शव साड़ी के फंदे से लटका मिला।सूचना के बाद मौके पर पुलिस समेत परिजन पहुंचे। परिजनों ने पति समेत ससुराल वालों पर दहेज के लिए हत्या का आरोप लगाया। सूचना मिलने पर नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। मृतका सुधा देवी की शादी इसी वर्ष 21 अगस्त



को गोढ़ी चौक निवासी नीतीश कुमार से हुई थी। मृतका के भाई सुबोध कुमार सिंह ने आरोप लगाया है कि शादी के कुछ दिनों बाद ही पति नीतीश कुमार और उसके परिजनों ने दहेज की मांग शुरू कर दी थी। पहले बुलेट मोटरसाइकिल की मांग की गई। यह नहीं मिलने पर पल्सर बाइक दिलवाई गई। इसके बाद सीएनजी ऑटो की मांग की गई, जिसे भी पूरा किया गया। फिर दुकान खोलने के लिए कैश रुपए मांगे गए। भाई ने आरोप लगाया कि रुपये नहीं देने पर उनके बहनोई नीतीश कुमार और ससुराल वालों ने सुधा देवी के साथ लगातार मारपीट की। परिजनों का दावा है कि फांसी पर लटकाने से पहले भी सुधा देवी को बुरी तरह पीटा गया था, जिसके बाद उसकी हत्या कर दी गई।

## अंग्रेजी नववर्ष को लेकर जंक्शन पर बढ़ायी गयी सुरक्षा और सतर्कता

**सहरसा :** अंग्रेजी नववर्ष के आगमन को लेकर समस्तीपुर रेल मंडल के निर्देश पर सहरसा जंक्शन पर सुरक्षा और सतर्कता बढ़ा दी गई है। खासकर नई दिल्ली सियालदह मुंबई से आने वाली सभी पार्सल को आरपीएफ द्वारा जांच बढ़ा दी गई है।आरपीएफ इंस्पेक्टर धनंजय कुमार यादव के नेतृत्व में बुधवार को पार्सल और पार्किंग में विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। आरपीएफ अधिकारियों के मुताबिक, नए साल के आगमन को लेकर लंबी दूरी की ट्रेनों से शराब की खेप आने की संभावना अधिक बढ़ गई है। ऐसे में पार्सल में जांच की व्यवस्था तेज कर दी गई है इसके अलावा पार्किंग में भी लगी गाड़ियों में डिक्की की जांच की जा रही है।साथ ही साथ सभी लंबी दूरी के ट्रेनों की सघन तलाशी अभियान चलाई जा रही है। ज्ञात हो कि आरपीएफ एवं उत्पाद विभाग की सजगता एवं तत्परता के कारण अब तक शराब और प्रतिबंधित कोरेक्स कफ सिरफ बरामद किया जा चुका है।

# अस्थायी बस स्टैंड निर्माण स्थल का डीडीसी ने किया निरीक्षण



एजेंसी

**भागलपुर :** जिले में बसों के सुचारू संचालन और यात्रियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने महत्वपूर्ण कदम उठाया है। डीडीसी प्रदीप कुमार ने बुधवार को जगदीशपुर प्रखंड के रिक्शाडीह में प्रस्तावित अस्थायी बस स्टैंड निर्माण स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्थल की उपलब्ध जमीन, पहुंच मार्ग और आवश्यक संरचनाओं का बारीकी से जायजा लिया। डीडीसी ने बताया कि यह निरीक्षण जिलाधिकारी के निर्देश पर किया गया है। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्र में बसों की आवाजाही और ठहराव में हो रही दिक्कतों को देखते हुए अस्थायी बस स्टैंड का निर्माण जरूरी है। इससे न सिर्फ बसों के अनियंत्रित रूप से रुकने पर रोक लगेगी, बल्कि यात्रियों को भी सुरक्षित और व्यवस्थित सुविधा मिलेगी। उन्होंने निर्देश दिया कि बस ठहराव स्थल तक पहुंचने वाले पथ का निर्माण जल्द किया जाए। साथ ही, स्थल पर स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था भी की जाएगी, ताकि रात के समय यात्रियों और बस चालकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। प्रशासन के इस कदम से आम लोगों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। रिक्शाडीह में बस स्टैंड बनने से शहर में ट्रैफिक दबाव भी कम होगा और परिवहन व्यवस्था अधिक सुव्यवस्थित हो सकेगी।

# राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर निकाली गयी जागरूकता रैली

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**भागलपुर :** जिला विधिक सेवा प्राधिकार भागलपुर द्वारा 13 दिसंबर को जिले में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। यह लोक अदालत भागलपुर व्यवहार न्यायालय परिसर, नवगछिया अनुमंडल न्यायालय और कहलगांव अनुमंडल न्यायालय परिसर में एक साथ आयोजित होगी।? इस लोक अदालत में श्रम विवाद, बिजली बिल मामले, राजस्व से जुड़े मुद्दे, सहित न्यायालय में लंबित कई प्रकार के वादों का त्वरित निपटारा किया जाएगा। राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के उद्देश्य से बुधवार को भागलपुर व्यवहार न्यायालय परिसर से जिला जज धर्मेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में एक जागरूकता रैली निकाली गई। जिला जज ने हरी झंडी दिखाकर इस रैली को




रवाना किया। जिसमें कई न्यायाधीश और न्यायालय कर्मचारी शामिल हुए। इस मौके पर जिला जज ने बताया कि यह राष्ट्रीय लोक अदालत इस वर्ष की चौथी लोक अदालत है। जिसका मुख्य उद्देश्य लोगों को उनके मामलों का आसान, सुलभ और त्वरित समाधान उपलब्ध कराना है। भागलपुर व्यवहार न्यायालय के प्रिंसिपल जज राजकुमार राजपूत ने शहरवासियों से अपील की कि यदि किसी व्यक्ति को अपने मामले या विवाद से संबंधित समाधान की आवश्यकता है तो वह लोक अदालत में अवश्य पहुंचे। यहां किसी भी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जाता और अधिकांश मामलों का उसी दिन निपटारा कर दिया जाता है। उन्होंने यह भी कहा कि इस बार प्रयास किया जा रहा है कि मोटर वाहन एक्ट के तहत ऑनलाइन जुमार्ना से संबंधित मामलों का भी निपटारा किया जा सके, ताकि लोगों को बड़ी राहत मिल सके।

# किसानों को समय पर व पारदर्शी रूप से बीज हर हाल में उपलब्ध कराया जायेगा : सुधीर मंगलेश

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**दुलमी (रामगढ़) :** दुलमी प्रखंड मुख्यालय सभागार में बिरसा फसल विस्तार योजना अंतर्गत संकुल प्रत्यक्षण कार्यक्रम हेतु शत-प्रतिशत अनुदान पर दुलमी प्रखंड को उपलब्ध बीजों के वितरण के संबंध में बैठक किया गया। बैठक में मुख्य रूप से दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश, प्रमुख रेणु देवी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार उपस्थित हुए। बैठक में बीज वितरण की प्रक्रिया, लाभुक किसानों की सूची एवं योजनाओं के सुचारू क्रियान्वयन पर विस्तृत चर्चा की गयी। बैठक के दौरान निर्णय लिया गया कि बीजों का वितरण क्लस्टर के आधार पर किया जाएगा, ताकि किसानों को



बेहतर तकनीकी समर्थन एवं सामूहिक रूप से खेती को प्रोत्साहन मिल सके। अधिकारियों ने निर्देश दिया कि पात्र किसानों को समयबद्ध एवं पारदर्शी रूप से बीज उपलब्ध कराया जाए, जिससे अधिकतम किसान इस योजना का लाभ उठा सकें। मौके पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी पंकज कुमार, मुखिया राजीव मेहता, रंजू देवी, परमेश्वर पटेल, अतीक, चुडगी देवी, संजू चौधरी, पंचायत समिति सदस्य बबीता कुमारी, गोपालप्रसाद एवं सभी कृषि मित्र उपस्थित थे।

# लोकसभा में तारिक अनवर ने उठाया बिहार में पीडीएस भंडारण का मुद्दा

एजेंसी

**कटिहार :** भारत सरकार के उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने लोकसभा में सांसद तारिक अनवर के सवाल का जवाब देते हुए बताया कि बिहार राज्य में पीडीएस की दक्षता सुनिश्चित करने के लिए कई कदम उठाए जा रहे हैं। मंत्रालय ने बताया कि एफसीआई के पास 13.43 एलएमटी की कवर्ड स्टोरेज क्षमता उपलब्ध है और बिहार में राज्य एजेंसियों के पास केंद्रीय पूल खाद्यान्न भंडार के भंडारण के लिए 10.13 एलएमटी की कवर्ड स्टोरेज क्षमता उपलब्ध है। मंत्रालय ने यह भी बताया कि भंडारण क्षमता बढ़ाने के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिनमें



निजी उद्यमी गारंटी (पीईजी) योजना, केंद्रीय क्षेत्र योजना (सीएसएस) 2017-25, सार्वजनिक निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल के तहत साइलो का निर्माण आदि शामिल हैं। सांसद तारिक अनवर ने सवाल किया था कि बिहार राज्य में पीएसीएस के माध्यम से पीडीएस के भंडारण, वितरण और दक्षता सुनिश्चित करने की वर्तमान प्रणाली की अपर्याप्तता के कारण क्या हैं और बाढ़ और सूखे जैसी आपदाओं के दौरान सहकारी समितियों के माध्यम से खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा उठाए जा रहे ठोस कदम क्या हैं। मंत्रालय ने बताया कि पीडीएस की दक्षता सुनिश्चित करने के लिए कई कदम उठाए जा रहे हैं, जिनमें गोदामों का निर्माण, अनाज की खरीद और वितरण की व्यवस्था, और पीडीएस में भ्रष्टाचार को रोकने के लिए कदम उठाना शामिल हैं। मंत्रालय ने यह भी बताया कि बाढ़ और सूखे जैसी आपदाओं के दौरान सहकारी समितियों के माध्यम से खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने कई कदम उठाए हैं, जिनमें अनाज का भंडारण, अनाज की खरीद और वितरण की व्यवस्था, और पीडीएस में भ्रष्टाचार को रोकने के लिए कदम उठाना शामिल हैं। इसके अलावा मंत्रालय ने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए सरकार द्वारा कई कदम उठाए जा रहे हैं, जिनमें खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अनाज का भंडारण, अनाज की खरीद और वितरण की व्यवस्था, और पीडीएस में भ्रष्टाचार को रोकने के लिए कदम उठाना शामिल हैं। मंत्रालय ने यह भी बताया कि पीडीएस की दक्षता सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा कई कदम उठाए जा रहे हैं, जिनमें गोदामों का निर्माण, अनाज की खरीद और वितरण की व्यवस्था, और पीडीएस में भ्रष्टाचार को रोकने के लिए कदम उठाना शामिल हैं।

# नालंदा जिले में सीवीआर एन का मॉक अभ्यास सत्र सम्पन्न

एजेंसी

**नालंदा :** नालंदा जिला अग्निशमन कार्यालय बिहारशरीफ परिसर में जिला आपदा प्रबंधन के तत्वावधान में आज बुधवार को सीवीआर एन का मॉक अभ्यास सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। यह अभ्यास जिला आपदा प्रबंधन की तैयारियों को परखने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। अभ्यास के दौरान एनडीआर एफ द्वारा एक सीवीआर एन आपदा की काल्पनिक स्थिति प्रस्तुत की गई, जिसमें इमरजेंसी इनफोर्मैस पैनल झआधारित कमांड एवं नियंत्रण व्यवस्था का प्रदर्शन किया गया। अभ्यास में यह प्रदर्शित किया गया कि सीवीआर एन घटना की स्थिति में त्वरित सूचना संप्रेषण, वैज्ञानिक प्रतिक्रिया तथा विभागीय समन्वय



किस प्रकार सुनिश्चित किया जाता है। इस मौके पर एनडीआरएफ ने विभिन्न चरणों–पहचान, शुद्धिकरण, राहत एवं प्राथमिक वर्गीकरण, सुरक्षा प्रक्रियाएँ का प्रस्तुतीकरण किया और बताया कि किसी भी सीवी आर एन घटना में प्रथम प्रतिक्रिया सबसे महत्वपूर्ण होती है। अभ्यास सत्र में आयुध निर्माण, यातायात पुलिस, स्वास्थ्य विभाग, अग्निशमन सेवा, आपदा प्रबंधन एवं नालंदा समाहरणालय के कर्मियों ने सक्रिय भागीदारी की। प्रतिभागियों ने विभागीय प्रतिक्रिया, समन्वय, संसाधन अंतराल और सुधारात्मक उपायों पर विस्तृत चर्चा की। इस कार्यक्रम में उप-कमांडेंट एनडीआरएफ 9वी बटालियन बिहटा, पटना, प्रभारी पदाधिकारी, आपदा प्रबंधन, तथा सहायक आपदा प्रबंधन पदाधिकारी नालंदा, सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# पलासी थाना से एसपी ने शुरू किया पुलिस जन संवाद कार्यक्रम

एजेंसी

**अररिया :** जन समस्याओं को शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बुधवार से अररिया एसपी अंजनी कुमार ने एक विशेष पहल शुरू की।जहां पुलिस और जनता के बीच स्वस्थ सामंजस्य तैयार करने को लेकर जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया,जिसमें दर्जनों फरियादियों ने सीधे तौर पर एसपी अंजनी कुमार के समक्ष अपनी फरियाद रखी। इससे पहले एसपी के पलासी थाना पहुंचने पर पुलिस बल द्वारा उन्हें गॉड ऑफ ऑनर देकर सम्मानित किया गया। यह आयोजन न केवल



पुलिस विभाग की परंपरा और अनुशासन का प्रतीक बना, बल्कि आम जनता के बीच पुलिस के प्रति विश्वास को भी मजबूत करता नजर आया। जनता दरबार में पलासी और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में फरियादी पहुंचे। जमीन विवाद, पारिवारिक कलह, घरेलू हिंसा, मारपीट, आपराधिक मामलों और अन्य स्थानीय समस्याओं को लेकर लोगों ने सीधे एसपी के समक्ष अपनी बात रखी। एसपी अंजनी कुमार ने फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और कई मामलों में मौके पर ही समाधान के निर्देश दिए। कुछ जटिल मामलों में संबंधित थानाध्यक्ष एवं पदाधिकारियों को निष्पक्ष और त्वरित जांच कर कार्रवाई सुनिश्चित करने का आदेश दिया गया। मौके पर एसपी अंजनी कुमार ने कहा कि जन समस्याओं का समाधान पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है। किसी भी फरियादी के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने पुलिसकर्मियों को संवेदनशीलता और पारदर्शिता के साथ काम करने की नसीहत भी दी। एसपी ने बताया कि जनसंवाद का यह कार्यक्रम सभी थाना में आयोजित किया जाएगा। पहली कड़ी में पलासी के बाद 12 दिसम्बर को भरगामा,17 दिसम्बर को घूरना,19 दिसम्बर को अररिया नगर,21 दिसम्बर को नरपतगंज, 24 दिसम्बर को फारबिसगंज और 29 दिसम्बर को रानीगंज थाना में जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा।

# विधायक ममता देवी ने तारांकित प्रश्न के माध्यम से सड़क सुदृढ़ीकरण की उठायी मांग

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**गोला (रामगढ़) :** रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र की विधायक ममता देवी ने विधानसभा के वर्तमान शीतकालीन सत्र में तारांकित प्रश्न के माध्यम से रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के गोला प्रखंड अंतर्गत संग्रामपुर बाजार टांड़ से सुथरपुर तक सड़क सुदृढ़ीकरण की मांग उठाई। इस संबंध में उन्होंने कहा कि इस मार्ग की स्थिति अत्यंत जर्जर है, जिसके कारण आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं तथा आमजन को आवाजाही में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।



ग्रामीणों ने सड़क सुदृढ़ीकरण की समस्या को लेकर विधायक ममता देवी से मुलाकात कर अपनी पीड़ा व्यक्त की थी। ग्रामीणों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए विधायक ने इस महत्वपूर्ण पथ के सुदृढ़ीकरण की मांग को लेकर सदन में दृढ़ता से उठाया तथा इस समस्या को प्रथमिकता के आधार पर पुरा कराने की मांग की।

## एक झलक

### पीसीबी ने हैदर अली सहित नौ खिलाड़ियों को बीपीएल में खेलने की दी अनुमति

**लाहौर** : पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) बलात्कार के आरोप में फंसे बल्लेबाज हैदर अली पर मेहरबान नजर आती है। इसी कारण पीसीबी ने हैदर अली पर लगाये अस्थायी निलंबन को हटाते हुए उन्हें बांग्लादेश प्रीमियर लीग (बीपीएल) खेलने की अनुमति दे दी है। हैदर पर सितंबर में मैनचेस्टर में पाक मूल की एक युवती ने बलात्कार के आरोप लगाये थे। उसके बाद से ही निलंबन के कारण हैदर प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से बाहर थे। पीसीबी ने कहा है कि हैदर सहित नौ खिलाड़ियों को बीपीएल में खेलने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) दी गयी है। बोर्ड के एक सूत्र ने बताया, ह्यह्यखिलाड़ियों को 23 जनवरी तक इस प्रतियोगिता में खेलने की अनुमति दे दी गई है। पाक की ओर से 35 टी20 अंतरराष्ट्रीय और तीन एकदिवसीय मैच खेलने वाले हैदर तब पाक ए टीम के साथ इंग्लैंड दौरे पर थे जब ब्रिटेन में जन्मी एक पाकिस्तानी महिला ने पुलिस में उनके खिलाफ बलात्कार का आरोप लगाया था। पीसीबी ने जांच के परिणाम आने तक हैदर को निलंबित कर दिया था। मैनचेस्टर पुलिस ने 25 सितंबर को यह मामला बंद कर दिया था।

### बीसीसीआई वुमन अंडर-19 टूर्नामेंट के लिए एचपीसीए की टीम घोषित

**धर्मशाला** : बीसीसीआई वुमन अंडर-19 (वनडे) एलीट टूर्नामेंट के लिए एचपीसीए ने अंडर-19 टीम की घोषणा कर दी है। टूनार्मेंट का आयोजन लखनऊ में किया जाना है। 15 सदस्यीय टीम में धन्य लक्ष्मी को कैप्टन की कमान सौंपी गई है। प्रतियोगिता में एचपीसीए की टीम 13 दिसंबर को चंडीगढ़ के खिलाफ मैदान में उतरेगी। एचपीसीए सचिव अवनीश परमार ने बताया कि चयनित टीम में दिवेशा, वंशिका शर्मा, अहाना शर्मा, कैप्टन धन्य लक्ष्मी, पल्लवी ठाकुर, अंशिका सिंह सानी, कुंजम गिरी, रिजुल राणा, भाव्यांजलि भभोरिया, भूमिका नलवा, उर्वी शर्मा, कनु प्रिया, अंशिता संदल, आर्या अग्रिहोत्री व वैभवी अग्रिहोत्री शामिल हैं। सपोर्टिंग स्टाफ में कोच तिलक राज, असिस्टेंट कोच सुनील कुमार, फिजियो मुस्कान दुबे, ट्रेनर प्रीति रानी, वीडियो एनालिस्ट आशुतोष पांडे व मैनेजर नेहा सैनी शामिल हैं। एचपीसीए सचिव अवनीश परमार ने बताया कि एचपीसीए टीम 13 दिसंबर को चंडीगढ़, 15 दिसंबर को हैदराबाद, 17 दिसंबर को जम्मू-कश्मीर, 19 दिसंबर को मुंबई व 21 दिसंबर को झारखंड के खिलाफ लखनऊ में एक दिवसीय मैच खेलेगी।

### आकाश चोपड़ा ने दी गंभीर को सलाह, सबसे लड़ाई न करें

**नयी दिल्ली** : पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर का समर्थन करते हुए कहा है कि वह पूरे जुनुन से अपनी जिम्मेदारी निभाते हैं, इसलिए कुछ मैचों में टीम की असफलता के कारण उनपर सवाल उठाने ठीक नहीं हैं। वहीं चोपड़ा ने गंभीर से भी कहा कि वह आलोचआओं को सकारात्मक लें और उनपर कठोर प्रतिक्रिया न दे।

## वेलिंगटन टेस्ट

# वेस्टइंडीज की पहली पारी 205 रन पर सिमटी

एजेंसी

**वेलिंगटन** : वेलिंगटन के बेसिन रिजर्व में खेले जा रहे दूसरे टेस्ट के पहले दिन न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज ब्लेयर टिकनर और डेब्यू कर रहे माइकल रे ने शानदार प्रदर्शन करते हुए वेस्टइंडीज की पहली पारी को 75 ओवर में 205 रन पर समेट दिया। टिकनर ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए 32 रन देकर 4 विकेट झटके, जबकि रे ने अपने डेब्यू मैच में 3 विकेट हासिल किए। हालांकि दिन के खेल के दौरान न्यूजीलैंड को झटका भी लगा, जब टिकनर 67वें ओवर में फील्डिंग के दौरान कंधे में चोट लगने के कारण स्ट्रेचर पर मैदान से बाहर ले जाए गए। उनके कंधे के डिसलोकेट होने की आशंका जताई जा रही है। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज की शुरूआत अच्छी रही। ओपनर ब्रैंडन किंग (33) और जॉन कैंपबेल (44) ने पहले विकेट के लिए 66 रन जोड़े। टिकनर ने किंग को एलबीडब्ल्यू आउट कर साझेदारी तोड़ी और इसके बाद कावेम होज को शून्य पर पवेलियन भेजा। इसके बाद कैंपबेल ने कुछ आकर्षक शॉट लगाए, लेकिन लंच तक वेस्टइंडीज का स्कोर 92/2 रहा। लंच के बाद डेब्यू कर रहे माइकल रे ने वापसी करते हुए कैंपबेल को स्लिप में कैच कराया। शाई होप (48) और रोस्टन चेज (29) ने चौथे विकेट के लिए 60 रन जोड़कर पारी को संभालने की कोशिश की। टी के समय स्कोर 175/4 था और वेस्टइंडीज अच्छी स्थिति में दिख रही थी, लेकिन अंतिम सत्र में न्यूजीलैंड के गेंदबाजों ने मैच का रुख पलट दिया। टिकनर ने होप और चेज के विकेट लेकर दबाव बनाया, जबकि माइकल रे ने जस्टिन ग्रेव्स (13) और केमार रोच (0) को आउट कर वेस्टइंडीज की कमर तोड़ दी। अंत में ग्लेन फिलिप्स और जैकब डफी ने शेष विकेट लेकर वेस्टइंडीज को 205 रन पर समेट दिया। जवाब में न्यूजीलैंड ने दिन का खेल समाप्त होने तक बिना किसी नुकसान के 9 ओवर में 24 रन बना लिए हैं। टॉम लैथम 7 रन और डेवोन कॉनवे 16 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद रहे।




**संक्षिप्त स्कोर**

वेस्टइंडीज पहली पारी- 205/10 (75 ओवर): शाई होप 48, जॉन कैंपबेल 44, ब्लेयर टिकनर 4/32, माइकल रे 3/67

न्यूजीलैंड 24/0 (9 ओवर): डेवोन कॉनवे नाबाद 16 रन, टॉम लैथम नाबाद 7 रन न्यूजीलैंड पहली पारी में अभी 181 रन पीछे है।

### एडिलेड टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम में पैट कमिंस की वापसी



**एडिलेड** : ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस की तीसरे एशेज टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम में वापसी हो गई है। यह टेस्ट 17 दिसंबर से एडिलेड ओवल में खेला जाएगा। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे टेस्ट के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की है, जिसमें कमिंस की वापसी ही एकमात्र नया बदलाव है। पैट कमिंस ने पीठ के निचले हिस्से (लंबर बैक स्ट्रेस) में चोट के कारण एशेज सीरीज के शुरूआती दो टेस्ट नहीं खेले थे। उन्होंने आखिरी बार जुलाई में वेस्टइंडीज के खिलाफ सबीना पार्क में खेले गए तीसरे टेस्ट में प्रतिस्पर्धी क्रिकेट खेला था।

## पुरुष और महिला बॉक्सिंग नेशनल्स 31 से, ग्रेटर नोएडा करेगा मेजबानी

BOXING FEDERATION OF INDIA

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : भारतीय बॉक्सिंग के इतिहास में पहली बार सीनियर एलीट पुरुष और महिला राष्ट्रीय बॉक्सिंग चैंपियनशिप का आयोजन एक साथ किया जाएगा। यह प्रतियोगिता 31 दिसंबर से 6 जनवरी 2026 तक गौतम बुद्ध यूनिवर्सिटी, ग्रेटर नोएडा में होगी। इस आयोजन में देशभर के शीर्ष पुरुष और महिला बॉक्सर एक ही मंच पर प्रतिस्पर्धा करते नजर आएंगे। पुरुष वर्ग में सर्विसेज की टीम डिफेंडिंग चैंपियन के रूप में उतरेगी, जबकि महिला वर्ग में रेलवे की टीम अपने खिताब की रक्षा करने की कोशिश करेगी। प्रतियोगिता का आधिकारिक ड्रॉ 30 दिसंबर को निकाला जाएगा, जिसके साथ ही भारत के अगले हाई-परफॉर्मेंस साइकिल की शुरूआत होगी। बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (बीएफआई) की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि देशभर की यूनिट्स पुरुष और महिला दोनों वर्गों में 10-10 वजन श्रेणियों में भाग लेंगी। प्रत्येक यूनिट को हर वजन वर्ग में केवल एक बॉक्सर उतारने की अनुमति होगी और किसी भी श्रेणी में रिजर्व खिलाड़ी नहीं रखे जा सकेंगे।

## कोहली वनडे रैंकिंग में दूसरे नम्बर पर पहुंचे, रोहित शर्मा शीर्ष पर बरकरार

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : भारतीय क्रिकेट टीम के वरिष्ठ बल्लेबाज विराट कोहली एक बार फिर दुनिया के सर्वश्रेष्ठ वनडे बल्लेबाज बनने की ओर मजबूती से बढ़ रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) की ओर से बुधवार को जारी ताजा मेंस वनडे प्लेयर रैंकिंग में कोहली ने दो स्थान की छलांग लगाते हुए दूसरा स्थान हासिल कर लिया है, जबकि रोहित शर्मा नंबर-1 की कुर्सी पर बने हुए हैं। कोहली ने पाकिस्तान के बाबर आजम के हाथों अप्रैल 2021 में वनडे बल्लेबाजों की नंबर-1 रैंकिंग गंवाई थी, लेकिन अब वह एक बार फिर शीर्ष स्थान के बेहद करीब पहुंच गए हैं। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज में शानदार प्रदर्शन के बाद कोहली को रैंकिंग में बड़ा फायदा मिला। 37 वर्षीय कोहली ने सीरीज में कुल 302 रन बनाए और उन्हें प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया। सीरीज के आखिरी मुकाबले में विशाखापत्तनम में खेली गई नाबाद 65 रन की पारी के दम पर कोहली अब रोहित शर्मा से सिर्फ आठ रेटिंग अंकों पीछे हैं। वहीं रोहित शर्मा ने सीरीज में 146 रन बनाकर अपनी नंबर-1 पोजिशन बरकरार रखी। रोहित के 781 रेटिंग अंक हैं, जबकि कोहली के 773 रेटिंग अंक हैं। भारतीय टीम अब 11 जनवरी से न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू मैदान पर तीन मैचों की वनडे सीरीज खेलेगी।



## सुशील कुमार ने नेशनल पैरा शूटिंग में जीता स्वर्ण

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : जयपुर के सुशील कुमार मीना ने छठी नेशनल पैरा शूटिंग चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए लगातार दूसरी बार स्वर्ण पदक जीता है। जीता है। सुशील ने पैरा ट्रैप स्टैंडिंग लोअर लिंब (एसजी-एल) इवेंट में 86 स्कोर के साथ ही स्वर्ण पदक हासिल किया। इस जीत के साथ ही सुशील ने देश के प्रमुख पैरा निशानेबाजों के बीच ही अपनी भी जगह बनायी है। सुशील कुमार शिक्षक हैं और निवासी पिछले कई साल से खेल के साथ-साथ शिक्षा क्षेत्र में भी अहम भूमिका निभा रहे हैं। वर्तमान में वह जयपुर जिले की बस्सी तहसील के केशरपुरा गाँव के सरकारी स्कूल में बतौर शिक्षक कार्यरत हैं।






म्यूनिख में यूईएफए चैम्पयंस लीग फुटबॉल में खेलते हुए खिलाड़ी।

## एशियन गेम्स 2026 के लिए गांधीनगर साई केन्द्र में 25 दिवसीय राष्ट्रीय कोचिंग कैंप

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : एशियन गेम्स 2026 में दमदार प्रदर्शन के लक्ष्य के साथ स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (साई) गांधीनगर केंद्र में कुराश का 25 दिवसीय सीनियर नेशनल कोचिंग कैंप जोरों पर है। यह कैंप भारत में कुराश के विकास और एशियन गेम्स 2026 में मजबूत चुनौती पेश करने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। कैंप को साई की टारगेट एशियन गेम्स ग्रुप योजना के तहत मंजूरी दी गई है। कैंप में कुल 52 सदस्य हैं, जिनमें 48 खिलाड़ी और 4 कोच शामिल हैं, जो इस राष्ट्रीय तैयारी शिविर का हिस्सा हैं। इस कैंप के संचालन के लिए 1.12 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता एसिस्टेंस टू नेशनल स्पोर्ट्स फेडरेशन योजना के तहत दी गई है। कुराश कोच डॉ. शक्ति सिंह ने सरकार और साई का आभार जताते हुए कहा, हमारे अधिकारियों ने दिन-रात मेहनत करके इस खेल को साई योजना में शामिल करवाने में अहम भूमिका निभाई है।

**उच्च स्तरीय तैयारी का केंद्र बना साई गांधीनगर**

**कैंप** का उद्देश्य खिलाड़ियों को विश्वस्तरीय प्रशिक्षण सुविधाएं, खेल विज्ञान सहायता, उपकरण, रिकवरी सपोर्ट और कोचिंग उपलब्ध कराना है। पुरुष और महिला दोनों वर्गों के खिलाड़ी सितंबर-अक्टूबर 2026 में होने वाले एशियन गेम्स के लिए व्यवस्थित तैयारी कर रहे हैं। हालांकि युवा मामले एवं खेल मंत्रालय ने कुराश की राष्ट्रीय खेल संघ (NSF) को मान्यता रद्द कर दी है, फिर भी साई यह सुनिश्चित कर रहा है कि भारतीय कुराश खिलाड़ी हाई-परफॉर्मेंस ट्रेनिंग प्राप्त करते रहें। यह कैंप संभावित सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों की पहचान करने में भी सहायक होगा, जिन्हें आगे अंतरराष्ट्रीय एक्सपोजर दिया जाएगा।



**पूर्व चयन ट्रायल और खिलाड़ियों का उत्साह**

**इस** कैंप से पहले 17-19 सितंबर 2025 को साई भोपाल में ओपन राष्ट्रीय चयन ट्रायल हुए थे, जिन्हें साई की कुराश ऑर्गनाइजिंग कमेटी ने अंतरराष्ट्रीय मानकों, एंटी-डोपिंग नियमों और वीडियो आधारित स्कोरिंग प्रणाली के साथ आयोजित किया। कैंप की कोच और दो बार की विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता ज्योति लोहीया ने बताया, ह्लसाई ने हमारे खेल को आगे बढ़ाने का मौका दिया है। गांधीनगर में खिलाड़ियों को डाइट, मेडिसिन, थेरेपी, फिजियो और मसाज जैसी सभी सुविधाएँ मिल रही हैं।

## दिनेश कार्तिक बने लंदन स्पिरिट के मेंटर और बल्लेबाजी कोच




एजेंसी

**लंदन** : भारत के पूर्व विकेटकीपर-बल्लेबाज दिनेश कार्तिक को द हंड्रेड लीग की फ्रेंचाइजी लंदन स्पिरिट (मेंस टीम) का मेंटर और बल्लेबाजी कोच नियुक्त किया गया है। कार्तिक वर्तमान में आईपीएल की मौजूदा चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के भी मेंटर हैं। द हंड्रेड में यह किसी फ्रेंचाइजी के साथ उनकी पहली भूमिका होगी। दिनेश कार्तिक का अनुभव बेहद समृद्ध रहा है। उन्होंने खिलाड़ी और कोच के रूप में आईपीएल में 250 से अधिक मैचों में हिस्सा लिया है, जबकि भारत की ओर से उन्होंने 180 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले हैं। उनका यह व्यापक अनुभव लंदन स्पिरिट के लिए काफी अहम माना जा रहा है। लंदन स्पिरिट के डायरेक्टर ऑफ क्रिकेट मो बॉबट ने फ्रेंचाइजी की ओर से जारी बयान में कहा,डीके का लंदन स्पिरिट में स्वागत करना हमारे लिए खुशी की बात है।

## एसबीयू ने जीता स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**रांची** : सरला बिरला विश्वविद्यालय की टीम ने आंध्र प्रदेश के गुंटूर में आयोजित स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन 2025 के ग्रैंड फिनाले में शानदार जीत दर्ज की। राष्ट्रीय स्तर की इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में पूरे देश से चयनित प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। विश्वविद्यालय की कुल तीन टीमें (18 प्रतिभागी) इस प्रतियोगिता के फाइनल राउंड के लिए चयनित हुई थीं, जिन्हें अलग-अलग स्थानों-गुंटूर, कोल्हापुर एवं कानपुर-में आयोजित अंतिम चरण के लिए भेजा गया था। सरला बिरला विश्वविद्यालय के एसपीओसी डॉ. मनोज पांडेय द्वारा प्रदत्त जानकारी के अनुसार, विजेता टीम में शामिल हर्ष कुमार, अंजली केशरी, हर्ष केशरी, अविनाश कुमार, रूपेश एवं प्रांशु रंजन की टीम विजेता रही। गौरतलब है कि सरला बिरला विश्वविद्यालय ने लगातार दो वर्षों तक स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन -2024 एवं 2025 (सॉफ्टवेयर संस्करण) में विजेता बनकर संस्थान का मान बढ़ाया है। राष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित प्रतियोगिता स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन में छात्र वास्तविक जीवन की समस्याओं के समाधान के लिए नवाचार प्रेरित तकनीकी समाधान का विकास करते हैं। प्रतियोगिता में रचनात्मकता के अलावा टीमवर्क और व्यावहारिक ज्ञान को बढ़ावा हासिल होता है। विवि के विद्यार्थियों की इस शानदार उपलब्धि पर एसबीयू के माननीय प्रतिकुलाधिपति बिजय कुमार दलान, माननीय महानिदेशक प्रो गोपाल पाठक, कुलपति प्रो सी जगनाथन एवं माननीय राज्यसभा सांसद डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।




## यशबर्धन के दोहरे तूफान में उड़ी दिल्ली मध्य प्रदेश ने पारी और 187 रनों से हराया

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**जबलपुर/इन्दौर** : मध्य प्रदेश ने आज जबलपुर के एमपीसीए क्रिकेट ग्राउंड, निमखेड़ा में संपन्न हुए बीसीसीआई कूच बिहार ट्रॉफी (एलीट ग्रुप) 2025-26 मुकाबले में दिल्ली को एकतरफा मुकाबले में पारी और 187 रनों के विशाल अंतर से करारी शिकस्त दी। इस जीत में सबसे बड़ा योगदान हरफनमौला खिलाड़ी यशबर्धन सिंह चौहान का रहा, जिन्होंने शतक जड़ने के साथ-साथ मैच में कुल 7 विकेट भी झटके। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी दिल्ली की टीम पहली पारी में मध्य प्रदेश के तेज आक्रमण के सामने 41 ओवर में केवल 111 रन बनाकर ढेर हो गई। मध्य प्रदेश के लिए युवराज कांग और पुष्कर विश्वकर्मा ने 3-3 विकेट झटके, जबकि यशबर्धन चौहान और मनल चौहान को 2-2 विकेट मिले। जवाब में, मध्य प्रदेश ने कप्तान मनल चौहान और यशबर्धन चौहान की शानदार पारियों की बदौलत पहली पारी में 389 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। सलामी बल्लेबाज यशबर्धन चौहान ने 146 गेंदों पर 15 चौकों और 3 छक्कों की मदद से शानदार 104 रन का शतक जड़ा। वहीं, कप्तान मनल चौहान 97 रन बनाकर दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से शतक से चूक गए।



## मेजर लीग सॉकर : लगातार दूसरी बार मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर बने लियोनेल मेसी

एजेंसी

**मियामी** : अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेसी ने लगातार दूसरी बार मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) का ह्यमोस्ट वैल्यूएबल प्लेयरह्न (एमवीपी) अवॉर्ड जीत लिया है। इंटर मियामी को एमएलएस खिताब दिलाने और लीग में सबसे ज्यादा गोल करने के शानदार प्रदर्शन के चलते मेसी को मंगलवार को यह सम्मान दिया गया। 38 वर्षीय मेसी लगातार दो बार एमएलएस एमवीपी बनने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं। इसके साथ ही वह एमएलएस इतिहास में दो बार एमवीपी जीतने वाले केवल दूसरे खिलाड़ी हैं। इससे पहले यह उपलब्धि केवल प्रेकी ने हासिल की थी, जिन्होंने 1997 और 2003 में यह पुरस्कार जीता था। मेसी ने इस सीजन के नियमित मुकाबलों में 29 गोल दागे और 19 गोल असिस्ट कर एमएलएस गोल्डन बूट अपने नाम किया। वह नियमित सत्र में गोल और असिस्ट दोनों में लीग का नेतृत्व करने वाले भी केवल दूसरे खिलाड़ी बने। इससे पहले यह कारनामा 2015 में टोरंटो एफसी के सेबास्टियन जियोविन्को ने किया था।




## प्रीति झंगियानी स्पोर्ट्स महिला बिजनेस लीडर ऑफ द ईयर पुरस्कार से सम्मानित

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : पीपल्स आर्मरेसलिंग फेडरेशन इंडिया (पीएएफआई) की अध्यक्ष, एशियन आर्मरेसलिंग फेडरेशन (एएएफ) की उपाध्यक्ष और प्रो पंजा लीग की सह-संस्थापक प्रीति झंगियानी को तीसरे सीआईआई स्पोर्ट्स बिजनेस अवॉर्ड्स 2025 में प्रतिष्ठित स्पोर्ट्स बिजनेस लीडर ऑफ द ईयर (महिला) पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह भव्य समारोह 9 दिसंबर को नई दिल्ली स्थित एक होटल में आयोजित किया गया, जो सीआईआई स्कोरकार्ड 2025 के 10वें संस्करण के साथ हुआ। इस वर्ष का मुख्य विषय वन नेशन, वन स्पोर्ट विजन रहा। सीआईआई स्पोर्ट्स बिजनेस अवॉर्ड्स देश के सबसे प्रतिष्ठित खेल व्यवसाय सम्मान समारोहों में गिने जाते हैं, जहां खेल जगत में नेतृत्व, नवाचार और प्रभाव को मान्यता दी जाती है। इससे पहले यह सम्मान जय शाह, नीता अंबानी, पार्थ जिंदल और वीटा दानी जैसी नामी हस्तियों को मिल चुका है। अब यह सम्मान प्रीति झंगियानी को भारतीय आर्मरेसलिंग को वैश्विक मंच पर मजबूती से स्थापित करने के लिए दिया गया है। जूरी ने सर्वसम्मति से प्रीति झंगियानी को भारतीय आर्मरेसलिंग के विकास में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए चुना। पीएएफआई के जरिए उनके दूरदर्शी नेतृत्व, एएएफ में उनकी अहम भूमिका और प्रो पंजा लीग के दूसरे सीजन की शानदार सफलता ने खेल को एशिया में नई पहचान दिलाई है। देशभर में संरचित प्रतियोगिताओं का आयोजन, उभरती प्रतिभाओं की खोज और उन्हें निखारने की दिशा में किए गए प्रयासों से खिलाड़ियों के लिए एक मजबूत विकास प्रणाली तैयार हुई है, जिससे भारतीय आर्मरेसलिंग को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई ऊंचाइयां मिली हैं। इस समारोह में अन्य पुरस्कार विजेताओं में राजस्थान रॉयल्स के मालिक मनोज बदाले को स्पोर्ट्स बिजनेस लीडर ऑफ द ईयर (पुरुष) चुना गया। पैरालंपिक कमेटी ऑफ इंडिया को स्पोर्ट्स फेडरेशन ऑफ द ईयर, टाटा समूह को लीगेसी ऑफ एक्सीलेंस इन स्पोर्ट्स पैट्रोनेज और तमिलनाडु को बेस्ट स्टेट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। पुरस्कार प्राप्त करने के बाद प्रीति झंगियानी ने कहा, यह सम्मान हमारे इस विश्वास को और मजबूत करता है कि भारत में आर्मरेसलिंग सही दिशा में आगे बढ़ रही है। पीएएफआई में हमारा हमेशा से लक्ष्य खिलाड़ियों के लिए एक स्थायी और मजबूत इकोसिस्टम तैयार करना रहा है। वर्षों से हम जमीनी स्तर से लेकर अंतरराष्ट्रीय मंच तक अवसर तैयार करने में लगातार काम कर रहे हैं। यह पुरस्कार हमें और अधिक प्रयास करने की प्रेरणा देता है ताकि भारतीय आर्मरेसलिंग को एशिया और दुनिया में नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जा सके।



## एक झलक

### एडीबी ने 2025-26 के लिए भारत का आर्थिक वृद्धि दर अनुमान बढ़ा कर किया 7.2 फीसदी

**नयी दिल्ली :** अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर अच्छी खबर है। एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने बुधवार को चालू वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को 6.5 फीसदी से बढ़ाकर 7.2 फीसदी कर दिया। इसकी मुख्य वजह हाल में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) दरों में कटौती से घरेलू खपत को मिली मजबूती है। एशियाई विकास बैंक ने दिसंबर के लिए जारी एशिया विकास परिदृश्य रिपोर्ट में चालू वित्त वर्ष वर्ष 2025-26 के लिए भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि के अनुमान को बढ़ाकर 7.2 फीसदी कर दिया। रिपोर्ट में कहा गया है कि सितंबर में समाप्त दूसरी तिमाही के दौरान भारत की अर्थव्यवस्था 8.2 फीसदी की दर से बढ़ी, जो पिछली छह तिमाहियों में सबसे ज?यादा है, जबकि पहली तिमाही में यह 7.8 फीसदी रही थी। इस तरह चालू वित्त वर्ष 2025-26 की पहली छमाही में भारत आठ फीसदी की वृद्धि दर हासिल कर चुका है। रिपोर्ट के मुताबिक यह मजबूत वृद्धि आपूर्ति पक्ष में विनिर्माण और सेवा क्षेत्रों के मजबूत विस्तार और मांग पक्ष में खपत एवं निवेश की वृद्धि की वजह से हुई है। एडीबी की रिपोर्ट में कहा गया है कि भारतीय अर्थव्यवस्था की यह तेज रफ्तार एशिया को भी तेजी से बढ़ने में मदद करेगी, जो इस साल 4.8 फीसदी के पिछले अनुमान के मुकाबले अब 5.1 फीसदी की दर से बढ़ सकती है। हालांकि, इस बहुपक्षीय विकास बैंक ने आगामी वित्त वर्ष 2026-27 के लिए अपने जीडीपी वृद्धि अनुमान को 6.5 पीसदी पर बरकरार रखा है।

### न्यूट्रिशनिस्ट साक्षी लालवानी ने पाम ऑयल, लेबल्स और रोजाना के न्यूट्रीशन पर मिथकों को तोड़ा



**रांची :** खाना पकाने के लिए कौन सा तेल वाकई सेहतमंद है, इसे लेकर बढ़ रही उलझन के बीच, मौजूदा पॉडकास्ट सीरीज भारतीयों को सोच-समझकर, विज्ञान-आधारित चुनाव करने में मदद करना चाहती है। एक एपिसोड में न्यूट्रिशनिस्ट साक्षी लालवानी ने खाना पकाने के तेल को चुनने, लेबल पढ़ने और खाना बनाने की सुरक्षित प्रक्रियाओं को लेकर रोजमर्रा की चिंताओं को स्पष्ट किया है। ये एपिसोड घरेलू खाने की बातचीत को फैट, पोषण और भारतीय रसोई में पाम ऑयल की महत्वपूर्ण भूमिका पर सबूत-आधारित जानकारी से जोड़ते हैं एपिसोड पर एक नजर पहले एपिसोड में, साक्षी ने पाम ऑयल की बुनियादी बातें समझाईं। उन्होंने बताया कि यह एक प्लांट-बेस्ड ऑयल है, जो ऑयल पाम के फल से निकाला जाता है। वे बताती हैं कि पाम ओलिन प्राकृतिक रूप से ट्रांस-फैट मुक्त होता है, उच्च तापमान पर स्थिर रहता है, और इसमें विटामिन ई टोकोट्राइनॉल्स होते हैं, जबकि रेड पाम ऑयल में बीटा- कैरोटीन है-जो प्रोविटामिन ए का स्रोत है। वे पाम ऑयल के संतुलित फैटी एसिड मिश्रण पर जोर देती हैं (लगभग 50% संतृप्त, 40% मोनोअनसैचुरेटेड और 10% पॉलीअनसैचुरेटेड फैट्स) और उनका कहना है कि सेहतमंद भोजन खाना पकाने की स्मार्ट आदतें हैं, न कि किसी एक तेल को पूरी तरह हटा देना। अगले एपिसोड में, उन्होंने नो पाम ऑयल लेबलों की बढ़ती मौजूदगी पर चर्चा की और बताया कि ये टैग मुख्य रूप से मार्केटिंग से प्रभावित हैं, जो स्वस्थ होने का भ्रम पैदा करते हैं, वो भी वास्तविक पोषण मूल्य को दिखाये बगैर।

# लाल निशान पर बंद हुआ शेयर बाजार



**नयी दिल्ली :** हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन बुधवार को शेयर बाजार लाल निशान पर बंद हुआ। निजी बैंकों और आईटी शेयरों में बिकवाली के बीच दोनों प्रमुख सूचकांक गिरावट के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 275 अंक टूटा, जबकि निफ्टी में 82 अंक की गिरावट रही।

बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 275.01 अंक यानी 0.32 फीसदी टूटकर 84,391.27 के स्तर पर बंद हुआ है। यह 11 नवंबर के बाद इसका सबसे निचला स्तर है। कारोबार के दौरान सेंसेक्स ने 85,020.34 के ऊपरी और 84,313.62 के निचले स्तर को छुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का 50 शेयरों वाला सूचकांक निफ्टी भी अंतिम घंटे की बिकवाली के दबाव में 81.65 अंक यानी 0.32 फीसदी गिरकर 25,758 अंक पर बंद हुआ है। बाजार में कारोबार के आखिरी घंटों में उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुओं, निजी बैंक और आईटी शेयरों में हुई बिकवाली ने शुरूआती बढ़त को खत्म कर दिया, जिससे सेंसेक्स एवं निफ्टी एक महीने के निचले स्तर पर बंद हुए। सेंसेक्स के शेयरों में इटर्नल, ट्रेंट, भारती एयरटेल, इन्फोसिस, टेक महिंद्रा, अल्ट्राटेक सीमेंट, आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक, बजाज फाइनेंस, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, लार्सन एंड टुब्रो और टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स के शेयर गिरावट में रहे। हालांकि टाटा स्टील, सन फार्मास्यूटिकल्स, आईटीसी, एनटीपीसी, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, पावरग्रिड और एशियन पेंट्स के शेयरों में बढ़त रही। इसके अलावा एशिया के अन्य बाजारों में चीन का शंघाई कंपोजिट, जापान का निक्केई, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी गिरावट में बंद हुए, जबकि हांगकांग का हैंगसेंग हरे निशान में था। अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट कच्चा तेल 0.03 फीसदी फिसलकर 61.92 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। वहीं, घरेलू शेयर बाजारों में नकारात्मक रुझान और विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी के बीच भारतीयद मुद्रा रुपया नौ पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 89.96 (अस्थायी) पर बंद हुआ।

एक दिन पहले बीएसई का सेंसेक्स 436.41 अंक यानी 0.51 फीसदी लुढककर 84,666.28 अंक पर बंद हुआ था। एनएसई का निफ्टी भी 120.90 अंक यानी 0.47 फीसदी टूटकर 25,839.65 अंक पर बंद हुआ था।

## भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता के लिए अमेरिकी दल दिल्ली में : पीयूष गोयल



**नयी दिल्ली/जयपुर :** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार को कहा कि अमेरिका के साथ प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर बातचीत आगे बढ़ रही है। टैरिफ मुद्दों पर बातचीत के लिए अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल नई दिल्ली के दो दिवसीय आधिकारिक दौरे पर है। अमेरिका के ट्रेड पर नवनियुक्त डिप्टी ट्रेड प्रतिनिधि एंबेसडर रिक स्विट्जर इसका प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री ने यहां प्रवासी राजस्थानी दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बात कही। गोयल ने अमेरिका के साथ चल रही व्यापार वार्ता को लेकर उम्मीद जताई। उन्होंने कहा कि द्विपक्षीय व्यापार समझौते की दिशा में बातचीत अच्छी तरह आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि सभी समझौते के कई अलग-अलग एंगल हैं, जिसमे कई डॉट्स जुड़े हैं। इसके साथ ही उन्होंने संकेत दिया कि दक्षिण अमेरिकी देश चिली के साथ भी व्यापार समझौते के लिए बातचीत भी जल्द ही पूरी हो जायेगी।

## स्ट्रीक्स शैम्पू हेयर कलर के लिए जसप्रीत बुमराह को बनाया गया ब्रांड एम्बेसडर




**रांची :** हाइजीनिक रिसर्च इंस्टीट्यूट (एचआरआई) के भारत के अग्रणी हेयर कलर और केयर ब्रांड स्ट्रीक्स ने अपने इनोवेटिव प्रोडक्ट स्ट्रीक्स शैंपू हेयर कलर के लिए भारत के शीर्ष तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया है। यह साझेदारी एक ऊजार्वान नए कैंपेन मैं फास्ट, स्ट्रीक्स सुपरफास्ट के साथ लॉन्च की जा रही है, जो आत्मविश्वास, गति और सहज स्टाइल का जश्न मनाता है। जसप्रीत बुमराह—अपनी स्पीड, उच्च प्रदर्शन और निरंतरता के लिए मशहूर— स्ट्रीक्स शैंपू हेयर कलर के स्पीड और गुणवत्तापूर्ण प्रदर्शन के वादे का सटीक प्रतिनिधित्व करते हैं। उनकी अनुशासित पर्सनैलिटी और व्यापक अपील उन्हें ऐसे उत्पाद की आवाज बनाती है जो क्विक, असरदार और उच्च गुणवत्ता वाले परिणामों पर आधारित है। कैंपेन का नया टीवी विज्ञापन, विचार मैं फास्ट, स्ट्रीक्स सुपरफास्ट पर आधारित है, जो इस दर्शन को एक तेज-तर्रार, परफॉर्मेंस-ड्रिवन कहानी के रूप में प्रस्तुत करता है। बुमराह के साथ यह नैरेटिव सिर्फ सुविधा तक सीमित नहीं रहता—बल्कि स्मार्ट ग्रूमिंग सुपीरियोरिटी और आधुनिक, आसान स्टाइल को नया बेंचमार्क देता है। स्ट्रीक्स शैंपू हेयर कलर जिसकी कीमत केवल 15 रूपए से शुरू होती है, शैंपू की तरह लगाने में आसान है और सिर्फ 5 मिनट में बालों को कलर करता है। यह उत्पाद भारतीय उपभोक्ताओं के लिए क्विक ग्रूमिंग सेगमेंट को नए स्वरूप में पेश कर रहा है। पश्चिम, उत्तर और पूर्व भारत में मजबूत उपस्थिति के साथ यह ब्रांड हेयर कलरिंग को लोकतांत्रिक बनाने के अपने मिशन पर अग्रसर है—इसे तेज, सुविधाजनक और लाखों लोगों के लिए अधिक सुलभ बनाते हुए।

## घरेलू सर्राफा बाजार में लगातार दूसरे दिन सस्ता हुआ सोना, चांदी की बढ़ी चमक

**नयी दिल्ली :** अमेरिकी फेडरल रिजर्व (यूएस फेड) की मॉनेटरी पॉलिसी का ऐलान होने के पहले अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने और चांदी की कीमत में लगातार उतार-चढ़ाव की स्थिति बनी हुई है। इस उतार-चढ़ाव का असर घरेलू सरार्फा बाजार में भी साफ-साफ नजर आ रहा है। सरार्फा बाजार में सोना आज लगातार दूसरे दिन मामूली गिरावट का शिकार हो गया। चांदी की कीमत में लगातार दूसरे दिन इजाफा हो गया। चेन्नई सरार्फा बाजार में आज सोना सबसे ऊंचे भाव पर बना हुआ है। सर्राफा बाजार में आज की गिरावट के कारण देश के सरार्फा बाजारों में 24 कैरेट सोना 1,29,430 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,30,090 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,18,640 रुपये से लेकर 1,19,990 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है।

## श्रम और रोजगार मंत्रालय ने माइक्रोसॉफ्ट के साथ किया अहम समझौता




**नयी दिल्ली :** श्रम और रोजगार मंत्रालय ने बुधवार को केंद्रीय मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया और माइक्रोसॉफ्ट के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सत्या नडेला की मौजूदगी में माइक्रोसॉफ्ट के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। ये समझौता रोजगार लिंकेज को बढ़ाने और एआई आधारित स्किलिंग बढ़ाने के लिए किया गया है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि यहां केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ. मांडविया और माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ नडेला की मौजूदगी में माइक्रोसॉफ्ट के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं। यह समझौता सहयोग रोजगार लिंकेज को बढ़ाने, एआई आधारित स्किलिंग बढ़ाने और भारत के कर्मचारियों को वैश्विक अवसरों के लिए तैयार करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। इस साझेदारी की एक सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह है कि माइक्रोसॉफ्ट अपने बड़े अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क से 15 हजार से अधिक कंपनियों और पार्टनर्स को श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के नेशनल करियर सर्विस (एनसीएस) प्लेटफॉर्म पर लाने के लिए काम करेगा। ये सहयोग रोजगार के अवसरों को बढ़ाने, एआई आधारित स्किलिंग (कौशल विकास) को बड़े स्तर पर ले जाने और भारत के कार्यबल को वैश्विक अवसरों के लिए तैयार करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। डॉ. मांडविया ने कहा कि माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ नडेला के साथ अच्छी बातचीत हुई। हम डिजिटल आर्किटेक्चर को मजबूत करने के लिए भारत के साथ पार्टनरशिप करने के माइक्रोसॉफ्ट के कमिटमेंट का स्वागत करते हैं। इस पार्टनरशिप से 15,000 से ज्यादा माइक्रोसॉफ्ट पार्टनर्स नेशनल करियर सर्विस पोर्टल को जॉब प्रोवाइडर के तौर पर ऑनबोर्ड कर पाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत सोशल सिक्योरिटी और वेलफेयर के लिए एक इनक्लूसिव, टेक्नोलॉजी-इनेबल्ड इकोसिस्टम बनाने के लिए कमिटेड है, जहां कोई भी पीछे न छूटे। वहीं, माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ नडेला ने भी सामाजिक सुरक्षा कवरेज के उल्लेखनीय विस्तार की सराहना की और कहा कि भारत अब 64.3 फीसदी कवरेज तक पहुंच गया है, जिससे 94 करोड़ लोगों को फायदा हुआ है।

## कोटक सिक्योरिटीज 2026 मार्केट आउटलुक : वैश्विक उथल-पुथल के बीच इक्विटी मार्केट रहेगा मजबूत, सोना और चमकेगा

kotak Mutual Fund

**जमशेदपुर :** कोटक सिक्योरिटीज लिमिटेड (कोटक नियो) ने 2026 का मार्केट आउटलुक जारी करते हुए कहा है कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच भी भारतीय शेयर बाजार मजबूत बना रहेगा। कंपनी के एमडी एवं सीईओ श्रीपाल शाह ने बताया कि भारत लगातार ग्रोथ का केंद्र बना हुआ है। कॉर्पोरेट अर्निंग के बेहतर अनुमान, स्थिर नीतिगत माहौल और युवा निवेशकों की बढ़ती भागीदारी से इक्विटी पर आउटलुक पॉजिटिव है। वहीं सोना 2026 में निवेशकों के लिए सुरक्षित विकल्प के रूप में अपनी चमक बनाए रखेगा। सेबी के सर्वे के अनुसार 63 प्रतिशत भारतीय परिवार सिक्योरिटीज प्रोडक्ट को जानते हैं, लेकिन सिर्फ 9.5 प्रतिशत ही निवेश करते हैं, जिससे बाजार में बड़ा संभावित निवेश स्पेस मौजूद है। रिपोर्ट के मुताबिक निफ्टी ने 2025 में नया ऑल टाइम हाई छुआ और लार्ज-कैप कंपनियों ने मजबूत प्रदर्शन किया। बैंकिंग, ऑटो और मेटल सेक्टर आगे रहे, जबकि आईटी और एफएमसीजी कमजोर दिखे। दिसंबर 2026 तक निफ्टी के 29,120 (बेस केस) तक पहुंचने का अनुमान जताया गया है, जबकि बुल केस में यह 32,032 तक जा सकता है। पसंदीदा सेक्टरों में बीएफएसआई, टेक्नोलॉजी, हेल्थकेयर और हॉस्पिटैलिटी शामिल हैं। बीएफएसआई कमोडिटी बाजार में 2025 के दौरान सोना 55 प्रतिशत से अधिक बढ़ा, जबकि चांदी 100 प्रतिशत तक उछली। इसके विपरीत क्रूड ऑयल 19 प्रतिशत गिरा। बेस मेटल्स इलेक्ट्रिफिकेशन की मांग के चलते मजबूत बने रहे।

## अन्विता की शादी की रात शो ने लिया चौंकानेवाला मोड़



**मुंबई :** सोनी सब का शो 'इत्ती सी खुशी' अन्विता (सुम्बुल तौकीर खान) की दिल छू लेने वाली यात्रा दिखाती है, आने वाले एपिसोड में, अन्विता की शादी की पहली रात तब बिखर जाती है, जब उसे अपनी मां हेतल (नेहा एसके मेहता) के बारे में छिपे हुए कई सच का पता चलता है। वह महिला जिसने एक समय अपने बच्चों को छोड़ दिया था, प्यार से लौटकर नहीं आई थी, बल्कि उसके पीछे एक और मकसद था। अन्विता को पता चलता है कि हेतल चुपके से अपने ससुराल में संजय की सुरक्षा में रह रही थी ताकि बच्चों को गोद लेने की प्रक्रिया सुचारू रूप से आगे बढ़ सके। हेतल का अस्थिर व्यवहार भावनात्मक गर्मजोशी से लेकर परेशानी तक अचानक बदलता है, और एक मोड़ पर वह अचानक बेहोश हो जाती है। क्लिनिक में अन्विता को बताया जाता है कि हेतल की मानसिक स्थिति अस्थिर है और उस पर सावधानी से नजर रखने की जरूरत है, जिससे अन्विता को यह पता चलता है कि उसकी मां की वापसी उसकी सोच से कहीं अधिक जटिल है और यह ठीक उस समय उसे भावनात्मक रूप से घेर लेती है जब वह अपनी नई जिंदगी की शुरूआत करना चाह रही थी। पर जब ये सारे सच उजागर होते हैं, तो एक सवाल सामने आ जाता है: क्या अन्विता की नई शुरूआत इस तूफान में टिक पाएगी, या उसका अतीत उसे फिर से नीचे खींच लेगा?

# देश के लिए मॉडल मार्केट : सूरत की अत्याधुनिक 'एलिवेटेड मार्केट' तैयार



**सूरत :** खेतीबाड़ी उत्पन्न बाजार समिति (एपीएमसी) ने गुजरात ही नहीं बल्कि पूरे देश में इतिहास रचते हुए सबसे बड़ी और अत्याधुनिक 'एलिवेटेड मार्केट' तैयार की है, जिसका लोकार्पण 13 दिसंबर को मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के हाथों किया जाएगा। सामान्यतः सब्जी मार्केट ग्राउंड फ्लोर पर होती है लेकिन सूरत में जमीन की कमी और आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर को ध्यान में रखते हुए पहली बार पूरा सब्जी बाजार पहली मंजिल पर तैयार किया गया है।

**100 फुट चौड़ा रैम्प : ट्रक और टेम्पो सीधे पहली मंज़िल तक**

**मार्केट** की सबसे खास बात इसकी अनोखी डिजाइन है। एयरपोर्ट की तर्ज पर यहां 100 फुट चौड़ा विशेष रैंप बनाया गया है, जिससे भारी वाहन-ट्रक, टेंपो- सीधे पहली मंज़िल पर दुकानों के सामने पहुंच सकते हैं। परंपरागत मार्केट में माल उतारने-चढ़ाने में समय बर्बाद होता था और ट्रैफिक की समस्या भारी पड़ती थी, लेकिन इस नई सुविधा से किसान और व्यापारी अपना माल सीधे दुकान के दरवाजे पर उतार सकेंगे। इससे समय और मेहनत दोनों की भारी बचत होगी। भारत के कृषि मार्केट सेक्टर में यह इंफ्रास्ट्रक्चर एक क्रांतिकारी कदम माना जा रहा है।

**108 हाई-टेक दुकानें, गोदाम और दो-दो ऑफिस : पूरी तरह बिजनेस फ्रेंडली**

**नयी** एलिवेटेड मार्केट में कुल 108 बड़ी दुकानें बनाई गई हैं। हर दुकान के साथ—बड़ा गोदाम, दो ऑफिस और बाहर माल रखने की पर्याप्त जगह जैसी सुविधाएं दी गई हैं ताकि हाजिरी, बोली और व्यापार प्रक्रिया बिना किसी रुकावट के हो सके। सूरत एपीएमसी आज गुजरात की सीमाओं से बाहर निकलकर देश भर में बड़ा ट्रेडिंग हब बन चुकी है। देश के 15 राज्यों से व्यापारी यहां सब्जी और फल बेचने आते हैं। हर दिन करीब 15,000 किसान-व्यापारी-फेरियाओं की आवाजाही रहती है। इसका वार्षिक टर्नओवर 3700 करोड़ रुपये है, जो पूरे गुजरात में एपीएमसी में सबसे अधिक है। यह मार्केट राज्य के अर्थतंत्र में बड़ा योगदान दे रही है।

**कचरे से बनेगी सीएनजी : ग्रीन एनर्जी की ओर बड़ा कदम**

**सब्जी** मार्केट में निकलने वाले खराब सब्जी और कचरे के निस्तारण के लिए मार्केट में बायोगैस प्लांट बनाया गया है। इसमें बेकार सब्जियां और कचरे को डालकर सीएनजी गैस तैयार की जाती है। पर्यावरण संरक्षण की दिशा में यह बेहद मजबूत और सराहनीय पहल है।

**देशभर के लिए मॉडल मार्केट : एपीएमसी चेयरमैन**

**सूरत** एपीएमसी के चेयरमैन और विधायक संदीप देसाई ने कहा कि सूरत एपीएमसी गुजरात की सबसे अधिक टर्नओवर वाली मार्केट है। अब यह राज्य की पहली एलिवेटेड मार्केट बनी है। 100 फुट रैंप और अन्य आधुनिक सुविधाओं से व्यापार और सरल होगा। किसानों व श्रमिकों के लिए मेडिकल जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। देश के 15 राज्यों से यहां व्यापारी आते हैं, यह मार्केट पूरे देश के लिए एक मॉडल बनकर उभरेगी।

## पेज एक के शेष

**किसानों की समृद्धि ही हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता : हेमन्त...**

उन्होंने जलस्रोतों के संरक्षण और चेक डैमों की मरम्मत एवं देखरेख की आवश्यकता पर भी विशेष बल दिया। मुख्यमंत्री ने सुझाव दिया कि इन जल संरचनाओं की देखरेख की जिम्मेदारी किसानों के समूहों या जलसहिया समितियों को सौंपी जाये, ताकि स्थानीय स्तर पर स्वामित्व और जवाबदेही ; दोनों सुनिश्चित हो सकें। इस पहल से न केवल जल संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि ग्रामीण आजीविका को भी स्थायी आधार प्राप्त होगा।

**मुख्यमंत्री ने किसानों के लिए स्पेशल मोबाइल ऐप एवं कृषि पोर्टल विकसित करने के दिये निर्देश**

**मुख्यमंत्री** ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि किसानों के हित में एक विशेष मोबाइल एप्लीकेशन विकसित किया जाये। इस एप के माध्यम से राज्य के विभिन्न जिलों के किसान अपनी फसलों, आवश्यक कृषि सामग्रियों, विपणन स्थिति और बाजार सम्बन्धी जानकारी को सीधे डिजिटल माध्यम से साझा कर सकेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस डिजिटल पहल से किसानों को न केवल अपने उत्पादों के बेहतर मूल्य निर्धारण में सहायता मिलेगी, बल्कि उन्हें बाजार की वास्तविक स्थिति की अद्यतन जानकारी भी प्राप्त होगी। उन्होंने यह भी निर्देश दिये कि कृषि विभाग का एक स्थानीय पोर्टल विकसित किया जाये, जिसके माध्यम से उपभोक्ता सीधे किसानों से जुड़ कर कृषि उत्पादों की खरीद कर सकें। इस व्यवस्था से किसानों और उपभोक्ताओं के बीच एक पारदर्शी एवं लाभकारी सम्पर्क स्थापित होगा, जिससे बिचौलियों की भूमिका घटेगी और किसानों की आय में वृद्धि सुनिश्चित होगी। बैठक में मुख्यमंत्री ने राज्य में लाह, इमली, कोदो, कुटकी, चिरौंजी, महुआ, करंज, रेशम और तसर जैसे झारखंड के विशिष्ट वनोपजों के उत्पादन, प्रसंस्करण एवं विपणन को सुदृढ़ करने की आवश्यकता पर बल दिया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि इस दिशा में कार्ययोजना तैयार कर समयबद्ध रूप से क्रियान्वयन सुनिश्चित करें, ताकि राज्य के किसानों और वनोपज संग्राहकों को इसका सीधा आर्थिक लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि कृषि एवं वनोपज आधारित ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाना सरकार की प्राथमिकता है और इसके लिए सभी विभाग समन्वित रूप से कार्य करें।

**किसान पाठशाला और वीडियो आधारित प्रशिक्षण से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मिलेगी नयी दिशा**

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि झारखंड सरकार राज्य के वनोपज उत्पादों को राष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने के लिए ठोस एवं निर्णायक पहल कर रही है। सरकार का उद्देश्य न केवल इन उत्पादों के विपणन और मूल्य संवर्द्धन को बढ़ावा देना है, बल्कि राज्य के किसानों, विशेषकर ग्रामीण और वनांचल क्षेत्रों के कृषकों को आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनाना भी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार खेतिहर समुदाय को वैकल्पिक कृषि, प्रशिक्षण, तकनीकी सहयोग और विपणन के बेहतर अवसर उपलब्ध करा रही है, ताकि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नयी दिशा और गति दी जा सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि किसानों को ज्ञान और तकनीक के माध्यम से समृद्ध बनाने के लिए ह्वकिसान पाठशालाह्व जैसी पहल को सुदृढ़ किया जाये। किसानों को आधुनिक कृषि पद्धतियों, संरक्षण तकनीकों तथा नवाचारों से जोड़ने के लिए वीडियो आधारित प्रशिक्षण मॉड्यूल तैयार किये जायें, ताकि वे सम्बन्धित मूल्य संवर्द्धन की तकनीकों को व्यावहारिक रूप से अपना सकें। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि इन पहलों के माध्यम से ग्रामीण एवं जनजातीय समुदायों को उनकी परम्परागत आजीविका से जोड़ते हुए आधुनिक आर्थिक तंत्र में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जायेगी। उन्होंने अधिकारियों से अपेक्षा की, कि वे योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता और परिणामोन्मुख दृष्टिकोण अपनाया जाये, ताकि झारखंड के किसान वर्ग को प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त हो और राज्य की ग्रामीण अर्थव्यवस्था आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर हो।

बैठक में सिद्धो-कान्हू कोऑपरेटिव फेडरेशन लिमिटेड (सिद्धकोफेड) द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 एवं 2026-27 के लिए विभिन्न योजनाओं, कार्यक्रमों, बजट एवं कार्ययोजनाओं पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान लाह, बीज, तसर सहित राज्य के प्रमुख कृषि-वनोपज उत्पादों के उत्पादन, संकलन, प्रसंस्करण एवं विपणन को बढ़ावा देने से सम्बन्धित नीतिगत निर्णय लिये गये।

इस बैठक में कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, मुख्य सचिव अविनाश कुमार, सचिव अबु बकर सिद्दीक, प्रशांत कुमार, कृपानंद झा, अरवा राजकमल सहित सम्बन्धित विभागों के वरीय पदाधिकारीगण एवं आमंत्रित सदस्यगण उपस्थित रहे।

**विधानसभा में झारखंड पर्यटन विकास और निबंधन (संशोधन) विधेयक-2025 पास...**

दौरान विपक्ष और सत्ता पक्ष दोनों के विधायकों ने महत्त्वपूर्ण सुझाव रखे।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक राज सिन्हा ने धनबाद के भटिंडा फॉल का उदाहरण देते हुए कहा कि पहले वहां शूटिंग होती थी। बड़ी संख्या लोगों की आवाजाही थी। सूर्योदय और सूर्यास्त देखने के लिए लोग यहां जमा होते थे। यहां पर्यटन की अपार सम्भावनाएं हैं, लेकिन आज उसकी बदहाली से लोग रोज डूब रहे हैं। उन्होंने स्थानीय गोताखोरों को सहयोग और बंद खदानों के सौन्दर्यीकरण की मांग की और कहा कि संशोधन विधेयक को प्रवर समिति में भेजना चाहिए।

विधायक नवीन जायसवाल ने कहा कि जिस क्षेत्र में पर्यटन स्थल है, उस विधानसभा क्षेत्र के विधायक को समिति में नामित किया जाये, ताकि प्रबंधन और विकास योजनाओं को जमीन पर बेहतर तरीके से लागू किया जा सके। इसी बीच विधायक जयराम महतो ने भी सदन में संशोधन मंतव्य रखा। उन्होंने कहा कि सम्बन्धित पर्यटन क्षेत्र यदि दो जिला क्षेत्रों में आता है, तो ऐसी बातों को देखते हुए संशोधन आवश्यक है।

विधायकों के सभी सुझावों को सुनने के बाद विधेयक पर प्रतिक्रिया देते हुए प्रभारी मंत्री सुदीप्या कुमार ने स्पष्ट किया कि सरकार का मानना है कि एक छोटी और सक्षम समिति के साथ पर्यटन प्रबंधन अधिक प्रभावी होगा और झारखंड के पर्यटन उद्योग को एक नयी दिशा मिलेगी। इसी विचार को ध्यान में रखते हुए, यह विधेयक लाया गया है, जिसमें एक पर्यटन प्राधिकरण का गठन किया गया है, जो मुख्य रूप से प्रबंधन के लिए बनाये गये पर्यटन क्षेत्र के रख-रखाव और सुरक्षा की जिम्मेदारी निभायेगा।

उन्होंने कहा कि जिले के उप आयुक्त अध्यक्ष होंगे और जिला आयुक्त आयुक्त होंगे। प्रस्तावित संशोधन के तहत, पर्यटन स्थलों में एक विशेष प्रशासनिक इकाई क्षेत्र में प्रवेश करनेवाले वाहनों से कर वसूलेगी, जिससे राजस्व बढ़ाने में मदद मिलेगी। वे पर्यटन क्षेत्रों में अतिक्रमण हटाने और पार्किंग सुविधाओं का विकास करने सहित अन्य जिम्मेदारियों का निर्वहन करेंगे। नियमों के उल्लंघन पर आर्थिक दंड का भी प्रावधान है। इसलिए, इस मामले को चयन समिति के पास भेजने की कोई आवश्यकता नहीं है।

इसके साथ ही विधानसभा अध्यक्ष ने सदन पटल से विधेयक पास किया और सदन की कार्यवाही 2:40 बजे दोपहर को अगले दिन 11 दिसम्बर 2025 सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

**केन्द्रांश की राशि नहीं मिलने से अधूरी हैं नल-जल की कई योजनाएं : पेयजल मंत्री...**

प्रसाद ने बताया कि केन्द्र से अपेक्षित धन उपलब्ध नहीं होने के बावजूद राज्य सरकार अपने हिस्से की 1231 करोड़ रुपये की राशि से परियोजनाओं को गति देने का प्रयास कर रही है। इससे पहले झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के विधायक हेमलाल मुर्मू ने संथाल परगना क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति योजनाओं की खराब स्थिति पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि कई क्षेत्रों में योजनाएं चालू होते हुए भी लोगों को पीने का पानी नहीं मिल रहा है, जबकि अधूरे कार्यों के बावजूद एजेंसियों को भुगतान कर दिया गया है।

उन्होंने यह भी पूछा कि लिट्टीपाड़ा और डिप्टी पाड़ा प्रखंडों में गंगा नदी से जलापूर्ति की कोई योजना लागू की जा रही है या नहीं।

जवाब में मंत्री ने कहा कि गंगा नदी से प्रस्तावित जलापूर्ति योजनाओं की सूची वे संबंधित विधायक को उपलब्ध करा देंगे। मुर्मू ने आगे बताया कि इन दोनों प्रखंडों में 40 प्रतिशत से अधिक कार्य अधूरे पड़े हैं। इस पर मंत्री ने स्वीकार किया कि धन की कमी के कारण काम आगे नहीं बढ़ पा रहा है।

लोक जनशक्ति पार्टी-रामविलास (लोजपा-आर) के विधायक जनार्दन पासवान ने आरोप लगाया कि चतरा जिले में नल-जल योजना के तहत कोई काम नहीं हुआ है और यहां 'सिर्फ लूट' हुई है। उन्होंने मामले की जांच कराने की मांग की।

**अबुआ आवास योजना, झारखंड सरकार लाभुकों को दो किस्तों में राशि देने पर करेगी विचार...**

बताया कि हजारों लाभुकों को योजना की पहली किस्त मिल गयी है, लेकिन दूसरी किस्त जारी नहीं होने से आवास निर्माण अधूरा है। इसके कारण लोग कड़ाके की ठंड में खुले में रात बिताने को मजबूर हैं।

मंत्री ने स्पष्ट किया कि विधानसभा चुनाव के बाद केन्द्र सरकार से प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत एक बार फंड मिला था, लेकिन उसके बाद धन राशि नहीं मिली। इसी वजह से राज्य सरकार अबुआ आवास की दूसरी किस्त जारी करने में सक्षम नहीं है। उन्होंने बताया कि सरकार को 24 लाख आवेदन प्राप्त हुए हैं और तीन हजार करोड़ रुपये की व्यवस्था की गयी है, जिसमें से 12 अरब रुपये जिलों को वितरित किये जा चुके हैं।

नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने सुझाव दिया कि लाभुकों को दो किस्तों में राशि दी जाये, ताकि उनका घर समय पर पूरा हो सके। उन्होंने इंदिरा आवास योजना का उदाहरण देते हुए कहा कि कई किस्तों में भुगतान की शिकायतें पहले भी रही हैं।

मंत्री ने कहा कि सरकार इस सुझाव पर गम्भीरता से विचार करेगी। साथ ही, उन्होंने यह भी कहा कि यदि केन्द्र सरकार पीएम आवास योजना की राशि बढ़ा कर दो लाख रुपये कर दे, तो यह जनता के हित में बेहतर कदम होगा।

**टाटा कमांड एरिया में सम्पत्ति की रजिस्ट्री बंद होने की शिकायत पर होगी कार्रवाई : मंत्री...**

ऐसे में कैसे कार्रवाई की जा सकती है। इस पर विधायक पूर्णिमा साहु ने कहा कि मामले में जो उन्हें उत्तर प्राप्त हुआ है, उसमें अस्वीकारात्मक लिखा है। इसका अर्थ है कि सम्पत्ति की रजिस्ट्री बंद नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि टाटा कमांड एरिया में पिछले 60-70 वर्षों से सम्पत्ति की रजिस्ट्री हो रही थी, लेकिन बताया जा रहा है कि अब रजिस्ट्री नहीं हो रही है।

विधायक ने कहा कि इससे राजस्व की हानि हो रही है। उन्होंने मंत्री से मामले की जांच कराने की मांग की।

वहीं, मामले में जमशेदपुर पश्चिमी के जदयू विधायक सरयू राय ने कहा कि मामले में अधिकारियों की ओर से दिया गया प्रश्न का उत्तर गुमराह करनेवाला है। उन्होंने मामले में सरकार को स्थिति स्पष्ट करने की मांग की।

**प्रत्येक नागरिक की गरिमा और अधिकारों पर कोई समझौता नहीं हो सकता : राष्ट्रपति...**

राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि भारत ने सार्वभौमिक मानवाधिकार घोषणा पत्र के निर्माण में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभायी थी और उसकी मूल भावना मानव गरिमा, समानता और स्वतंत्रता भारत की संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है।

उन्होंने कहा कि संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव आम्बेडकर ने मानवाधिकार, लोकतंत्र और सामाजिक न्याय को एक दूसरे से अविभाज्य बताया था। राष्ट्रपति ने कहा कि एनएचआरसी ने हाल के वर्षों में अनुसूचित जातियों, जनजातियों, महिलाओं, बच्चों, वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगजनों से जुड़े मामलों पर विशेष ध्यान दिया है। आयोग 3000 से अधिक मामलों में स्वप्रेरणा से कार्यवाही कर चुका है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत 2047 का लक्ष्य तभी पूरा होगा जब विकास का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे।

उन्होंने कहा कि मानवाधिकार और विकास परस्पर जुड़े हैं और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास, स्वच्छ पानी, स्वच्छता और सामाजिक सुरक्षा जैसी बुनियादी सुविधाएं सभी नागरिकों तक पहुंचाना मानवाधिकारों की पूर्ति का आधार है। एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूल और पीएम श्री स्कूल जैसे संस्थानों ने वंचित वर्गों के छात्रों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध करायी है। आवास और खाद्य सुरक्षा योजनाओं से करोड़ों लोगों को लाभ मिला है, जिससे उन्हें सम्मानपूर्ण जीवन जीने का आधार मिला है। उन्होंने कहा कि हाल के श्रम सुधारों और सामाजिक सुरक्षा प्रावधानों से श्रमिकों के अधिकार और सुदृढ़ हुए हैं। सुदूर और सीमावर्ती क्षेत्रों में रहनेवाले सभी नागरिकों तक आवश्यक सुविधाएं पहुंचाना सरकार और समाज की साझा जिम्मेदारी है। समावेशी विकास का अर्थ है कि विकास की यात्रा में कोई भी व्यक्ति पीछे न रह जाये।

**अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 160 स्टेशनों का हुआ पुनर्विकास : अश्विनी...**

स्टेशन से शुरू किये गये बड़े होल्डिंग एरिया की व्यवस्था को 50-60 स्टेशनों तक विस्तारित किया गया, जिससे यात्रियों को काफी सुविधा मिली।

मंत्री ने जोर देकर कहा कि सरकार अत्यंत गंभीर और व्यवस्थित प्रयासों के साथ देश के रेलवे स्टेशनों के आधुनिक पुनर्निर्माण की दिशा में काम कर रही है, जिससे यात्रियों को सुरक्षित, सुविधाजनक और बेहतर यात्रा अनुभव मिल सके।

एक झलक

## थाईलैंड और कंबोडिया के बीच हमले शुरू

**वाशिंगटन :** थाईलैंड और कंबोडिया के बीच सीमा तनाव एक बार फिर खतरनाक मोड़ पर पहुंच गया है। जुलाई में जो युद्धविराम अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की पहल पर हुआ था, वह अब पूरी तरह टूट चुका है। दरअसल कंबोडिया का कहना है कि उसके पास कार्रवाई के अलावा और कोई ऑप्शन नहीं बचा है। जबकि थाईलैंड का मानना है कि सीमा विवाद पर बातचीत का रास्ता बंद हो चुका है। पेंसिल्वेनिया में चुनावी रैली को संबोधित कर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया कि वे एक फोन कॉल करके संघर्ष को रोक सकते हैं। उन्होंने कहा, मुझे बुरा लग रहा है, लेकिन एक फोन कॉल मेंङ्क मैं दो शक्तिशाली देशों थाईलैंड और कंबोडिया का युद्ध खत्म करा सकता हूं। बात दें कि ट्रंप ने पहले भी दावा किया था कि उन्होंने भारत-पाकिस्तान और इजरायल-ईरान जैसे कई बड़े विवादों को शांत करने में भूमिका निभाई है।

## जकार्ता में 7 मंजिला इमारत में आग, 22 लोगों की मौत

**जकार्ता :** इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता में मंगलवार को एक 7 मंजिला इमारत में भीषण आग लग गई। स्थानीय चैनल के मुताबिक, हादसे में अब तक 22 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है। इसमें 7 पुरुष और 15 महिलाएं शामिल हैं। इनमें से कुछ की मौत दम घुटने से हुई। रिपोर्ट के मुताबिक कुछ लोग अभी भी इमारत के अंदर फंसे हुए हैं, जिन्हें निकालने का काम अभी भी जारी है। जिस इमारत में आग लगी, वह टेरा ड्रोन इंडोनेशिया का दफ्तर है। यह कंपनी खनन (माइनिंग) और खेती (एग्रीकल्चर) से जुड़े कामों के लिए ड्रोन सर्वे सेवाएं देती है।

# भारत-ब्राजील नौसेनाओं के बीच क्षमता निर्माण क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर सहमति

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** ब्राजील के चार दिवसीय दौरे पर गए नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी ने बुधवार को ब्राजीलियन नेवी के कमांडर एडमिरल मार्कोस सैम्पाइओ ओल्सन से मुलाकात की। भारत-ब्राजील के बीच बढ़ते नौसैनिक सहयोग को मजबूत करने के मकसद से बातचीत हुई, जिसमें ऑपरेशनल जुड़ाव, ट्रेनिंग का आदान-प्रदान, हाइड्रोग्राफिक सहयोग, जानकारी शेयर करने और समुद्री डोमेन के बारे में जागरुकता बढ़ाने के तरीकों पर ध्यान केंद्रित किया गया।

नौसेना के मुताबिक रक्षा उद्योग, प्रौद्योगिकी विकास, नवाचार, सर्वोत्तम प्रथाओं का आदान-प्रदान और दोनों नौसेनाओं के बीच क्षमता निर्माण क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के मुद्दों पर भी बातचीत हुई। भारत और ब्राजील के बीच समुद्री साझेदारी मजबूत होने से ग्लोबल मैरीटाइम कॉमन्स ग्लोबल साउथ में स्थिरता लाने में मिलेगी। इस यात्रा का उद्देश्य भारतीय नौसेना और ब्राजील की नौसेना के बीच मजबूत और बढ़ती समुद्री साझेदारी को सुदृढ़ करना है। यह भारत-ब्राजील व्यापक सामरिक



■ नौसेना प्रमुख ने ब्राजीलियन नेवी के कमांडर से वार्ता में कई अहम मुद्दों पर ध्यान किया केन्द्रित

साझेदारी का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है। एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी 12 दिसंबर तक ब्राजील की आधिकारिक यात्रा पर हैं। यात्रा के दौरान वे ब्राजील के रक्षा मंत्री जोस मुसियो, ब्राजील सशस्त्र बलों के संयुक्त स्टाफ प्रमुख एडमिरल रेनाटो रोड्रिग्स डी अगुइर फ्रेयर के साथ विचार-विमर्श करेंगे। उनकी यह यात्रा द्विपक्षीय समुद्री सहयोग की समीक्षा करने, परिचालन-स्तरीय संबंधों को बढ़ाने और दोनों नौसेनाओं के बीच सहयोग के नए रास्ते तलाशने का मौका प्रदान करेगी। इस यात्रा में परिचालन कमांडों के साथ बैठकें, नौसैनिक अड्डों और ब्राजील की नौसेना के शिपयार्डों का दौरा भी होगा।

बातचीत के दौरान साझा समुद्री प्राथमिकताओं, नौसैनिक अंतर-संचालन, क्षमता निर्माण और व्यापक दक्षिण-दक्षिण सहयोग सहित बहुपक्षीय ढांचे के भीतर सहयोग पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। नौसेना प्रमुख की यह यात्रा समुद्री सुरक्षा, व्यावसायिक आदान-प्रदान और क्षमता निर्माण के क्षेत्रों में ब्राजील की नौसेना के साथ सहयोग बढ़ाने के लिए भारतीय नौसेना की प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है।

## 82 लाख के 11 इनामी नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण



**मुंबई :** महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में बुधवार को 11 नक्सलियों पुलिस महानिदेशक रश्मि शुक्ला की मौजूदगी में आत्मसमर्पण कर दिया है। इनमें डिवीजनल कमेटी के सदस्य, प्लाटून कमेटी के सदस्य, एरिया कमेटी के सदस्य जैसे उच्च पदस्थ नक्सली शामिल थे और इन सभी पर 82 लाख रुपये का इनाम था। इनमें से चार माओवादी हथियारों के साथ और पूरी वर्दी में मौजूद थे। कार्यक्रम में कड़ी सुरक्षा रखी गई थी। पुलिस अधीक्षक नीलोत्पल ने बताया कि नागपुर में नक्सलवादियों के आत्मसमर्पण के लिए गढ़चिरौली में पुलिस महानिदेशक रश्मि शुक्ला की अध्यक्षता में एकलव्य हाल में कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इसमें रमेश उर्फ भीमा उर्फ बाजू लेकामी (डीवीसीएम ), भीमा उर्फ सीटू उर्फ किरण हिडमा कोवासी (डीवीसीएम ), पोरीये उर्फ लकी अदामा गोटा (पीपीसीएम), रतन उर्फ सन्ना मासु ओयाम (पीपीसीएम), कमला उर्फ रागो इरिया वेलाडी (पीपीसीएम), पोरीये उर्फ कुमारी भीमा वेलाडी (एसीएम), रामजी उर्फ मुरा लच्छू पुंगाटी (एसीएम),सोनू पोडियाम उर्फ अजय, प्रकाश उर्फ पांडू पुंगाटी, सीता उर्फ जैनी टोंडे पालो और साईनाथ शंकर माडे (एओबी दलम) 11 इनामी नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया।

# भारत अंतरिक्ष क्षेत्र में देख रहा बड़ा और साहसिक सपना : शुभांशु शुक्ला

एजेंसी

**कोलकाता :** भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला, जो अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर जाने वाले पहले भारतीय अंतरिक्ष यात्री बने, ने बुधवार को कहा कि भारत अब 'बड़े और साहसिक सपने' देख रहा है और 41 वर्ष बाद मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन में कदम रखकर एक नए युग की शुरूआत कर चुका है। एएक्सियम-4 मिशन के तहत आईएसएस तक पहुंचने वाले शुभांशु शुक्ला 18 दिन के अंतरिक्ष प्रवास के बाद 17 अगस्त, 2025 को अमेरिका से भारत लौटे थे। कोलकाता स्थित इंडियन सेंटर फॉर स्पेस फिजिक्स में आयोजित एक कार्यक्रम में स्कूल के विद्यार्थियों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि 'अंतरिक्ष एक अद्भुत जगह है, जहां गहरी शांति और समय के साथ और भी मोहक होता दृश्य देखने को



मिलता है।'

उन्होंने कहा कि जितना ज्यादा समय वहां रहते हैं, उतना ज्यादा आनंद मिलता है... सच कहूं तो मेरा मन वापसी का नहीं था। शुक्ला ने बताया कि अंतरिक्ष में प्राप्त अनुभव प्रशिक्षण से बिल्कुल अलग था और वह भारत के आगामी मानव अंतरिक्ष अभियानों के लिए बेहद महत्वपूर्ण साबित होगा।

उन्होंने कहा कि भारत का अंतरिक्ष विज्ञान भविष्य बेहद उज्ज्वल है, क्योंकि देश अब 'बहुत बड़े और साहसिक सपनों' को साकार करने की दिशा में अग्रसर है। उन्होंने अपने आईएसएस मिशन को 'विजन गगनयान' की दिशा में एक 'महत्वपूर्ण सीढ़ी' बताया और कहा कि इस मिशन से जो अनुभव मिला है, वह राष्ट्रीय संपत्ति है और इसे अब डिजाइन टीमों और विशेषज्ञ समितियों द्वारा आगामी मिशनों को सही दिशा देने के लिए उपयोग किया जा रहा है।

शुक्ला ने कहा कि भारत के भविष्य के अंतरिक्ष अभियानों में मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम 'गगनयान', देश का अपना स्पेस स्टेशन 'भारतीय स्टेशन' और चांद पर मानव अभियान शामिल हैं। उन्होंने बताया कि चांद पर उतरने का लक्ष्य वर्ष 2040 तक रखा गया है और अगले 10 से 20 वर्षों में यह क्षेत्र तेजी से विकसित होगा। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए उन्होंने कहा कि ये लक्ष्य कठिन जरूर हैं, लेकिन आप जैसे युवाओं के लिए पूरी तरह संभव हैं।

## कोलकाता हवाई अड्डे पर सभी सेवाएं सामान्य

**कोलकाता :** भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) के नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे की सभी सेवाएं पूर्णतः सामान्य हैं। विमानों का आगमन और प्रस्थान सुचारू रूप से जारी है तथा यात्री सुविधा से जुड़ी सभी व्यवस्थाऐं बिना किसी अवरोध के संचालित हो रही हैं। एएआई कोलकाता हवाई अड्डे के बुधवार को जारी बयान के अनुसार, यात्रियों की निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए विमान सेवाओं, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, भूमिसेवा एजेंसियों और अन्य सभी परिचालन इकाइयों के साथ निरंतर समन्वय किया जा रहा है। चेक-इन काउंटर, सुरक्षा जांव क्षेत्र, आव्रजन विभाग और सामान बैल्ट जैसे प्रमुख यात्री स्पर्श-बिंदुओं पर अतिरिक्त कर्मियों की तैनाती की गई है ताकि यात्रियों को समय पर सहायता मिल सके।

## श्रद्धालुओं की बस राजस्थान में ट्रक से टकरायी, 04 की मौत



एजेंसी

**अहमदाबाद :** गुजरात के श्रद्धालुओं के लिए राजस्थान से एक बेहद दुखद खबर सामने आई है। सीकर जिले के फतेहपुर के पास मंगलवार देर रात खाटूश्यामजी के दर्शन के लिए जा रही वलसाड (गुजरात) की स्लीपर बस की ट्रक से भीषण टक्कर हो गई। इस दर्दनाक हादसे में अब तक 4 लोगों की मौत हो चुकी है जबकि 28 लोग घायल हुए हैं। इनमें कई की हालत गंभीर बताई जा रही है। इस भीषण

■ कुल 28 लोग घायल, इनमें से 07 की हालत गंभीर

हादसे में बस यात्री मयंक पटेल निवासी वलसाड और बस ड्राइवर कमलेश चौधरी निवासी डूंगरी महुआ, सूरत की मौके पर ही मौत हो गई और एक अन्य यात्री की मृतक की पहचान अमित के रूप में हुई है जो बागड़ झुँझुनू का बताया जा रहा है।